

7

घुटने की चोट से ...

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत



11

भागवत कथा के ...

■ वर्ष 30 अंक 298 | डाक/नगर संस्करण | ■ जबलपुर मंगलवार 29 अप्रैल 2025 | ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00


# भारत-फ्रांस के बीच 'राफेल-एम' की डील डन




नई दिल्ली। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद जारी तनाव के बीच सोमवार को भारत और फ्रांस के बीच 26 राफेल मरीन विमानों की डील हो गई है। यह डील 63,000 करोड़ रुपये में की गई है। इस डील के तहत भारतीय नौसेना के लिए फ्रांस से 26 राफेल मरीन एयरक्राफ्ट खरीदे जाएंगे। इस समझौते के भारत का प्रतिनिधित्व रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने किया। इस दौरान नौसेना के उपप्रमुख वाइस एडमिरल के. स्वामीनाथन भी मौजूद थे। भारत और फ्रांस के बीच हुए इस समझौते के तहत 22 सिंगल-सीट और 4 ट्विन-सीट विमान शामिल होंगे। इससे पाकिस्तान को करारा झटका लगने वाला है क्योंकि ये जेट आईएनएस विक्रांत पर तैनात किए जाएंगे। 1971 की जंग में भारतीय नौसेना ने पाकिस्तान की धज्जियां उड़ा दी थी। इस जेट के आने से इंडियन नेवी और ताकतवर हो जाएगी। भारत और फ्रांस के बीच 2016 में एक सौदा हुआ था, जिसके तहत पहले से ही भारतीय वायुसेना के बेड़े में 36 एयरक्राफ्ट है। भारतीय वायुसेना के राफेल जेट अंबाला और हाशिनारा इन दो बेस से ऑपरेट होंगे। इन 26 राफेल-एम की डील के साथ भारत की राफेल जेट की संख्या बढ़कर 62 हो जाएगी।

### कैसा है राफेल-एम फाइटर जेट?

राफेल-एम एक मल्टीरोल फाइटर जेट है। इसका राडार टारगेट डिटेक्शन और ट्रैकिंग के लिए बेहतरीन है। इसमें स्पेक्ट्रा इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम है जो इसे स्टेल्थ बनाता है। इसमें बीच हवा में ही रीफ्यूलिंग हो सकती है। यानी इसकी रेंज बढ़ जाएगी। राफेल-एम फाइटर आने से भारतीय समुद्री क्षेत्र में निगरानी, जासूसी, अटैक जैसे कई मिशन किए जा सकेंगे। यह फाइटर जेट एंटी-शिप वॉरफेयर के लिए बेस्ट है। इसमें प्रेसिशन गाइडेड बम और मिसाइलें लगा सकते हैं। जैसे- मेटियोर, स्कैल्प, या एक्सोसैट। इस फाइटर जेट के आने से हवा, पानी और जमीन तीनों जगहों से सुरक्षा मिलेगी। नौसेना एक देश के चारों तरफ अदृश्य कवच बना सकेगी।

## तहव्वुर राणा की कस्टडी 12 दिन बढ़ी

**नई दिल्ली।** मुंबई में 26 नवंबर, 2008 को आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा की कस्टडी 12 दिनों के लिए बढ़ गई है। तहव्वुर राणा को आज दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। एनआईए ने उसकी हिरासत बढ़ाने के लिए याचिका लगाई थी।

## पर्यावरण मंत्रालय ने टाला केरल फोर लेन टनल प्रोजेक्ट

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के कोझिकोड और वायनाड जिले के बीच फोर लेन टनल प्रोजेक्ट टाला गया है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के एक्सपर्ट पैनल ने सोमवार को प्रोजेक्ट को परमिशन देने से इनकार कर दिया। मंत्रालय ने इस पर और विचार करने की बात कही है। मंत्रालय के कहा, यह टनल पश्चिमी घाटों और वायनाड में पिछले साल आए लैंडस्लाइड से प्रभावित इलाकों के पास से गुजरती है। यदि टनल बनती है तो पर्यावरण पर बुरा असर पड़ सकता है।

## रेलवे एग्जाम्स में मंगलसूत्र-जनेऊ नहीं उतारने होंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने रेलवे भर्ती बोर्ड को धार्मिक चिन्हों को उतारने वाले नियम को हटाने का आदेश दिया है। जिसमें परीक्षा देने वाले छात्रों के कान की बाली, मंगलसूत्र, जनेऊ उतरवा दिए जाते थे। भाजपा सांसद बृजेश चौटा ने सोमवार को एक्स पर यह जानकारी दी। चौटा ने रेलवे भर्ती बोर्ड के पेरा-मेडिकल के एडमिट कार्ड का फोटो भी शेयर किया।

## कॉमनवेल्थ गेम्स में गड़बड़ी की जांच बंद

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कॉमनवेल्थ गेम्स के दौरान टेंडर देने में हुई गड़बड़ी को लेकर ईडी की क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार कर ली। इसके साथ ही सुरेश कलमाडी, ललित भनोट और कई अन्य पर दर्ज मामला बंद हो गया।

## सीमेंट गोदाम से 8.15 करोड़ की ड्रग जब्त

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने सीमेंट गोदाम से 8.15 करोड़ रुपए की मेफेड्रोन ड्रग जब्त की। मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि पिछले सप्ताह सादिक सलीम शेख नाम के व्यक्ति से 10 लाख रुपए की मेफेड्रोन बरामद हुई थी। इसके बाद सिराज को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि कालूराम चौधरी नामक व्यक्ति अपने सीमेंट गोदाम में ड्रग्स बना रहा था।

## दिल्ली भाजपाध्यक्ष को जेड सिक्योरिटी

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का सिक्योरिटी लेवल बढ़ाकर जेड कर दिया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। जेड सिक्योरिटी में सचदेवा के साथ 20 से 22 सुरक्षाकर्मी रहेंगे। इनमें चार से छह कमांडो और पुलिसकर्मी शामिल होंगे। उनके वाहनों के काफिले के साथ एक पायलट वाहन भी रहेगा।

# उनके लिए देश नहीं चुनाव जरूरी: खड़गे

## जयपुर में कांग्रेस ने निकाली संविधान बचाओ रैली

जयपुर

जयपुर के रामलीला मैदान में सोमवार को कांग्रेस की ओर से संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को संबोधित करने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दिल्ली से जयपुर आए। उनके साथ पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी आए। रैली में कांग्रेसी नेताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार किया। मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने संबोधन में कहा कि पहलगाम हमले के बाद हुई सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल तक नहीं हुए। उस दिन वे बिहार की चुनाव सभा में शामिल हुए लेकिन उन्होंने सर्वदलीय बैठक में शामिल होना जरूरी नहीं समझा। पीसीसी चीफ डोटासरा ने भी केंद्र पर हमला करते हुए कहा कि आज वो लोग कहां हैं जो एक के बदले 100 सिर लाने का दावा करते थे। मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने संबोधन में कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा था कि सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए। दिल्ली में सीडब्ल्यूसी की बैठक में भी हमने कहा था कि तुरंत सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए क्योंकि इस आतंकी हमले से देश के स्वाभिमान को धक्का लगा है। हैरानी की बात यह कि जब सर्वदलीय बैठक हुई। उस दिन पीएम मोदी बिहार की चुनावी सभा में चले गए और बैठक में नहीं आए। खड़गे ने कहा कि मोदी जी के लिए देश पहले नहीं है चुनाव पहले है। उन्होंने कहा कि यह देश की बदकिस्मती है कि सभी दलों के नेता सर्वदलीय बैठक में शामिल हुए लेकिन मोदी जी नहीं आए।



### एक रहेंगे तभी मुकाबला कर सकेंगे

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आप लोग कांग्रेस पार्टी की आइडियोलॉजी का प्रचार करो। अहमदाबाद के अधिवेशन में जो प्रस्ताव कांग्रेस ने पास किए। उन्हें ध्यान से पढ़ो और सबको बताओ। ऐसा करने से ही हम मजबूत बनेंगे और बुरी ताकतों का मुकाबला कर सकेंगे। अगर हम एक दूसरे से लड़ते रहे तो हम बर्बाद हो जाएंगे। खड़गे ने कहा कि 400 पार का दावा करने वाले आज खुद दूसरों की टांगों पर खड़े हैं। एक टांग पीडीपी की और दूसरी टांग नीतीश जी की। जब ये दोनों अलग हो जाएगी तो उन्हें नीचे गिरते देर नहीं लगेगी। अपने संबोधन के दौरान खरगे ने पीएम मोदी के उन वादों की याद दिलाई जो अभी तक पूरे नहीं किए। खरगे ने कहा कि पीएम मोदी हमेशा झूठ बोलकर देश की जनता को छलते रहे हैं।

### पार्टी लाइन से अलग टिप्पणी न करें

पहलगाम हमले को लेकर नेताओं के बयान पर विरोध के बाद कांग्रेस पार्टी ने अपने नेताओं को निर्देश जारी किया है। पार्टी ने नेताओं से कहा है कि वे इस मुद्दे पर पार्टी लाइन से परे बयान देने से बचें। पार्टी की तरफ से कहा गया है कि अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी नेताओं के बयान से नाराज हैं। कांग्रेस आलाकमान ने इस संदर्भ में जल्द ही एक आधिकारिक बयान जारी करने का ऐलान किया है। जानकारी के मुताबिक, सभी नेताओं को पहलगाम के मुद्दे पर पार्टी के रुख के मुतापबिक चलने के निर्देश दिए गए हैं। पार्टी हाई कमान की तरफ से यह फैसला पार्टी की एकता और संगठनात्मक अनुशासन को बनाए रखने के लिए लिया गया है। इसके साथ ही, पार्टी ने स्पष्ट कर दिया है कि जो नेता पार्टी लाइन से भटकेंगे, उन्हें सख्त परिणाम भुगतने होंगे।



## क्रिकेटर आर. अश्विन को पद्मश्री

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में 2025 के लिए पद्म अवॉर्ड्स दिए। साल की पहली पद्म सेरेमनी में 71 हस्तियों को पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री से सम्मानित किया गया। जबकि बाकी हस्तियों को जल्द ही एक अलग समारोह में सम्मानित किया जाएगा। सोमवार को हुई सेरेमनी में 4 पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 57 पद्म श्री पुरस्कार दिए गए। कला के क्षेत्र में साउथ फिल्मों के एक्टर अजीत, डायरेक्टर शेखर कपूर को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। वहीं गजल गायक पंकज उधास को मरणोपरांत पद्म भूषण सम्मान दिया गया। अवॉर्ड उनकी पत्नी फरीदा ने लिया। क्रिकेटर आर. अश्विन को पद्मश्री, हॉकी खिलाड़ी श्रीजेश को पद्म भूषण दिया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश हरिलाल सोनी को पद्मश्री से सम्मानित किया। राष्ट्रपति मुर्मू, हरिलाल को अवॉर्ड देने के खुद डाइस से उतरकर आईं।

**हॉकी खिलाड़ी श्रीजेश को पद्म भूषण मिला**

पद्म अवॉर्ड के लिए इस बार 30 गुमनाम हस्तियों को चुना गया है। उनमें 100 साल की लीबिया लोबो सरदेसाई भी शामिल हैं, जिन्होंने गोवा के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. विजयलक्ष्मी देशमाने को चिकित्सा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्मश्री अवॉर्ड मिला। वहीं कुवैत की योग टीचर शेखा अली को भी चिकित्सा क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। सरकार ने गणतंत्र दिवस से पहले 2025 के लिए 139 पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया था। इनमें शारदा सिन्हा, ओसामु सुजुकी समेत 13 हस्तियां को मरणोपरांत पुरस्कार दिए जा रहे हैं। 19 हस्तियों को पद्म भूषण के लिए चुना गया है। 113 हस्तियों को इस बार पद्म श्री से सम्मानित किया जाना है। पद्म पुरस्कार विजेताओं में से 23 महिलाएं हैं। इनमें 10 विदेशी/एनआरआई/पीआईओ/ओसीआई कैटेगरी के लोग भी हैं।

## सड़क हादसे में 4 युवकों की मौत

**धार।** धार के इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन पर सोमवार सुबह करीब 6 बजे स्विफ्ट कार पीछे से अज्ञात वाहन में जा घुसी। कार सवार चार युवकों की मौके पर मौत हो गई। युवक झाबुआ से शादी समारोह में धार जाने के लिए निकले थे। रास्ते में ये हादसा तिरला थाना क्षेत्र के ग्राम बलगांवडी स्थित प्रिंस होटल के पास हुआ।

## अब मैं कभी मंच पर नहीं बैठूंगा: दिग्विजय

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा है कि वह अब कभी मंच पर नहीं बैठेंगे, मंच के नीचे बैठेंगे। जब उनके बोलने की बारी आएगी, तभी वो मंच पर चढ़ेंगे। दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस नेताओं से मंच की लड़ाई खत्म करने की अपील की है। दिग्विजय सिंह सोमवार को ग्वालियर के फूलबाग में कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली को संबोधित कर रहे थे। दिग्विजय सिंह ने कहा- मैं आपसे प्रार्थना करता हूं कि मंच की लड़ाई समाप्त करें। आपसे अनुरोध करता हूं कि मैं अब कांग्रेस या किसी भी मंच पर नहीं बैठूंगा। मैं नीचे बैठ जाऊंगा। बस इतना अनुरोध है कि जब बोलने का अवसर आए, तब मुझे बुला लिया जाए। कृपया मंच की लड़ाई को समाप्त कर दीजिए। दिग्विजय सिंह ने कहा कि जो लोग लाते हैं, वे बेचारे रह जाते हैं, और हमारे लोग मंच पर आ जाते हैं। इन बातों पर ध्यान दीजिए। दरअसल, ग्वालियर में हुए कांग्रेस के इस कार्यक्रम में करीब 4 से 5 हजार नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंच पर बैठने को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में विवाद हुआ। जिसके बाद दिग्विजय सिंह ने मंच से ही ये बातें कहीं। हाल ही में कांग्रेस ने अपने कार्यक्रमों को लेकर एक गाइडलाइन बनाई थी, जिसमें ये भी तय किया गया था कि मंच पर कोई नहीं बैठेगा। सिर्फ डायस और माइक रहेगा। जिस नेता का भाषण देने का नंबर आएगा, वहीं मंच पर जाएगा, भाषण देगा और फिर नीचे आकर बैठ जाएगा। लेकिन ग्वालियर की इस रैली में इसका पालन नहीं हुआ।



## डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर अश्लीलता मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को ऑनलाइन अश्लील कंटेंट की स्ट्रीमिंग पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार और 9 ओटीटी-सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि याचिका एक गंभीर चिंता पैदा करती है। केंद्र को इस पर कुछ कदम उठाने की जरूरत है। यह मामला कार्यपालिका या विधायिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। ऐसे भी हम पर आरोप हैं कि हम कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में दखल देते हैं। फिर भी हम नोटिस जारी कर रहे हैं। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ओटीटी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कंटेंट को लेकर कुछ रेगुलेशन पहले से मौजूद हैं। सरकार और नए नियम लागू करने पर विचार कर रही है। याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट विष्णु शंकर जैन पेश हुए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार से ओटीटी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अश्लील कंटेंट पर रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता का तर्क है कि ऐसी सामग्री युवाओं और समाज पर नकारात्मक प्रभाव डालती है।

**ये गंभीर मुद्दा सरकार एक्शन ले**



### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी बोले

## नेताओं को सैल्यूट से पुलिस का मनोबल गिरेगा

मुरैना

मुरैना के हिंगौना गांव में अंबेडकर जयंती पर संजय पिप्पल की हत्या हुई। सोमवार को प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी उनके घर पहुंचे। पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार में उनके मंत्री ही अपराधियों को संरक्षण दे रहे हैं। संजय पिप्पल के मामले में भी यही हुआ है। पुलिस मंत्री के दबाव में है। पुलिस वालों की अपनी मजबूरी है। प्रदेश में कानून और व्यवस्था की हालत खराब है। खासकर मुरैना में स्थिति बहुत ही खराब है। यहां सरेआम एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी जाती है। उन्होंने कहा क्योंकि वह (संजय पिप्पल) बाबा साहब अंबेडकर की जयंती पर रैली निकाल रहा था। उसका कसूर सिर्फ इतना था कि वह डीजे बजा रहा था। पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार का अपराधियों को दिया जाने वाला संरक्षण इस प्रदेश में कानून व्यवस्था को ध्वस्त कर रहा है। प्रदेश की मुख्यमंत्री मोहन यादव को अगर कानून की बिगड़ती व्यवस्था की तस्वीर देखना है, तो वह यहां मुरैना के सुमावली में आ जाएं। जीतू पटवारी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हाल ही में एक नया फरमान जारी किया है। इसमें पुलिस वालों को विधायक और सांसदों को सैल्यूट मारना जरूरी हो गया है। यह सरासर गलत है। किसी भी सूरत में अगर ऐसा होता है तो पुलिस वाले दबाव में रहेंगे। कुछ नेता अच्छी पृष्ठभूमि से नहीं आते हैं अब ऐसे में अगर पुलिस को और विधायकों और सांसदों को सैल्यूट मानना पड़ा तो इससे उनके स्वाभिमान को ठेस लगेगी और उनका मनोबल कमजोर होगा।



## अब फुल एंड फाइनल हिसाब जरूरी

### पहलगाम हमले को लेकर पाकिस्तान पर फूटा फारूक अब्दुल्ला का गुस्सा

नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर देशभर में शोक और आक्रोश का माहौल है। पूर्व सीएम और जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला ने हमले को लेकर पाकिस्तान की निंदा की। उन्होंने कहा कि अब पाकिस्तान से वार्ता का सवाल ही नहीं उठता है। क्योंकि उन्होंने इंसानियत का कत्ल किया है। भारत ने 1947 में ही टू-नेशन थ्योरी को ख़ारिज कर दिया था और आज भी उसे मानने को तैयार नहीं है, क्योंकि देश में हिन्दू, मुसलमान, सिख, ईसाई सब एक हैं। फारूक अब्दुल्ला ने कहा, अफसोस है हमें कि हमारा पड़ोसी आज भी नहीं समझता की उसने इंसानियत का कत्ल किया है। अगर वो ये समझता इससे हम लोग पाकिस्तान में चले जाएंगे उनकी इस गलतफहमी को दूर करना है। उन्होंने कहा, हम जब 1947 में उनके साथ नहीं गए, आज क्यूं जाएंगे? हमने टू-नेशन थ्योरी तब पानी में फेंक दी थी और हम टू-नेशन थ्योरी को आज भी मानने के लिए तैयार नहीं हैं। हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई जो भी है हम सब एक है। ये समझते है की हमें वो इससे कमजोर कर देंगे। हम इससे कमजोर नहीं होंगे। हम इससे मजबूत हो रहे है और उनको अच्छा जवाब दे।



### ऐसा एक्शन लिया जाए कि...

उन्होंने कहा, पाकिस्तान कह रहा है की बातचीत होनी चाहिए। क्या होना चाहिए? मैं हर वक्त डायलॉग को फेवर करता था। मैं हर वक्त चाहता था की बातचीत हो। मगर बताइए उन लक्ष्यों को क्या कहेंगे और उनके घरवालों को क्या कहेंगे? क्या हम बात करेंगे? क्या ये इंसाफ होगा? फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि आज भारत बालाकोट नहीं चाहता है, आज भारत चाहता है की ऐसा एक्शन पाकिस्तान के खिलाफ लिया जाए कि दोबारा ऐसी घटनाएं ना हो।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की बैठक आयोजित

## अनुराग के खिलाफ कोतवाली में एफआईआर दर्ज करवाई



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद जिला शहडोल की बैठक श्रीशिव गणेश मंदिर जय स्तंभ चौक में संपन्न हुई। बैठक में भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पर्व पर विशेष पूजा कार्यक्रम के संबंध में सुनिश्चित किया गया की मंदिर में ही पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। जिसमें विशेष कर ब्राह्मण एकता परिषद के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण सपरिवार उपस्थित होकर पूजन कार्यक्रम का लाभ लेकर सहभागिता प्रदान करें। पूजन कार्यक्रम सुबह 9.00 बजे से प्रारंभ हो जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर ब्राह्मण जाति को अपमानित करने वाले फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप को लेकर विमर्श हुआ और बाद में अनुराग के खिलाफ थाना कोतवाली में प्रकरण दर्ज कराए जाने के संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया। ताकि ब्राह्मण जाति को लेकर अपमानित तरीके से अपने प्रचार प्रसार के लिए जातिगत अपमान किए जाने पर दंडात्मक कार्यवाही की जा सके ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति ब्राह्मण जाति के खिलाफ अपमानजनक व्यवहार न कर सके। विचार विमर्श के पश्चात जिला संयोजक पंडित अनिल शुक्ला के प्रस्ताव पर जम्मू कश्मीर में पूरे भारतवर्ष के विभिन्न आंचल से आए 26 पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा की गई निर्मम हत्या वाकई पर्यटकों को घायल किए जाने कर दहशत फैलाने की कायरता पूर्ण कार्यवाही की क?ी निंदा की गई प्रस्ताव किया गया कि भारत शासन में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री महोदय इस प्रकार के क? कदम उठाए ताकि इस प्रकार का दुस्साहस करते कोई ना कर सके।

प्रभावित पर्यटकों परिवारों को सा सम्मान राहत राशि की घोषणा की जाए। बैठक में ब्राह्मण एकता परिषद के जिला संयोजक पंडित अनिल शुक्ला, जिला अध्यक्ष पं.त्रिलोकी नाथ गर्ग, पं चंद्रिका प्रसाद शुक्ला, पंडित राम मिलन शर्मा, पंडित श्रीनिवास शर्मा, पंडित आर पी त्रिवेदी, पंडित लखन पांडे पंडित सुशील शर्मा पंडित बीपी द्विवेदी पंडित लोकेंद्र प्रसाद तिवारी पंडित राम प्रसाद तिवारी पंडित रघुवंश मिश्रा पंडित, पंडित देव मणि द्विवेदी, पंडित अयोध्या मिश्रा, पंडित सत्येंद्र मिश्रा पंडित कृष्ण मोहन चतुर्वेदी आदि अन्य कई लोग उपस्थित रहे। बैठक संपन्न होने के पश्चात उपस्थित सदस्यों ने थाना कोतवाली में जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराई।

### भगत सिंह काम्प्लेक्स स्थित हनुमान मंदिर से निकलेगी जायेगी भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभा यात्रा समिति शहडोल द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया है कि, भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर, हर साल की तरह इस साल भी 30 अप्रैल बुधवार को ब्राम्हण समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा शाम 4.30 बजे, भगतसिंह काम्प्लेक्स से नगर के मुख्य मार्ग राजेन्द्र टाकीज, गाँधी चौक, जैन मंदिर से होते हुए मोहनराम तालाब राम मंदिर पहुंचेगी जहाँ भगवान राम एवं भगवान परशुराम जी की पूजा व आरती के पश्चात यात्रा का समापन होगा। भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभा यात्रा समिति ने समस्त नगर वासियों एवं जिले वासियों से सभी ब्राम्हण परिवार, सपरिवार, ईष्ट मित्रों सहित शोभा यात्रा मे शामिल होने की अपील की है।

# नवीन नलकूप निर्माण कार्य प्रतिबंधित

## कलेक्टर ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश





**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. केदार सिंह ने अल्पवर्षा के कारण संभावित पेयजल संकट के निराकरण हेतु जिले में पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 के तहत आदेश जारी किया है। जारी आदेष में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के जल अभावग्रस्त क्षेत्र में किसी भी शासकीय भूमि पर स्थित जल स्त्रोतों में पेयजल तथा घरेलू प्रयोजनों को छो?कर अन्य किसी भी प्रयोजनों के लिये नहरों में प्रवाहित जल के अलावा अन्य स्त्रोतों का जल दोहन किन्ही भी साधनों द्वारा नहीं करेगा, जिले के समस्त विकासखंडों एवं नगरीय क्षेत्रों के समस्त नदी, नालों, स्टापडैम, सार्वजनिक कुओं तथा अन्य जल स्त्रोतों का उपयोग एवं घरेलू प्रयोजनों हेतु तत्काल प्रभाव से सुरक्षित किया जाता है, जिले के जल अभावग्रस्त क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति स्वयं अथवा प्राईवेट ठेकेदार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के पूर्व अनुज्ञा प्राप्त किये बिना किसी भी प्रयोजन के लिये नवीन नलकूप का निर्माण नहीं करेगा। यह आदेश शासकीय नलकूप खनन पर लागू नहीं होगा। जिन व्यक्तियों को अपनी निजी भूमि पर नलकूप खनन कार्य कराना है, उन्हें ऐसा करने के लिये निर्धारित प्रारूप में निर्धारित शुल्क के साथ, संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को आवेदन करना होगा। इस कार्य हेतु जिले के जल अभावग्रस्त क्षेत्र के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को उनके क्षेत्राधिकार के अंतर्गत सक्षम अधिकारी प्राधिकृत किया जाता है। अनुविभागीय अधिकारी अनुमति देने के पूर्व आवश्यक जांच एवं परीक्षण की कार्यवाही पूर्ण कर लेवे तथा अनुमति दिये जाने के संबंध में संबंधित क्षेत्र के सहायक यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से अभिमत अनुसंशा प्राप्त करेंगे। सार्वजनिक पेयजल स्त्रोत सूख जाने के कारण वैकल्पिक रूप से दूसरा कोई सार्वजनिक पेयजल स्त्रोत उपलब्ध नहीं होने पर जनहित में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) उस क्षेत्र के निजी पेयजल स्त्रोत को पेयजल परिरक्षण संशोधित अधिनियम 2002 के सेक्सन 4 (ए) तथा 4 (बी) के प्रावधानो के अधीन अधिग्रहण निश्चित अवधि हेतु कर सकेंगे। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध म.प्र. पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा-9 एवं भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। आदेश का प्रभावी क्रियान्वयन समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के समस्त फील्ड स्तर के अधिकारी कर्मचारी, सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों, सभी जनपद पंचायतो के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा ग्राम पंचायतो के सचिवों द्वारा अपने क्षेत्र में बिना अनुमति के बोरवेल किये जाने की सूचना संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी को दी जावेगी। जारी आदेष में कहा गया है कि यह आदेश जन संधारण की सुविधा हेतु तत्काल प्रभावशील किया जाना आवश्यक हो गया है। इसलिए इतना समय उपलब्ध नहीं है कि जन सामान्य व आमजन को उक्त सूचना की तामीली की जा सकें। अत: यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत एक पक्षीय तौर पर पारित किया जाता है।

## एक जिला एक औषधि उत्पाद (मुनगा) की उत्पादन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश राज्य औषधीय पादप बोर्ड से प्राप्त निर्देशानुसार देवारण्य योजनांतर्गत ''एक जिला एक औषधि उत्पाद'' (मुनगा) की उत्पादन, भंडारण, प्रसंस्करण, विपणन आदि विषयों पर आयुष विभाग द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र कल्याणपुर में दो दिवसीय 'मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण' 21 व 22 अप्रैल को आयोजित किया गया। जिसमें कृषि, उद्यानिकी, वन विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी एवं आयुष चिकित्सा अधिकारियों के साथ एनजीओ, एफपीओ और प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे। प्रषिक्षण में बताया गया कि मुनगा में कैल्शियम और फॉस्फोरस होता है, जो हड्डियों को स्वस्थ और मजबूत रखने में मदद करता है।

मुनगा गठिया जैसी स्थितियो ंका इलाज करने मे ंमदद कर सकता है और क्षति ग्रस्त हड्डियो ंको भी ठीक कर सकता है। इसी प्रकार अन्य जानकारियों से भी अवगत कराया गया।

## पंडित शंभूनाथ शुक्ल विवि द्वारा एक सप्ताहीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का किया गया आयोजन

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय, द्वारा कंप्यूटर साइंस एंड एप्लिकेशन विभाग, पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय, शहडोल द्वारा 14 अप्रैल से 19 अप्रैल 2024 तक ऑनलाइन एक सप्ताहीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईसीटी अकादमी, आईआईटी रु?की (इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा प्रायोजित किया गया। इस कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. रचना दुबे, डॉ. मौसमी कर, मोनिका विश्वकर्मा, संदीप गुप्ता एवं सौरभ कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. राम शंकर, कुलसचिव प्रो. आशीष तिवारी, कंप्यूटर साइंस एंड एप्लिकेशन विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार पांडे तथा ई एंड आईसीटी अकादमी, आईआईटी रु?की के प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर प्रो. संजीव मनहास की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठित विशेषज्ञों द्वारा सत्र लिए गए, जिनमें शामिल हैं। डॉ. अनुराग सिंह दृ असिस्टेंट प्रोफेसर, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग, आईआईआईटी नया रायपुर डॉ. विवेक तिवारी दृ एसोसिएट प्रोफेसर, आईआईआईटी ग्वालियर प्रो. व्रिजेन्द्र सिंह दृ प्रोफेसर, आईआईआईटी इलाहाबाद डॉ. अर्जुन चौधरी दृ डिप्टी डायरेक्टर, सेंटर फॉर साइबर सिक्योरिटी, सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा एवं आपराधिक न्याय विश्वविद्यालय डॉ. विकास सिहाग, असिस्टेंट प्रोफेसर, साइबर सिक्योरिटी, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं फोरेंसिक संकाय, सरदार पटेल पुलिस विश्वविद्यालय (2013 से सेवा में) यह कार्यक्रम तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में नवाचार को ब?ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया।

## सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का कराएं निराकरण : कलेक्टर

**शहडोल।** समय-सीमा की साप्ताहित समीक्षा बैठक में कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का निराकरण संतुष्टिपूर्वक सुनिश्चित कराएं।

आपने कहा कि अप्रैल माह की शिकायत तथा जो शिकायतें 50 दिन से अधिक समय से लंबित हैं उनका निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जाए। कलेक्टर ने समाधान ऑनलाइन में चयनित विषयों की विभागवार समीक्षा करते हुए शिकायतों के निराकरण के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

## अनुकंपा नियुक्ति तथा न्यायालयीन प्रकरणों की कलेक्टर ने की समीक्षा



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** समय-सीमा की साप्ताहित समीक्षा बैठक में कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय पर जवाबदावा प्रस्तुत करें। आपने अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि रोस्टर के अनुसार प्रकरणों की समीक्षा कर अनुकंपा नियुक्ति की नस्ती प्रस्तुत करें। जिससे अनुकंपा नियुक्ति की कार्यवाही सम्पादित की जा सके। समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर ज्योति परस्ते, भागीरथी लहरे सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को निर्देश दिए कि गांव-गांव में तथा शहरी क्षेत्रों में बच्चों के वजन एवं लंबाई की माप कर कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों की पहचान करें तथा एनआरसी में भेजकर भर्ती कराएं एवं उपचार कराएं।

## व्यायाम शिक्षक पी.एस. राजपूत निलंबित

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** वनाधिकार अधिनियम 2006 नियम 2008 के अंतर्गत वनग्राम सिमरधा विकासखंड समनापुर में 26 अप्रैल 2025 को एक महत्वपूर्ण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य वनाधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु गठित टास्क फोर्स की उपस्थिति में प्रगति की समीक्षा करना था। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के मंत्री, जनजातीय कार्य विभाग के प्रमुख सचिव, तथा अनेक गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सम्मिलित हुए। इस आयोजन के सफल संचालन हेतु जनजातीय कार्य विभाग की ओर से प्रतिनिधित्व कर रहे पी.एस. राजपूत, व्यायाम शिक्षक (मूलत: माध्यमिक शिक्षक वर्ग-2 सेवा श्रेणी-संवर्ग तृतीय अराजपत्रित) द्वारा कार्यक्रम में लापरवाही बरती गई। आदेश में उल्लेख किया गया है कि राजपूत का यह कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत है तथा शासकीय कर्तव्यों में घोर स्वेच्छाचारिता का परिचायक है। कलेक्टर मारव्या द्वारा जारी आदेश के अनुसार, पी.एस. राजपूत को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम-1966 के नियम-9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## जल गंगा संवर्धन चौपाल एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** गोपालपुर के ग्राम लालपुर सानी ग्वारी नाला में आज जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एक चैपाल एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामवासियों के साथ बैठक कर जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के महत्व पर चर्चा की गई। नवांकुर संस्था, परिवर्तन समग्र ग्रामीण विकास संस्थान समिति और लालपुर सानी के सदस्य भुवन सिंह मरावी (अध्यक्ष), सम्मेलाल लाल मरावी (सामाजिक कार्यकर्ता) द्वारा ग्रामीणों को बताया गया कि कैसे जल स्त्रोतों को संरक्षित करके गांव को समृद्ध बनाया जा सकता है, ताकि भविष्य में जल संकट से बचा जा सके। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि जैसे हम अपने बच्चों की देखभाल करते हैं, वैसे ही हमें अपने गांव के जल स्त्रोतों और पर्यावरण का संरक्षण करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में ग्रामवासियों और नवांकुर संस्था के सदस्यों ने ग्वारी नाला की सफाई की।

## ब्लॉक कांग्रेस ने पहलगाम मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर द्वारा बैठक आयोजित कर विगत दिनों जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला में मारे गए पर्यटकों की याद में अशोक पड़वार जिला कांग्रेस कमेटी डिंडौरी के नेतृत्व में कैंडिल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि देते हुए सरकार की सुरक्षा पर भी सवाल उठाया गया। इसके साथ ही आयोजित बैठक में जिला कांग्रेस कार्यकारिणी के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं के नाम सुझाए गए। बैठक में सभी मंडलम अध्यक्षों को वार्ड एवं पंचायत स्तर की कमेटी गठन करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महेंद्र ठाकुर, ब्लॉक प्रभारी तोक सिंह मरावी, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राय सिंह मरकाम, आदिवासी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष केवल कृष्ण नेटी, संगठन मंत्री शाहिद तुर्क, मंडलम अध्यक्ष अमरपुर संदीप शाह परस्ते, आदिवासी कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजेश पाटले, खालिद खान, मकसूद मंसूरी, महामंत्री ग्रीस सैयाम, सेक्टर अध्यक्ष ओमप्रकाश उद्दे, शान मंसूरी, लियाकत अली, हरे सिंह पट्टा, गोविंद विश्वकर्मा आदि कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण भारी संख्या में मौजूद रहे।



## कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर मारव्या की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर वैद्यनाथ वासनिक सहित समस्त राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में नक्शा तरमीम, बंटवारा, रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण सहित विभिन्न राजस्व मामलों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नक्शा तरमीम, बटवारा, नामांतरण और रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण के प्रकरणों का शीघ्रता से निपटारा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से हल किया जाए ताकि नागरिकों को समय पर राहत मिल सके। भूमि विवादों के शीघ्र निराकरण, राजस्व वसूली और नियमित फील्ड निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए गए। साथ ही यह कहा कि कार्य में लापरवाही या अनावश्यक विलंब को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बैठक में आगामी महीनों में विशेष अभियान चलाकर राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने तथा राजस्व वसूली के लक्ष्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। अधिकारियों को नागरिकों से जु? राजस्व कार्यों में संवेदनशीलता और पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा।

## अतिथि शिक्षकों की जानकारी अपडेट कराने कलेक्टर को लिखा पत्र

डिंडौरी।

शासकीय शिक्षक संगठन के जिला अध्यक्ष राम कुमार गर्ग ने कलेक्टर एवं मिशन संचालक, सर्व शिक्षा अभियान डिंडौरी को पत्र लिखकर जिले में कार्यरत सभी अतिथि शिक्षकों की जानकारी यू-डाईस प्लस पोर्टल पर शीघ्र अपलोड करवाने की मांग की है। संगठन ने अपने पत्र के साथ राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा जारी निर्देशों की प्रति भी संलग्न की है। इसमें उल्लेख किया गया है कि जिले के सभी बीआरसी जनपद शिक्षा केन्द्रों के माध्यम से अतिथि शिक्षकों का विवरण एक सप्ताह के भीतर पोर्टल पर अपलोड किया जाए। शिक्षक संगठन ने कहा है कि इस प्रक्रिया के पूर्ण होने से शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी और भविष्य की योजनाओं के क्रियान्वयन में सुविधा होगी।

# नवाचारी शिक्षकों को मिला अटल शिक्षा रत्न और गिजुभाई सम्मान



### विद्यालयों में रचा आनंद का माहौल

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** जिले के शिक्षक संदर्भ समूह द्वारा विद्यालयों को आनंद घर बनाने वाले नवाचारी एवं रचनात्मक शिक्षकों को अटल शिक्षा रत्न सम्मान एवं गिजुभाई शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती जी के पूजन वंदन तथा गिजुभाई के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। राज्य समन्वयिका उमा उपाध्याय ने समूह के उद्देश्य और गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि यह समूह शिक्षकों का नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने वाला मंच है। जिला समन्वयिका सुनीता नामदेव ने समूह की कार्यप्रणाली को बताते हुए कहा कि हमारा प्रयास भयमुक्त और आनंदपूर्ण विद्यालय वातावरण तैयार करना है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

समूह के संरक्षक संजय तिवारी ने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे आत्म-सम्मान और आत्म-संतुष्टि के लिए कार्य करें तथा बच्चों को उनकी रुचियों के अनुरूप सीखने के अधिक से अधिक अवसर दें।

इस अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित प्रश्न बैंक तैयार करने वाले शिक्षकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन राज्य समन्वयिका उमा उपाध्याय द्वारा किया गया। इस आयोजन में जिले भर के लगभग 50 शिक्षकों ने सहभागिता कर सम्मान प्राप्त किया।

# भरपूर राशि है, तो क्यों बेची जा रही धरोहरें

## नगर निगम की बैठक में कांग्रेस का हंगामा



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नगर निगम की 2025-26 की बजट बैठक में सोमवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच हंगामा देखने को मिली। बैठक के दौरान कई बार स्थिति इतनी बिगड़ी कि नगर निगम अध्यक्ष रिंकू बिज को आसंदी से उतरकर मामला शांत कराना पड़ा। दरअसल विवाद तब शुरु हुआ जब पश्चिम विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि अभय सिंह ने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के कार्यों की चर्चा की। विपक्ष ने इस पर जब सवाल उठाया तो हंगामा शुरु हो गया।

### नहीं दी जा रही पार्षद मद की राशि

सत्ता पक्ष जहां शहर में किए गए विकास कार्यों का ब्योरा दे रहा था, वहीं विपक्षी कांग्रेस पार्षदों ने अपने वार्डों की उपेक्षा का मुद्दा उठाया। कांग्रेस पार्षद दल ने आरोप लगाया कि उनके वार्डों में विकास कार्यों के लिए पार्षद मद की राशि नहीं दी जा रही है। साथ ही उन्होंने सत्ता पक्ष पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने कहा कि सत्ता पक्ष बजट की बिंदुओं पर बात ना करके झूठी वाहवाही बटोरने के लिए कहते हैं कि बजट में कोई कमी नहीं है।

### कांग्रेस पार्षद दल ने आपत्ति ली

पश्चिम विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह द्वारा शहर विकास के लिए करोड़ों रुपए दिए गए हैं। उन्होंने ढाई से 3000 करोड़ रुपए के स्वीकृत कार्य भी गिनवाए। जिस पर कांग्रेस पार्षद दल ने आपत्ति ली। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर यह हवा-हवाई बातें प्रतीत होती है। जब कांग्रेस पार्षद दल ने कहा कि भाजपा की सरकार है और पीडब्ल्यूडी मंत्री हजारों करोड़ रुपए शहर विकास के लिए दे रहे हैं तो बजट के दूसरे बिंदुओं में नगर सत्ता रीडेंसीफिकेशन की बात क्यों आ जाती है। कांग्रेस दल ने कहा कि नगर सत्ता शहर की जमीनों को बेचकर सिर्फ 500 करोड़ रुपए के विकास कार्य करवा रही है। हमने आपत्ति जताई है कि अगर शहर विकास के लिए इतना पैसा मिल रहा है तो शहर की धरोहर यानी जायदाद बेचने की क्या जरूरत पड़ रही है जो हमारे बुजुर्गों ने धरोहर बचा कर रखी है अगर पूर्व के प्रतिनिधियों द्वारा शहर की धरोहरों को बेचा जाता तो निश्चित तौर पर हमारे पास कोई जमीन नहीं बचती।

### सदन छोड़कर भागे कांग्रेस पार्षद : महापौर



महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने नगर निगम के अध्यक्ष रिंकुंज विज, सभी एमआईसी सदस्यों और सदन के सभी पार्षद साथियों को धन्यवाद ज्ञापित कर कहा कि अध्यक्ष के द्वारा पक्ष और विपक्ष के सभी सदस्यों को सदन में अपनी बात रखने का भरपूर मौका दिया गया और गंभीरता के साथ उन सबकी बात सुनी गई। परन्तु बजट बैठक के अंतिम चरण में कांग्रेस पार्षद दल के द्वारा तथ्यहीन बातों पर हो हल्ला एवं हंगामा कर बहिष्कार किया गया और सदन छोड़कर निकल गये। जिसकी भाजपा पार्षद दल घोर निंदा करता है। महापौर श्री अन्नू ने बताया कि कांग्रेस पार्षद दल के इस कृत्य को संस्कारधानी के नागरिक कभी क्षमा नहीं करेंगे।

पहलगाम आतंकी हमले के विरुद्ध हिन्दू सेवा परिषद ने

# पाकिस्तान का निकाला अर्थी जुलूस



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हिन्दू सेवा परिषद महाकाली प्रखंड द्वारा पेंटीनाका चौक पर जोरदार प्रदर्शन पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में किया गया, जिसमें निर्दोष नागरिकों के प्राणों की नृशंस हत्या की गई। विरोध प्रदर्शन के दौरान परिषद् के कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के विरुद्ध नारेबाजी की और पाकिस्तान का झंडा सड़क पर फैलाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। इसके साथ ही पाकिस्तान के विरुद्ध अर्थी जुलूस भी निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का परिचय दिया। हिन्दू सेवा परिषद ने इस घटना की कठोर निंदा करते हुए केंद्र सरकार से आतंकवाद के विरुद्ध कठोर और निर्णायक कार्रवाई की मांग की। परिषद ने स्पष्ट कहा कि जब तक आतंकवाद को पनाह देने वाले राष्ट्र को वैश्विक मंच पर सबक नहीं सिखाया जाएगा, तब तक निर्दोषों का रक्तपात बंद नहीं होगा। इस दौरान नितिन सोनपाली, उत्कर्ष रावत, गौरव साहू, उमेश रजक, अमन शर्मा, सनी खाटीक, विजय, मोनू पिछ्ले एवं अन्य उपस्थित थे।

### आदिवासी कल्याण महासंघ ने की निंदा

अधारताल बिरसामुंडा चौक पर आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी भर्त्सना करते हुये मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस दौरान अध्यक्ष शंकरलाल गोंटिया, शैलेष सिंह लोधी, अमर कोल, अशोक गोंटिया, विनोद गोंटिया, राजेन्द्र बाबू, मीना कोल आदि समाज जन मौजूद थे।

# विशाल-विराट भव्य शोभायात्रा आज



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर ब्राहमण एकता मंच एवं भगवान परशुराम वंशज के नेतृत्व में सकल बाह्मण समाज द्वारा भव्य-विराट विशाल शोभा यात्रा का आयोजन प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के पूर्व आज मालवीय चौक से किया गया है। शोभा यात्रा सांय 5 बजे मालवीय चौक से प्रारंभ होकर सतना बिल्डिंग, सुपर मार्केट, गंजीपुरा, लार्डगंज, घमण्डी चौक, बड़ा फुव्वारा, कमानिया गेट, सराफा होते हुए कोतवाली थाने के समाने संपन्न होगी। शोभा यात्रा में बैंड एवं विप्र समाज रत्नों के तैल चित्रों के साथ विभिन्न झांकियां सम्मिलित रहेंगी, विप्र समाज आतंकवाद का विरोध करते हुए हाथों में आतंकवाद मुर्दाबाद की तख्तियां लेकर चलेगा, शोभा यात्रा में कान्यकुब्ज बाह्मण सभा, भार्गव बाहण कल्याण समिति, सनाढ्य बाह्मण सभा, सनाढ्य कल्याण परिषद, अखिल भारतीय बाह्मण महासभा, अखिल भारतीय एकीकृत परिषद, स्वंयवर संस्कार मंच, संपूर्ण ब्राहमण कल्याण महासभा, संपूर्ण ब्राहाण मंच, बाहमण मंच, विप्र सेवा मण्डल, विप्र जनेऊ मंच, महाराज परशुराम सेना। शोभा यात्रा में जगतगुरू द्वाराचार्य सुखनंदचार्य, स्वामी राघवदेवाचार्य महाराज, जगतगुरू स्वामी डॉ. नरसिंह दास जी महाराज, स्वामी चैतन्यानंद जी, ब्रिज बिहारी सरकार, डॉ. उमेश द्विवेदी जी (खकरिया वाले) मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। विप्र बन्धुओं से सपरिवार शोभा यात्रा में उपस्थिति की अपील सकल ब्राहण समाज ने की है।

# जवाबदारी से करें प्रकरणों के निराकरण

## समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर मिशा सिंह ने कहा



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में सुश्री सिंह ने सभी विभागों की सीएम हेल्पलाईन की एल.एक कर समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें।

### समाधान भविष्यात्मक न रहें

सुश्री मिशा सिंह ने कहा कि कोई भी प्रकरण नॉन अटेंडेंट न रहे, समाधान भविष्यात्मक न रहें और न ही निम्न गुणवत्ता से बंद हों। साथ ही कहा कि 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को पहले निराकृत करें। शिकायतों के निराकरण की गति में तेजी लायें। अपर कलेक्टर सुश्री सिंह ने टीएल के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान विभागवार एल.एक प्रकरणों की समीक्षा करते हुये कहा कि प्रकरणों का निराकरण तत्परता से करें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि माइनिंग से संबंधित शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से करें। ओव्हरलोडिंग व सड़कों में मायनिंग सामग्री गिरने से दुर्घटनाओं की संभावना रहती है अतः इस दिशा में भी प्रभावी कार्यवाही करें। प्रकरणों के निराकरण जवाबदारी से कार्य करें और जिले की रैंकिंग सुधारें। उन्होंने कहा कि 4 मई को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का जबलपुर में प्रस्तावित कार्यक्रम है। अतः सभी संबंधित अधिकारी अभी से इसकी समुचित तैयारी सुनिश्चित कर लें।

# आज दो कार्मिक होंगे सेवानिवृत्त





**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से एक अधिकारी एवं एक कर्मचारी आजसेवानिवृत्त हो रहे है। चन्द्रमणी प्रसाद सिंह अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) पन्ना 36 वर्ष 08 माह की निष्ठापूर्वक सेवा के पश्चात सेवानिवृत्त हो रहे है। वह कंपनी के विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे हैं। प्रियंका नाईक - कंपनी के कार्यालय मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य) में कार्यालय सहायक श्रेणी तीन के पद पर पदस्थ 32 वर्ष 08 माह की निष्ठापूर्वक सेवा के पश्चात् सेवानिवृत्त हो रही हैं। कंपनी प्रबंधन ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### पसरीचा आज होंगे सेवानिवृत्त

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के अधीक्षण अभियंता सिविल जसवंत सिंह पसरीचा 40 वर्षों की सेवा के उपरांत आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

# क्रिकेट खेलते आरक्षक को आया हार्ट अटैक, मौत



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** युवाओं में अचानक दिल का दौरा पड़ने के मामले बढ़ते जा रहे हैं, खासकर खेल या व्यायाम के दौरान हार्ट अटैक आने से मौत तक हो जाती है। पिछले दिनों गोरखपुर में जिम एक्सरसाइज करते हुए एक प्रतिष्ठित व्यक्ति की मौत हो गई थी। वहीं रविवार की रात क्रिकेट मैच खेल रहे लार्डगंज थाने में पदस्थ आरक्षक की मौत हो गई। उक्त आरक्षक को भी हार्ट अटैक आना बताया जा रहा है। रविवार शाम को लगभग 28 वर्षीय सौरभ शुक्ला चरगवां के पास क्रिकेट टूर्नामेंट में स्थानीय युवकों के साथ मैच खेल रहा था तभी रात 11 बजे अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और उसने अचानक कमजोरी महसूस की, जिसके बाद साथियों ने उसे पास के पेड़ के नीचे आराम करने की सलाह दी। कुछ देर बाद वह बेहोश होने लगा, जिससे घबराकर वह साथी खिलाड़ी तुरंत उसे निजी अस्पताल लेकर निकले लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने शुरुआती जांच में आशंका जताई कि आरक्षक की मौत कार्डियक अरेस्ट से हुई है। सूचना मिलते ही लार्डगंज थाने व पुलिस विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम मेडिकल भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा। कुछ दिन पूर्व भी सौरभ साइबर सेल से थाने में पदस्थ हुआ था और साइबर का अच्छा जानकार था।

# युवक ने की आत्महत्या

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** घमापुर थाने में 56 वर्षीय राजेन्द्र निषाद निवासी गंजीपुरा सुपर मार्केट ने सूचना देकर बताया कि उसके सूचना उसे मिली कि उसका भतीजा 33 वर्षीय राहुल निषाद निवासी न्यू कछियाना घमापुर ने फांसी लगा लिया है। जाकर देखा उसका भतीजा पंखे से फांसी में लटका था, जिसे राहुल निषाद के मौसी के लड़के शनि, अंशु साहू ने फांसी से उतार लिया था। भतीजे राहुल निषाद की मृत्यु हो चुकी थी। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# भाजयुमो नेता को पीटने वाले 2 पुलिसकर्मी सस्पेंड



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भाजयुमो के 2 नेताओं को थाने में बंद कर बेरहमी से पीटने के मामले में पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने प्रधान आरक्षक और आरक्षक को सस्पेंड कर दिया है। दरअसल शनिवार रात वाहन चेकिंग के दौरान बाइक से जा रहे भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के मंडल मंत्री पवन शर्मा और मीडिया प्रभारी समर्थ केशरी को पुलिस ने रोका, जहां चालान को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद मौके पर तैनात प्रधान आरक्षक जयशंकर चौहान और आरक्षक अजय बघेल की युवा मोर्चा के नेताओं से बहस होने लगी। आरोप है कि दोनों पुलिसकर्मियों ने पवन और समर्थ को थाने के अंदर ले जाकर, टीआई की मौजूदगी में डंडे से पवन को तब तक पीटा जब तक कि उसका हाथ नहीं टूट गया।

**वाहन चेकिंग के दौरान हुआ था विवाद, तिलवारा थाने का मामला**

### विभागीय जांच हुई शुरू

इस मामले में एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने भी माना कि दो दिन पहले जो घटना हुई है, वह पुलिस के लिए निंदनीय थी। हमेशा वाहन चेकिंग करने वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को समझाया जाता है कि लोगों से सामान्य व्यवहार रखे। 2 दिन पहले तिलवारा थाना के सामने एक युवक पवन के साथ मारपीट करने की घटना सामने आई थी। इसके साथ युवा मोर्चा के मीडिया प्रभारी के साथ भी गाली-गलौज कर उसे जेल भेज देने की धमकी दी गई थी। एएसपी ने बताया कि 2 पुलिसकर्मियों को निलंबित करते हुए उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

## ई-रिक्शा चालक ने हलवाइयों को मारी टक्कर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कटंगी थाने में 25 वर्षीय हिम्मत रैकवार निवासी ग्राम सूरतलाई ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह शादी एवं अन्य कार्यक्रमों में खाना बनाने का काम करता है। वह एवं उसके साथी सौरभ रैकवार, जयकुमार, संतोष रैकवार, प्रकाश बर्मन के साथ लगुन के कार्यक्रम मे कटंगी से एक न्यू ई रिक्शा से कैमोरी में आर्डर पर खाना बनाने जा रहे थे। सुबह उड़की तिराहा पहुंचे तभी कटंगी तरफ से आ रही कार के चालक तेज गति लापरवाही पूर्वक चलाते हुये न्यू ई रिक्शा ने पीछे से टक्कर मार दिया । जिससे ई रिक्शा में बैठे जयकुमार, संतोष रैकवार, प्रकाश बर्मन, रोड़ पर गिर गये और चोटें आ गई। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोरखपुर थाने में 49 वर्षीय दिपेन्द्र सिंह ठाकुर निवासी गुसेश्वर मंदिर के पास ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह आटो चलाता है । उसका भांजा 23 वर्षीय अतुल सिंह निवासी रामपुर माण्डवा का सुबह बाइक से तीन पत्ती तरफ जा रहा था जैसे ही कटंगा होण्डा पेट्रोल पम्प के पास पहुंचा तभी पीछे से अज्ञात वाहन चालक ने तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसके भांजे की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे अतुल सिंह गिर गया और चोटें आ गई। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# 4 साल की मासूम को अगवा कर दुष्कर्म

## मझगवां में जघन्य घटना, आरोपी की तलाश



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शादी समारोह में शामिल होने जा रही एक 4 साल की मासूम को अज्ञात आरोपी ने अगवा कर रेप की वारदात को अंजाम दया। रोते-रोते मासूम घर पहुंची और मां से लिपट गई। कपड़ों पर लगे खून के धब्बे देखकर मां को माजरा समझते देर नहीं लगी। वह मझगवां थाने पहुंचीं और अज्ञात आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट में केस दर्ज कराया। जानकारी के मुताबिक मझगवां थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार शाम को कटनी जिले के पान उमरिया गांव से बारात आई थी। खेत में शादी समारोह चल रहा था। वहां जाने के लिए मां ने मासूम को तैयार किया और घर के बाहर यह कहते हुए बैठा दिया कि थोड़ी देर बाद सब लोग साथ चलेंगे। कुछ देर इंतजार के बाद मासूम अकेले ही चल दी। **अकेला पाकर दिया वारदात को अंजामः**-रास्ते में आरोपी ने मासूम को अकेला पाकर उठा लिया और सुनसान जगह ले जाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। ग्रामीणों ने भी बच्ची को समारोह स्थल की ओर जाते हुए देखा था। आशंका है कि आरोपी बारातियों में से ही कोई हो सकता है। काफी देर तक तलाश करने के बाद जब मासूम नहीं मिली, तो गांव के अन्य लोगों को जानकारी दी। कुछ देर बाद मासूम रोते हुए घर आई, उसके कपड़ों में खून के धब्बे थे। मझगवां थाना प्रभारी धम्मू सिंह ने बताया कि बच्ची की हालत अभी स्थिर है। कुछ संदेहियों को हिरासत में लेने के बाद बच्ची को उसकी फोटो भी दिखाई गई है, लेकिन पहचान नहीं कर पा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# शराब दुकान न खोलें साब, पति नशेड़ी हैं

## कलेक्टर से मांग करने पहुंची ग्राम कंतोरा की महिलाएं



कि शराब दुकान खुलने से गांव की महिलाओं और युवा पीढ़ी का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा।

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पाटन तहसील के कंतोरा गांव की महिलाएं सरपंच और उप सरपंच के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचीं। सरपंच और उप सरपंच के साथ उन्होंने गांव में खुलने वाली शराब दुकान का विरोध किया। महिलाओं ने बताया कि गांव में पहले से ही शराब की समस्या से जूझ रहे हैं। महिलाओं ने कहा कि गांव के पुरुष सुबह से ही नशे में डूबे रहते हैं। उनके पास रोजगार नहीं है। इस वजह से महिलाओं को काम के लिए घर से बाहर जाना पड़ता है। नशे में धुत पति उनके साथ मारपीट करते हैं। महिलाओं की कमाई छीनकर शराब में उड़ा देते हैं। महिलाओं ने बताया कि स्थिति यह है कि पुरुष घर के जेवर, राशन और गैस सिलेंडर तक बेचकर शराब पीते हैं। गांव में नाबालिग बच्चे भी शराब के आदी हो रहे हैं। उप सरपंच डॉ. सीता साहू ने बताया गांव में पहले से अवैध रूप से शराब बिक रही है। नई दुकान खुलने से नशे की लत और बढ़ेगी। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने चेतावनी दी है कि अगर कोई गांव में शराब दुकान खोलने आएगा, तो उसे वहां से भागना पड़ेगा। उनका कहना है

# 50 पाकिस्तानियों को आज छोड़ना होगा जबलपुर

## नोटिस जारी, पहलगाम हमले के बाद वीजा रद्द

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा शॉर्ट टर्म वीजा पर भारत आए परिवारों को पाकिस्तान वापस भेजने के आदेश जारी किए गए है। जिसके चलते सोमवार इंदौर से तीन पाकिस्तानी नागरिकों को नोटिस दिया गया है, इसी तरह जबलपुर में रुके 50 पाकिस्तानियों को भी नोटिस जारी किया गया है, उन्हें 29 अप्रैल मंगलवार को भारत छोड़ना होगा। इससे पहले भोपाल में तीन लोगों को नोटिस जारी किए गए थे।

### पाक नागरिकों के 14 कैटेगिरी के वीजा रद्द

पहलगाम हमले के बाद 23 अप्रैल को पाकिस्तानी नागरिकों के 14 कैटेगरी के वीजा रद्द कर दिए गए थे। जिसमें मेडिकल वीजा को छोड़ अन्य सभी 13 कैटेगरी के वीजाधारकों को 27 अप्रैल तक भारत छोड़ने के आदेश जारी किए थे। इसके बाद भी मध्यप्रदेश में 228 पाकिस्तानी नागरिकों को चिन्हित किया गया था। इंदौर में पुलिस ने तीन लोगों को चिन्हित किया जिन्हें पुलिस द्वारा पाकिस्तान भेजा जा रहा है, पाकिस्तान से एक भी नागरिक मेडिकल वीजा पर इंदौर नहीं आया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यहां पाकिस्तान की कई लड़कियां शादी करके आई हैं वे इंदौर में ही रह रही हैं। जिनके पास लांग टर्म वीजा है। उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है। मेडिकल वीजा वालों के लिए आज 29 अप्रैल तक का समय है। इसके बाद आगे की कार्रवाई करेंगे। अधिकारियों का कहना है कि बांग्लादेशी नागरिकों के संबंध में अभी तक कोई भी आदेश नहीं मिला है।





### भोपाल में 3, जबलपुर में 50 को नोटिस

इसी तरह पुलिस भोपाल में रह रहे तीन पाकिस्तानी नागरिकों को नोटिस जारी किया है। यदि वे नोटिस पर अमल नहीं करते है उनपर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जबलपुर पुलिस ने भी आदेश को गंभीरता से लेते हुए यहां पर रुके 50 पाकिस्तानियों को नोटिस जारी किए है। उन्हें आज 29 अप्रैल मंगलवार को भारत छोड़ना होगा।

# अब सभी धर्मों के धर्मगुरुओं ने संभाली बाल विवाह की रोकथाम की कमान

उमरिया (स्वतंत्रमत)



जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा और बाल विवाह की रोक-थाम के लिए कार्यरत संगठन एचएआरडी (होलिस्टिक एक्शन फार रिसर्च एंड डेवलपमेंट) ने बालविवाहों की रोक-थाम के लिए धर्मगुरुओं के बीच चलाया जागरूकता अभियान। जिसका शुभारंभ उमरिया में सोमवार 28 अप्रैल को पत्रकार वार्ता से किया। जिला प्रेस क्लब उमरिया में आयोजित पत्रकार वार्ता को पंडित बृजेन्द्र पांडेय शारदा मंदिर, सिंध समाज के धर्माचार्य पंडित भरत कमलेश शर्मा, मुस्लिम धर्माचार्य मौलाना शाकिर अली ,मौलाना मारूफ रजा, गोंडवाना आचार्य रामसिंह वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा, सुरेंद्र त्रिपाठी, जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरुण त्रिपाठी एवं वरिष्ठ साहित्यकार शम्भू सोनी पागल ने संबोधित किया।

संगठन के निदेशक सुशील शर्मा ने कहा, धर्मगुरुओं से मिला सहयोग व समर्थन अभिभूत करने वाला है, इस अक्षय तृतीया जिले में बालविवाह रोकने में हम सफल होंगे। बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश में नागरिक समाज संगठनों के सबसे ब? नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के उमरिया में सहयोगी संगठन एचएआरडी की ओर से अक्षय तृतीया और शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाहों की रोक-थाम के लिए विभिन्न धर्मों के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों के बीच चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को व्यापक सफलता मिली है और सभी धर्मगुरुओं ने इसकी सराहना करते हुए समर्थन का हाथ ब?ाया है। संगठन ने कहा कि यह देखते हुए कि कोई भी बाल विवाह किसी पंडित, मौलवी या पादरी जैसे पुरोहित के बिना संपन्न नहीं हो सकता, हमने उन्हें बालविवाह के खिलाफ अभियान से जो?ने का फैसला किया। इसके सकारात्मक नतीजों को देखते हुए हम उम्मीद कर सकते हैं इस अक्षय तृतीया पर जिले में एक भी बालविवाह नहीं होने पाएगा।जिले में तमाम मंदिरों-मस्जिदों के आगे ऐसे बोर्ड लगे हुए जिन पर स्पष्ट लिखा है कि यहां बालविवाह की अनुमति नहीं है। गौरतलब है कि जेआरसी 2030 तक देश से बाल विवाह खत्म करने के मकसद से श्चाइल्ड मैरिज फ्री इंडियाश् कैम्पेन चला रहा है।

जेआरसी कानूनी हस्तक्षेपों के जरिए बालअधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 416 जिलों में जमीन पर काम कर 250 से भी ज्यादा नागरिक संगठनों का नेटवर्क है जिसने पिछले वर्षों में दो लाख से ज्यादा बाल विवाह रुकवाए हैं और पांच करो? से ज्यादा लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई है। इसके सहयोगी संगठन एचएआरडी ने स्थानीय प्रशासन के साथ सहयोग व समन्वय से कानूनी हस्तक्षेपों और परिवारों एवं समुदायों को समझा-बुझा कर बाल विवाह रोकने के प्रयास किए हैं। यह संगठन 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जे आर सी के संस्थापक भुवन ऋभु की किताब 'व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन रू टिपिंग प्वाइंट टू इंड चाइल्ड मैरेज' में सुझाई गई समग्र रणनीति पर अमल कर रहा है। एचएआरडी के निदेशक सुशील शर्मा ने कहा कि अभी भी देश में बाल विवाह के खिलाफ जरूरी जागरूकता की कमी है। ज्यादातर लोगों को यह पता नहीं है कि यह बाल विवाह निषेध अधिनियम (पीसीएमए), 2006 के तहत दंडनीय अपराध है। इसमें किसी भी रूप में शामिल होने या सेवाएं देने पर दो साल की सजा व जुर्माना या दोनों हो सकता है। इसमें बाराती और ल?की के पक्ष के लोगों के अलावा कैटरर, साज-सज्जा करने वाले, डेकोरेटर, हलवाई, माली, बैंड बाजा वाले, मैरेज हाल के मालिक और यहां तक कि विवाह संपन्न कराने वाले पंडित और मौलवी को भी अपराध में संलिप्त माना जाएगा और उन्हें सजा व जुर्माना हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसी लिए हमने धर्म गुरुओं और पुरोहित वर्ग के बीच जागरूकता अभियान चलाने का फैसला किया क्योंकि यह वो सब से महत्वपूर्ण वर्ग है जो विवाह संपन्न कराता है। हमने उन्हें समझाया कि बाल विवाह और कुछ नहीं बल्कि बच्चों के साथ बलात्कार है। अठारह वर्ष से कम उम्र की किसी बच्ची से वैवाहिक संबंधों में भी यौन संबंध बनाना यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून के तहत बलात्कार है। बेहद खुशी का विषय है कि आज पंडित और मौलवी इस बात को समझते हुए न सिर्फ इस अभियान को समर्थन दे रहे हैं, बल्कि खुद आगे ब?कर बाल विवाह नहीं होने देने की शपथ ले रहे हैं। यदि पुरोहित वर्ग बाल विवाह संपन्न कराने से इनकार कर दे तो देश से रातों रात इस अपराध का सफाया हो सकता है। इस अभियान में उनके आशातीत सहयोग व समर्थन से हम अभिभूत हैं। इसको देखते हुए हमारा मानना है कि जल्द ही हम बाल विवाह मुक्त उमरिया के लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ साहित्यकार शेख धीरज जी,राम लखन सिंह चौहान,संपत नामदेव, फूल बाई सिंह, नगीना सिंह का विशेष योगदान रहा ।कार्यक्रम का संचालन भूपेन्द्र त्रिपाठी ने किया।



# कलेक्टर की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

उमरिया (स्वतंत्रमत)

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कलेक्टर सभागार में संपन्न स?क सुरक्षा समिति की बैठक में कहा कि जिलें में हो रही दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए विशेष प्रयास किया जाए। उन्होने कहा कि प्राय: देखने मे आता है कि नगर की प्रमुख चौराहों पर सब्जी की दुकाने लगाई जा रही है, सब्जी लेने वाले ग्राहक अपने वाहनों को बीच में ख?ा कर देते है, जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। उन्होने नगर पालिका अधिकारी उमरिया को निर्देशित किया कि नगर में इधर उधर लग रही सब्जी की दुकानों,ठेलों को निर्धारित स्थल पर सब्जी की दुकाने लगवाई जाए तथा सब्जी विक्रेताओं के वाहनों को यथा स्थान पर ख?ा करने की समझाईश दी जाए।

उन्होने कहा कि ग्राम के जो मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग से जु?ते है, वहां पर ब्रेकर बनवाया जाए ताकि स?क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। राजमार्गो एवं शहर में जहां स्ट्रीट लाईट बंद प?ी है, अथवा नही लगी है, वहां पर स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था की जाए। स?कों में जो गड्ढे है, उन्हें भरा जाए।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग सभी प्राचार्यो को निर्देशित करते हुए दो पहिया से आने वाले बच्चों के ड्रायविंग लायसेंस की जांच की जाए। यदि उनका ड्रायविंग लायसेंस नही बना है, उन्हें बनवाने की समझाईश दी जाए। यदि वह दो पहिया वाहन चलाने योग्य नही है तो उन्हें वाहन नही चलाने की समझाईश दी जाए। इसी तरह वाहन को चलाते समय यातायात नियमों का पालन करनें की जानकारी दी जाए। बैठक में उपस्थित अन्य सदस्यों ने भी स?क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु अपने अपने सुझाव दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, यातायात प्रभारी, सीएमएचओ डा एस बी चौधरी सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## बाघिन के हमले से स्थायीकर्मी घायल, जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** बांधवग? टाइगर रिजर्व के पनपथा पतौर परिक्षेत्र के कई गांवों में दहशत और



जनहानि के मामले को अंजाम देने वाली बाघिन के रेस्क्यू में जुटे स्थायीकर्मी के ऊपर बाघिन ने हमला कर घायल कर दिया। घटना उस दौरान की है जब सोमवार 28 अप्रैलको पार्क की टीम पतौर परिक्षेत्र के पनपथा बीट के जंगल में बाघिन की पैदल सामूहिक कर तलाश कर रही थी उसी दौरान झा?ियों में छिपी बाघिन ने रामसोहावन चौधरी नामक स्थायीकर्मी के ऊपर हमला कर उसे घायल कर दिया. जिसके बाद पार्क की टीम ने घायल स्थायीकर्मी को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। घायल स्थायीकर्मी का उपचार कराया जा रहा था इसी बीच राम सोहावन के परिजन उसे गहन उपचार के लिए कटनी लेकर चले गए हैं। स्थायीकर्मी को घायल करने के बाद बाघिन जंगल की भाग गई। इस घटना के बाद बाघिन की तलाश में हुए स्थायीकर्मियों ने जंगल से दूरी बना ली है. वहीं पार्क प्रबंधन विभागीय हाथियों के माध्यम से आतंकी बाघिन की तलाश में जुटा है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न



उमरिया (स्वतंत्रमत)

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर व्दारा सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा गया कि सीएम हेल्प लाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि विगत माह में जिन विभागों की उपलब्धि संतोषजनक नही रही है वे विभाग शिकायतों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं। समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, एसडीएम बांधवग? कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी् कलेक्टर मीनांक्षी इंगले ,करकेली जनपद पंचायत सीईओ हरनीत कौर कलसी सहित जिले के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत 10 मई को, विद्युत प्रकरणों में दी जाएगी छूट

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 मई को किया गया है। लोक अदालत में विद्युत विभाग से संबंधित प्रकरणों में छूट प्रदान की जाएगी। प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छ:माही चक्र वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छ: माही चक्र वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी।

# एक जिला एक औषधि उत्पाद अंतर्गत आंवला की खेती से संबंधित प्रशिक्षण



उमरिया (स्वतंत्रमत)

सोमवार 28 अप्रैल को कृषि विज्ञान केंद्र उमरिया में आयुष विभाग द्वारा देवारण्य योजनांतर्गत एक जिला एक औषधि उत्पाद के अंतर्गत आंवला की खेती से संबंधित दो दिवसीय प्रषिक्षण कृषि विज्ञान केंद्र उमरिया में प्रारंभ हो गया है। प्रथम दिन मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया गया। यह प्रषिक्षण 29 अप्रैल तक चलेगा।

प्रशिक्षण में प्रथम दिन कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं कार्यालय प्रमुख डॉ केपी तिवारी व डॉ.धनंजय सिंह वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र उमरिया द्वारा औषधि पौधे आंवले की खेती के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। जिला आयुष अधिकारी उमरिया डॉ, रितु द्विवेदी द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश राज्य औषधि पादप बोर्ड मंत्रालय भोपाल द्वारा स्वीकृत परियोजना अंतर्गत देवारण्य योजनान्तर्गत औषधीय पौधों की खेती को ब?ावा देने के लिए उमरिया जिला अंतर्गत एक जिला एक औषधि पौध के रूप में आंवले को प्रस्तावित किया गया है। आंवले में प्रचुर मात्रा में औषधि गुण होते है साथ ही उसकी खेती में बहुत ज्यादा व्यय नहीं होता है। मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण में डॉ, विनोद सिंह, डॉ, प्रदीप कुमार महोबिया, डॉ, प्रदीप पटेल, डॉ,दीपक द्विवेदी, आयुष विभाग से तथा उद्यान विभाग से महेश धुर्वे, पेन सिंह ऊईके तथा उन्नतशील कृषक श्री मनोज कुशवाहा व हिमांशु पटेल मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण प्राप्त किए।

## श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 30 अप्रैल से

**उमरिया।** जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर 2 शास्त्री नगर भंगहा में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 30 अप्रैल से किया गया है।जानकारी अनुसार 30 अप्रैल 2025 बुधवार को कलश यात्रा, पीठ पूजन, जलधिवास, 1 मई गुरुवार को शिव चरित्र, ध्रुव कथा, 2 मई शुक्रवार को प्रहलाद चरित्र, 3 मई शनिवार को कृष्ण जन्म, 4 मई रविवार को गोवर्धन चरित्र ,5 मई सोमवार को रुकमणी विवाह, 6 मई मंगलवार को सुदामा चरित्र, 7 मई बुधवार को कथा पुर्णाहुति, 8 मई गुरुवार को भण्डारा तथा 9 मई शुक्रवार को विसर्जन होगा। मुख्य स्रोता उर्मिला विश्वकर्मा, हीरालाल विश्वकर्मा है। कथा वाचक पीठाचार्य गुरु पंडित श्री चंद्रशेखर शास्त्री जी महाराज कानपुर है।

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल पाँचवें दिन भी रही जारी

## एनएचएम के आदेश की प्रतियां जला कर किया विरोध प्रदर्शन

उमरिया (स्वतंत्रमत)

स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उमरिया में 5 दिनों से ह?ताल पर बैठे हैं। नेशनल हेल्थ मिशन, भोपाल ने ह?ताल पर बैठे इन संविदा कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) ने उमरिया कलेक्टर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नाम एक पत्र जारी कर कार्रवाई का निर्देश दिया है. इस निर्देश के बाद संविदा कर्मियों का गुस्सा फूट प?ा और उन्होंने सरकारी आदेश की प्रतियां जलाकर अपना विरोध जताया और नारेबाजी की।

***क्यों हड़ताल पर संविदा स्वास्थ्यकर्मी-*** संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी जिलाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा ने बताया, हम अपनी उचित मांगों को लेकर ह?ताल कर रहे हैं. हमारी मांग है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संविदा कर्मचारियों की महापंचायत में जो घोषणाएं की थी उन्हें लागू किया जाए। उन्होंने कहा, संविदा कर्मचारियों के लिए जो नीति बनी थी, उसके विपरीत जाकर एनएचएम भोपाल ने हम कर्मचारियों को फिर से अप्रेजल जैसी शोषण की नीति की ओर मो? दिया है। संविदा कर्मियों को स्वास्थ्य बीमा जैसी कोई सुविधा नहीं दी जा रही है. इसके अलावा पहले मिलने वाली छुट्टियों में भी कटौती की गई है। इस तरह से संविदा कर्मियों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा राष्ट्रीय हेल्थ मिशन द्वारा हम पर कार्रवाई करने के लिए जारी पत्र से हम नहीं डरते. हम इस दबाव में आकर अपनी ह?ताल नहीं खत्म करेंगे. जबतक हमारी मांगे पूरी नहीं होंगी तब तक ये ह?ताल अनवरत जारी रहेगी।




***अपनी मांगों के लेकर 300 कर्मचारी हड़ताल पर-*** 5 दिनों से ह?ताल पर बैठे स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारियों की मांग हैं कि उन्हें नियमित किया जाए ताकि वेतन और अन्य सुविधाओं का उन्हें भी लाभ मिल सके। उन्हें पहले से दी जा रही ईएल और मेडिकल लीव की सुविधा दी जाए। उनके रिटायरमेंट की उम्र सीमा 65 साल की जाए। एनपीएस ग्रेच्युटी, स्वास्थ्य बीमा और डीए की सुविधा भी शुरू की जाए साथ ही वेतन विसंगतियों में संशोधन किया जाए। जैसी कई मांगों को लेकर जिले के करीब 300 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अनिश्चितकालीन ह?ताल पर बैठे है।

# श्री सत्य साईं साधना शिविर हुआ संपन्न

मण्डला/बम्हनी(स्वतंत्रमत)

पुट्टपर्थी के आराध्य स्वामी श्री सत्य साई बाबा के जन्मोत्सव शताब्दी वर्ष में श्री सत्य साई सेवा संगठन द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय साधना शिविर पर जिले के ओजस्वी वक्ताओं ने भगवान बाबा के दिव्य मिशन और संगठन के कार्यों समाज में संगठन की भूमिका एंव अन्य रोचक विषयों पर बहुत ही सुन्दर और सार्थक बातों के साथ हुआ सर्वप्रथम संगठन का ध्वजारोहण किया गया ओंकार, श्लोक ,वेद पाठ, भजन के बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई सर्वप्रथम जिला शैक्षणिक प्रभारी श्रीमती सुनीता साहू ने ज्योति ध्यान एव सुनीता बैरागी के आगामी सेवा कार्यों को बतलाया इसके बाद कनेक्टिव विथ साई विषय पर समिति संयोजक अजय कांड्रा ने बडी रोचक ढंग से विषय प्रस्तुत किया दोपहर भोजन के उपरांत द्वितीय सत्र में साई के प्रति समर्पण विषय पर परमानंद पंचेश्वर द्वारा विभिन्न उदाहरणों सहित सेवा कार्यों से समर्पित रहने को बतलाया संवाद विषय पर जिला युवा महिला प्रभारी शर्मिला साहू का वक्तय रहा। समिति संयोजक नंद कुमार उपाध्याय ने स्वामी एव भक्तों का आभार व्यक्त किया महामंगल आरती के साथ साधना शिविर सम्पन्न हुआ संगठन के जिलाध्यक्ष मनीष वासल ने जिला स्तरीय साधना शिविर को आयोजित करने का सौभाग्य भगवान बाबा एवँ बम्हनी बंजर समिति देने साधना शिविर में उपस्थित सभी साईं भक्त पदाधिकारी को इस कार्यक्रम को सम्पन्न कराने पर शुभकामनाएं प्रेषित की निश्चित ही यह शिविर भविष्य में मानव सेवा के कार्यों के लिए प्रेरित करेगा।

# चीतल का शिकार करने वाले 3 शिकारी गिरफ्तार, 3 फरार

उमरिया (स्वतंत्रमत)

सोमवार 28 अप्रैल को बांधवग? के छिपियाडॉड, आरएफ 380, बीट डोभा, रेंज खितौली में चीतल के 3 शिकारी वन सुरक्षाकर्मियों के हत्थे च? जिसने आरोपीरू- गोरेलाल बैगा, राममिलन बैगा और दिनेश बैगा, ग?पुरी शामिल हैं। बताया गया है कि शिकारियों ने क्लच वायर से फंदा लगाकर चीतल का शिकार किया ओर जंगल में ही काटकर घर लाकर खाए। आरोपियों से




रक्तरंजित ठूंठ, चीतल का सिर और क्लच वायर का फंदा जब्त किया गया। आरोपियों पर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 1674⁄25 दर्ज कर दिनांक 28 अप्रैल को न्यायालय उमरिया में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया, अन्य फरार 03 आरोपियों की तलाश जारी हैं। कार्यवाही टीम में परिक्षेत्र अधिकारी खितौली एवं पतौर, परिक्षेत्र सहायक ग?पुरी, बीटगार्ड डोभा, रंछा, ग?पुरी,उमरिया बकेली ओर अन्य वनकर्मी शामिल रहे।

## मंत्री सांसद ने की आदि उत्सव पर चर्चा

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले के रामनगर में 4 से 5 मई तक आदिवासी लोक संस्कृति और संगोष्ठी पर आधारित आदि उत्सव 2025 का आयोजन किया जायेगा। प्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती संपतिया उइके और सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने शनिवार को आदि उत्सव 2025 का आयोजन भव्य व गरिमापूर्वक मनाने के लिए सामाजिक संगठनों के साथ बैठक आयोजित कर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, नगर भाजपा अध्यक्ष शिवारानू राजपूत सहित आदिवासी सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने बताया कि 4 एवं 5 मई को आयोजित होने वाले आदि उत्सव कार्यक्रम में लोकनृत्य, आदिवासी गीत संगीत एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा।

## पीएम जनमन आवास का निरीक्षण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने ग्राम पंचायत देवरीकला प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत बन रहे घरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कूमट ने निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवास का निर्माण निर्धारित समय सीमा के भीतर और गुणवत्ता मानकों के अनुसार पूरा हो। उन्होंने लाभार्थियों से भी बातचीत की और उन्हें आवास निर्माण में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी ली।

## नरवाई जलाने पर एफआईआर दर्ज

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मंडला जिले में सेटेलाइट मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से नरवाई (फसल अवशेष) जलाने की घटनाओं पर प्रशासन सख्त कार्यवाही कर रहा है। अब तक जिले में कुल 115 घटनाएं चिन्हित की गई हैं, जिनमें मंडला में 29, नैनपुर में सर्वाधिक 62, बिछिया में 7, नारायणगंज में 9, घुघरी में 3 और निवास में 5 घटनाएं शामिल हैं। प्रशासन द्वारा इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसडीएम मंडला ने नरवाई जलाने के आरोप में 27 लोगों पर अर्थदंड लगाया है। एसडीएम नैनपुर ने 34 लोगों पर जुर्माना लगाया है और 2 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इसके अतिरिक्त, एसडीएम बिछिया ने 52 लोगों पर और एसडीएम निवास ने नारायणगंज में 3 लोगों पर कार्यवाही करते हुए अर्थदंड अधिरोपित किया है।

## उपचार के लिए आर्थिक सहायता

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** नैनपुर निवासी संतोष तिवारी ने पिछली जनसुनवाई में आवेदन देकर बच्ची की बीमारी के विषय में अवगत कराते हुए आर्थिक सहायता का अनुरोध किया था। जिस पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार आवेदक की पात्रता का परीक्षण कराते हुए सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से 5 हजार रूपए का चैक देकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। चैक पाकर संतोष ने जिला प्रशासन की इस संवेदनशील सहायता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आपदा पर ऑनलाइन मीटिंग आज

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मण्डला जिले में आपदा प्रबंधन के सुचारू समन्वय एवं प्रबंधन के लिए (कॉल सेंटर) स्थापित करने के निर्देशानुसार मण्डला जिले में डिस्ट्रिक्ट नोडल कॉल सेंटर के संचालन, मैनपावर आदि उपलब्ध कराये जाने हैं। इसके लिए ऑनलाइन निविदा पोर्टल के माध्यम से 24 अप्रैल 2025 को दोपहर 12 बजे से आमंत्रित की गई थी। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार टेण्डर से संबंधित प्री-बिड मीटिंग 29 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से ऑनलाइन गूगल मीट लिंक के माध्यम से आयोजित की गई है।

## रेलवे समपार बना लोगों के लिए मुसीबत

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** नैनपुर में रेलवे फाटक लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर इस समस्या के प्रति उदासीन रहने की बात कहीं जा रही है। बताया गया कि हाल ही में दो एंबुलेंस रेलवे फाटक पर फंस गई और काफी देर तक जाम में फंसी रहीं, लेकिन कोई भी उनकी मदद के लिए आगे नहीं आया। ऐसी घटनाएं नैनपुर रेलवे फाटक पर आए दिन घटित होती रहती हैं।

***लम्बे समय से चल रही है ओवरब्रिज की मांग-*** जिले की विधायक और प्रदेश की कैबिनेट मंत्री श्री संपतिया उइके विगत दिवस बालाघाट दौरे पर जा रही थी, उनके जाते समय लगभग आधा घंटा तक रेलवे फाटक पर फंसी रहीं और स्थानीय नेता कुछ नहीं कर पाए। आखिरकार उन्हें छोटे वाहन में वार्ड नंबर 6-7 से होकर गुजरना पड़ा। बताया गया कि बालाघाट में दो ओवरब्रिज बनकर तैयार हो रहे हैं और बारासिवनी में भी ओवरब्रिज का काम लगभग पूरा हो चुका है। लेकिन नैनपुर में ओवरब्रिज का निर्माण पिछले 6 सालों से अटका हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जनप्रतिनिधि चुनावी वर्ष का इंतजार कर रहे हैं जिससे वे इसका श्रेय ले सकें। स्थानीय लोगों ने कहा कि चुनाव के दौरान नेता बड़े-बड़े वादे करते हैं और सांसद-विधायक बन जाते हैं, लेकिन उसके बाद सरकार नैनपुर के विकास के लिए कोई काम नहीं करती है।

# नगर पालिका क्षेत्र विस्तार की फाइल वर्षों से भोपाल में खा रही धूल, घोषणा के बाद भी नहीं हो सका अमल






मण्डला

विगत आठ सालों से मंडला नगर पालिका क्षेत्र विस्तार की फाईल भोपाल में धूल खा रही हैं। तत्कालीन कलेक्टर प्रीति मैथिल के समय नगर पालिका क्षेत्र विस्तार को लेकर दावा आपत्ति बुलाते हुए प्रक्रिया पूर्ण करते हुए भोपाल अनुमति के लिए फाईल भेजी गई थी जो आज भी अटकी पड़ी है। जबकि मंडला नगर पालिका क्षेत्र का विस्तार अति आवश्यक बताया जा रहा है मुख्यालय के वार्डो से लगी ग्राम पंचायतों के निवासी भी चाहतें है कि उनका क्षेत्र नगर पालिका क्षेत्र में आ जाए ताकि नियमित साफ सफाई के साथ नगरीय सुविधाओं का लाभ मिल सकें और पंचायत क्षेत्र का विकास हो सकें लेकिन वर्ष दर वर्ष बीतते गए और आज भी विस्तार नहीं हो पाया। हालाकि वर्तमान नगर पालिका परिषद इस काम में जुटी हुई है लेकिन सफलता दूर-दूर तक दिखाई नही दे रही है। नगर पालिका मंडला में नए गांव जुड़ने से जल्द ही शहर का दायरा भी बढ़ जाएगा। दरअसल नगरपालिका मंडला में आसपास के लगे गांवों को जोड़ने की कवायद चल रही है। चिन्हित ग्रामों को मप्र राजपत्र में प्रकाशन के लिए पंचायत इंस्पेक्टर या ग्राम सचिव से प्रस्ताव और जानकारी मांगी गई है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो अब 11 गांवों को नगरपालिका मंडला में शामिल कर लिया जाएगा। जानकारी अनुसार नगरपालिका के सीमा विस्तार के लिए नगरीय क्षेत्र से लगी 11 ग्राम पंचायतो के ग्रामों को शामिल किया जा रहा है। मंडला नगरपालिका में अभी 24 वार्ड है अब ये बढ़कर 33 हो जाएंगे। जबकि नगरपालिका की आबादी 50 हजार ऊपर है जो बढ़कर एक लाख के आसपास हो जाएगी। नए परिसीमन में 11 ग्राम पंचायतों के राजस्व गांवों की 40 हजार से ज्यादा आबादी को शामिल किया जाएगा। बताया गया कि इसके पहले मंडला नगर से लगे गांवों को नगर पालिका में शामिल करने का बड़ा विरोध हुआ था। इस विरोध के बावजूद 11 ग्राम पंचायतों के राजस्व गांवों को पालिका में शामिल करने की कवायद चल रही है। वार्ड विस्तार के बाद नगरपालिका में 33 वार्ड होंगे। सीमांकन का कार्य लगभग पूर्ण है। नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक के अनुसार नगरपालिका मंडला में 2011 की जनगणना के अनुसार विगत तीन वर्ष पहले जनसंख्या लगभग 75 हजार थी जो बढ़कर एक लाख करीब पहुंच गई है। नए गांव जुड़ने से जनसंख्या एक लाख से ज्यादा हो जाएगी। जिसके बाद इस निकाय को अधिक फंडिंग होने लगेगी। ज्यादा बजट मिलने से शहर का बेहतर तरीके से विकास होगा। इसके अलावा कई व्यापारिक प्रतिष्ठान और छोटे, बड़े उद्योग आने से नपा का राजस्व भी बढ़ेगा। जनगणना 2011 के अनुसार ग्राम पंचायत बिंझिया, कटरा, देवदरा, पौंडी महाराजपुर, केहरपुर के मोहनटोला, माली मोहगांव, पुरवा, सकवाह, बिनैका, बड़ी खैरी के जिन गांवों को शामिल किया जाना है। इनकी आबादी भी विगत तीन वर्ष पहले 36 हजार 469 थी, जो बढ़कर 40 हजार के ऊपर चले गई है। बिंझिया, कटरा, देवदरा, पौंडी महाराजपुर, मोहनटोला, माली मोहगांव, पुरवा, सकवाह, बिनैका, बड़ी खैरी के हजारों ग्रामीण नगरपालिका मंडला से जुड़ जाएंगे। इसको लेकर अंतिम प्रक्रिया पर कार्य चल रहा है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायतों को शहरी क्षेत्र में शामिल किए जाने से उनका विकास तेजी से हो सकेगा। सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के अलावा सौंदर्यीकरण के काम होंगे। गांवों के विकास का रोड मैप बनाया जाएगा। प्लानिंग के आधार पर विकास कार्य कराए जाएंगे। वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे बड़ी समस्या पीने के पानी और सड़कों की है। स्ट्रीट लाइट की सुविधा भी नहीं है। नगर पालिका क्षेत्र में शामिल होने से सुविधाओं में वृद्धि होगी। कुछ ग्राम पंचायत शहर से सटे होने के कारण नगरीय सीमा से जुड़ गए हैं। स्थानीय लोग मूलभूत सुविधाओं की मांग करते हैं, लेकिन पंचायत क्षेत्र होने के कारण विकास कार्य संभव नहीं होता। औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार करने में भी मुश्किलें खड़ी हो जाती हैं। जिससे राजस्व की हानि हो रही है। ग्राम देवदरा, कटरा, पौंडी, पुरवा, सकवाह शहरी सीमा से सटे हैं, लेकिन ग्राम पंचायत में आते हैं। इन गांवों के शहरी क्षेत्र में शामिल करने से उनका विकास हो सकेगा। शासकीय अनुदान राशि में बढ़ोत्तरी होगी। वहीं बताया जा रहा है कि नपा की सीमा इस तरह बढ़ेगा पूर्व - बिनैका, बड़ी खैरी, पुरवा, सकवाह, रामबाग, पश्चिम - माली मोहगांव, उत्तर - देवदरा, कटरा, बिंझिया, दक्षिण - पौंडी महाराजपुर, मोहनटोला बढ़ेगा।

# ज्ञान दीप स्कूल के पूर्व छात्रों का सम्मेलन हुआ आयोजित



मण्डला(स्वतंत्रमत)

ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल के पूर्व छात्रों का सम्मेलन आयोजित किया गया। एल्युमिनाई मीट 2025 में शामिल होने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से ज्ञानदीप के पूर्व छात्र मंडला पहुंचे थे। कार्यक्रम को भव्य व यादगार बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। सबसे पहले इस एल्युमिनाई मीट में शामिल होने वाले सभी पूर्व छात्र नगर पालिका परिसर में एकत्र हुए और उसके बाद ढोल और धमाकों के साथ थिरकते हुए सभी ज्ञानदीप स्कूल पहुंचे। ज्ञानदीप स्कूल के प्रवेश द्वार में वर्तमान छात्राओं द्वारा तिलक लगाकर और पुष्प बरसाकर उनका स्वागत अभिनंदन किया गया। स्कूल में प्रवेश करते ही पूर्व छात्र अतीत की सुनहरी यादों में खोए नजर आए। मंचीय कार्यक्रम की शुरुआत एडीएम अरविंद सिंह ने दीप प्रज्वलित कर की। इस दौरान संस्था के उपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल, सचिव डॉ. संजय तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य संजय मिश्रा व लक्ष्मीनारायण पटेल भी उपस्थित थे। दीप प्रज्वलन बाद ज्ञानदीप स्कूल की छात्राओं द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर व संस्था के अध्यक्ष डॉ सोमेश मिश्रा का खास तौर से जिक्र करते हुए कहा कि उनकी पहल पर ही यह कार्यक्रम यहां आयोजित हुआ है। उन्होंने पूर्व छात्रों का आव्हान किया कि वह इस स्कूल के उत्थान में हर तरह का अपना योगदान दें संजय तिवारी ने कहा कि इस बार तो यह मीट ओपन मैदान में हुई है लेकिन अगला सम्मेलन कॉन्फ्रेंस हॉल में होगा संस्था की वरिष्ठतम शिक्षिका तपोशी सिंह ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि आज वह सभी छात्र यहां मौजूद हैं जो पिछले 30-35 साल पहले यह अध्यनरत थे। आज कई ऐसे कई छात्र नज़र आ रहे है जिनको हमने पढ़ाया और उनके साथ-साथ उनके बच्चों को पढ़ने का मौका मिला। वहीं पूर्व छात्रों की तरफ से संस्था को एक मोमेंट गिफ्ट किया गया आभार प्रदर्शन प्राचार्य रफीक खान ने किया कार्यक्रम का संचालन वैशाली सिंह ने किया। मंचीय कार्यक्रम के बाद सभी पूर्व छात्रों ने अपने-अपने क्लास रूमों का भ्रमण किया और यादगार तस्वीरें ली स्कूल परिसर से सभी पूर्व छात्र माहिष्मती घाट के लिए कारों के काफिले के साथ रवाना हुए और संध्या आरती में शामिल हुए। कार्यक्रम का दूसरा चरण होटल किंगफिशर में हुआ जहां समस्त पूर्व छात्र एकत्रित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत केक काटकर हुई और फिर शुरू हुआ डांस और मस्ती का सिलसिलाकई लोगों ने अपनी प्रतिभा के हुनर दिखाते हुए एक से बढ़कर एक नग्मे प्रस्तुत कर माहौल को यादगार बना दिया देर रात तक चले इस कार्यक्रम में सभी पूर्व छात्रों को स्मृति-चिह्न भेंट कर अगले साल फिर मिलने का वादा करते हुए विदा किया गया

## दो दिवसीय मनाया जाएगा प्रकटोत्सव

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** भगवान परशुराम प्रकटोत्सव के अवसर पर इस बार दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रमों की शुरूआत आज भव्य वाहन रैली के साथ होगी। यह वाहन रैली आज सुबह 9 बजे उपनगर महाराजपुर के बजरंग चौराहा से निकाली जाएगी। जो शहर भ्रमण करते हुए मंडला शहर के सिंहवाहिनी वार्ड के नावघाट स्थित भगवान परशुराम मंदिर में समापन होगी। वहीं कल 30 अप्रैल को सिंहवाहिनी वार्ड के नावघाट स्थित भगवान परशुराम मंदिर परिसर में विप्र बच्चों का जनेऊ संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। माहिष्मती सर्व ब्राह्मण सभा मंडला के अध्यक्ष पं. आकाश दीक्षित, भगवान परशुराम मंदिर के पुजारी पं.संतोष शुक्ला ने बताया कि कल बुधवार, 30 अप्रैल को वैशाख शुक्ल तृतीया यानी अक्षय तृतीया है। दो दिवसीय कार्यक्रमों की कड़ी में आज वाहन रैली के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी, वाहन रैली के पश्चात भगवान परशुराम मंदिर में भगवान परशुराम का का पूजन अभिषेक के बाद हवन होगा। माहिष्मती सर्व ब्राह्मण सभा मंडला के अध्यक्ष आकाश दीक्षित ने बताया भगवान परशुराम प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में 30 अप्रैल को विप्र बालकों का जनेऊ संस्कार प्रातः8 बजे से प्रारंभ होगा। इसके बाद भगवान परशुराम की आरती के साथ कार्यक्रम की समाप्ति होगी।

# विभागीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न



मण्डला(स्वतंत्रमत)

जिला योजना भवन में समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने कहा कि माननीय जनप्रतिनिधियों की ओर से प्राप्त जनशिकायतों को सभी विभाग प्रमुख गंभीरता से लें एवं उनका सकारात्मक निराकरण कराएं। उन्होंने कहा कि टीएल के प्रकरण बड़ी संख्या में लम्बित हैं, इन्हें समय पर क्लीयर कराएं। इसके साथ-साथ सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का प्रतिदिन फॉलोअप करें। वर्तमान में जिले की रैंकिंग संतोषजनक नहीं है इसलिए सभी विभाग प्रमुख शिकायतों के निराकरण की गति को तेज करें। समाधान ऑनलाईन की राज्य स्तर से समीक्षा की जानी है, समाधान के एट्रीब्यूट्स के अनुरूप प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित कराएं। सीएम डैशबोर्ड के विषय में समीक्षा करते हुए सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने कहा कि लाईव डेटा के अनुसार जिला 25वें नंबर पर आ गया है, यह बिल्कुल भी स्वीकार योग्य नहीं है, जिन विभागों के स्कोर कम हैं वे अपना स्कोर बढ़ाएं। न्यायालय के अवमानना के प्रकरणों के विषय में उन्होंने कहा कि सभी प्रकरणों में नियमानुसार कम्प्लायंस कराएं, इनके प्रतिवेदन की एक कॉपी जिला शाखा में जमा करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम तथा जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# किसानों की शिकायत पर गेंहू खरीदी केंद्र पहुंचे एसडीएम



## अधिक मात्रा में तुलाई किये जाने पर कार्यवाही के निर्देश

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** तहसील क्षेत्र नैनपुर में कुल 18 उपार्जन केन्द्र बनाए गये है। जहां आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, विपणन सहकारी समिति एवं आजीविका स्व सहायता समूह के माध्यम से गेहूं खरीदी का कार्य किया जा रहा है। गेहूं की गुणवत्ता की जांच करने एक नहीं अनेक अधिकारी कर्मचारियों को कलेक्टर मंडला सोमेश मिश्रा के द्वारा नियुक्त किया गया है। जिनकी उपस्थिति में एफ ए क्यू एवं निर्धारित मात्रा से अधिक तौल किये जाने की शिकायत अधिकारियो को प्राप्त हो रही है। जिसकी जांच कर अधिकारियों द्वारा उचित कार्यवाही भी की जा रही है। इसके बाद भी खरीदी केंद्र प्रभारी एवं सर्वेयर की मनमानियो की शिकायतें लगातार मिल रही है। 28 अप्रैल को किसानों द्वारा एसडीएम नैनपुर को शिकायत की गई कि मक्के रोड स्थित पुष्पा वेयरहाउस में गेहूं खरीदी कर रहे कर्मचारियों द्वारा एफएक्यू एवं निर्धारित मात्रा से अधिक गेहूं तोला जा रहा है। शिकायत के बाद एसडीएम आशुतोष महादेव सिंह ठाकुर पुष्पा वेयरहाउस निवारी पहुंचे। जहा इस बात की पुष्टि हुई। बताया गया कि यह पर एफ ए क्यू एवं निर्धारित मात्रा से अधिक गेहूं तौल किया जा रहा था। सर्वेयर एवं केंद्र प्रभारी पर कार्यवाही की जाने की बात नैनपुर एसडीएम द्वारा कही गई। इसके अलावा किसानों को गेहूं खरीदी में आने वाली समस्याओं के बारे में भी आवश्यक चर्चा की गई। वरदानों की उपलब्धता और परिवहन की जानकारी के साथ गेंहू तुलाई में अनावश्यक विलंब ना करते हुए त्वरित गेहूं की तुलवाई एवं परिवहन के करने निर्देश उन्होंने दिये।

# मोटर सायकिल स्टैंड में तब्दील हुआ नैनपुर का बस स्टैंड

## अव्यवस्थित पार्किंग से यात्री परेशान



नैनपुर (स्वतंत्र मत)

नगर का स्थानीय बस स्थानक अव्यवस्थाओं का शिकार हो चला है। यहां मोटरसाइकिलो का लगाने वाला जमावड़ा देखकर लगता है कि यह बस स्टैंड अब मोटर सायकिल स्टैंड में तब्दील हो गया है। यहां बेतरतीब तरीके से बाइक और चार पहिया वाहन खड़े किए जा रहे हैं। जिसके चलते यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि स्थानीय प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे आम जनता को मुसीबतें झेलनी पड़ रही हैं।

जानकारी के अनुसार नैनपुर बस स्टैंड पर बाइक और अन्य निजी वाहनों के अवैध कब्जे के कारण बसों को खड़े रहने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिल पा रही है। मजबूरन बसों को सड़क पर खड़ा करना पड़ता है। जिससे यात्रियों को बसों का इंतजार सड़क पर ही करना पड़ता है। इस अव्यवस्था का सीधा असर बस स्टैंड के व्यापारियों के व्यापार पर पड़ रहा है। जिन्हें ग्राहकों की कमी और आवागमन में बाधा के कारण परेशानी हो रही है। दुकान संचालकों का कहना है कि दिनभर मोटरसाइकिलों का जमावड़ा लगा रहता है। जिससे ग्राहकों का आना-जाना मुश्किल हो जाता है जिससे उनका व्यापार प्रभावित होता है।

जाहिर है कि नगर में वाहनों की पार्किंग की कोई उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण कमोबेश यह स्थिति निर्मित हो रही है। खासकर साप्ताहिक बाजार के दिन बस स्टैंड के हाल बेहाल हो जाते है। लगभग आधे बस स्टैंड पर दुपहिया और छोटे चौपाया वाहनों का कब्जा हो जाता है। लोग बाजार में वाहन ले जाने की असुविधा से बचने के लिए बस स्टैंड में अपने वाहन खड़े कर खरीददारी करने चले जाते हैं। जिससे यहां बेतरतीब खड़े वाहनों की प्रदर्शनी सी लग जाती है। प्रशासन भी सड़क पर खड़े हो रहे वाहनों पर कोई कार्यवाई नहीं कर रहा है। इस उदासीन रवैये के कारण नगर में जाम की समस्या आम हो गई है। लोगों को जाम में फंसे रहना पड़ता है। इस अव्यवस्था के कारण कई बार विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है। अपेक्षा है कि इस अव्यवस्था में सुधार कर आम लोगो को होने वाली परेशानियों से निजात दिलाने के सार्थक प्रयास किये जायेंगे।

नगर में पार्किंग की व्यवस्था न होने से स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। साप्ताहिक बाजार के दिनों में तो पूरी सड़क और बस स्टैंड वाहनों से ठसाठस भर जाता है, जिसके कारण बसों को सड़क पर पार्क करना पड़ता है और यातायात पूरी तरह से बाधित हो जाता है। इस कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

स्थानीय निवासियों ने नगरीय प्रशासन से मांग की है कि शहर में वाहनों को पार्क करने के लिए उचित जगह निर्धारित की जाए, जिससे बस स्टैंड और सड़कों पर अव्यवस्था की स्थिति न बने। इसके साथ ही, पुलिस प्रशासन से अपेक्षा की गई है कि नगर की यातायात व्यवस्था पर ध्यान दिया जाए, जिससे जाम और सड़क हादसों को रोका जा सके। व्यापारियों और यात्रियों का कहना है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो स्थिति और भी खराब हो सकती है।

संपादकीय

# कैसे लौटेगा जवान?

पंजाब के फिरोजपुर बॉर्डर पर गलती से सरहद लांघ कर पड़ोसी मुल्क की सीमा से पाकिस्तानी सेना द्वारा पकड़े गए सीमा सुरक्षा बल जवान पूर्णम शॉ को अभी तक रिहा नहीं किया गया है। चार दिन बीत जाने के बावजूद पाकिस्तानी रेंजर्स बीएसएफ कांस्टेबल पूर्णम शॉ को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। बीएसएफ और पाक रेंजर्स के बीच कई फ्लैग मीटिंग भी हो चुकी है, लेकिन हर मीटिंग बेनतीजा रही।

इधर, बीएसएफ अधिकारियों को पाकिस्तान की हिरासत में कांस्टेबल पूर्णम शॉ की चिंता सता रही है। यह भी चिंता हो रही है कि पाकिस्तानी सेना बीएसएफ जवान के साथ किस तरह का सलूक कर रही होगी। चार दिन का समय बहुत ज्यादा होता है। इससे पहले जब कभी भी गलती से कोई जवान एक-दूसरे मुल्क की सीमा में आता या जाता था तो उसे फ्लैग मीटिंग के बाद वापस लौटा दिया जाता था। कई बार तो दोनों देशों के नागरिकों को भी इसी तरह सुरक्षित लौटाया भी गया है। लेकिन, इस बार पहलगाम हमले की वजह से दोनों देशों के बीच पैदा हुए तनाव के बाद पाकिस्तान रेंजर्स बीएसएफ जवान को लौटाने में आनाकानी कर रहे हैं। कई प्रयासों के बावजूद पाकिस्तान रेंजर्स ने अब तक जवान को वापस नहीं सौंपा है और उसके ठिकाने को लेकर कोई जानकारी देने से इनकार किया है। इस घटना के बाद भारत-पाकिस्तान सीमा पर सभी बीएसएफ यूनिट्स को हाई अलर्ट पर रखा गया है। बीएसएफ अब रेंजर्स के साथ फील्ड कमांडर स्तर की बैठक कराने की कोशिश कर रही है, ताकि जवान को जल्द से जल्द सुरक्षित भारत वापस लाया जा सके। गौर करने वाली बात यह है कि कई बार पाकिस्तानी गांव से बच्चे और लोग गलती से भारत की सीमा में घुस जाते हैं क्योंकि पाकिस्तान की तरफ कोई फेंसिंग नहीं लगी है, सिर्फ एक सफेद पिलर है वह भी काफी दूरी पर लगे हैं। जबकि भारत की तरफ जो फेंसिंग की गई है उस तरफ भी भारत की काफी जमीन है। ऐसे में कई बार पाकिस्तानी ग्रामीण भारत के इलाके में आ जाते थे तो बीएसएफ उन्हें पाकिस्तानी रेंजर्स को सौंप देती थी।

पुलवामा हमले के बाद विंग कमांडर अभिनंदन का उदाहरण सामने है, जब भारत ने जेनेवा कन्वेंशन का हवाला देकर पाकिस्तान पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाया था। अब पूर्णम शॉ के मामले में भी पाकिस्तान के पास कोई विकल्प नहीं है। उसे नियमों का पालन करते हुए बीएसएफ जवान को रिहा करना ही होगा, वरना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसे अलग-थलग पड़ने का खतरा रहेगा। जेनेवा कन्वेंशन युद्धबंदियों के अधिकारों की रक्षा के लिए बना है। इसके तहत पकड़े गए सैनिक को प्रताड़ित करना, अपमानित करना या प्रचार के लिए इस्तेमाल करना अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन है। पाकिस्तान ने भी इस कन्वेंशन पर हस्ताक्षर किए हैं, इसलिए उसे पूर्णम शॉ को जल्द से जल्द भारत वापस लौटाना होगा, अन्यथा उसे वैश्विक निंदा और प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। भारत इस समय एक सख्त कूटनीतिक रुख अपनाए हुए है। बीएसएफ जवान की रिहाई के लिए भारत न सिर्फ राजनयिक स्तर पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी दबाव बना सकता है। पाकिस्तान के लिए, भारत से बढ़ते तनाव के बीच इस तरह की गलती महंगी साबित हो सकती है। अब देखना होगा कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय दबाव के आगे कब तक टिक पाता है और पूर्णम शॉ कब वतन लौटते हैं।

# अब पाकिस्तान का सही, पक्का और स्थाई इलाज जरूरी

चेतनादित्य आलोक

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम के लोकप्रिय टूरिस्ट साइट बैसरन घाटी में आतंकवादियों ने जिस प्रकार से धर्म पूछकर निहत्थे, निर्दोष और मासूम पर्यटकों पर गोलियों की बौंछार करके 28 हिंदुओं समेत 30 लाशें बिछा दीं, वह उनकी राक्षसी प्रवृति का परिचायक है। पहलगाम की घाटी बैसरन में बेहद क्रूरतापूर्ण, दुष्टतापूर्ण, अमानवीय एवं असहनीय घटना को अंजाम देने वाले अत्यंत निर्मम, वीभत्स और दैत्य प्रकृति आतंकवादियों को सभ्य मानव समाज के बीच रहने का कोई अधिकार नहीं दिया जाना चाहिए। यही नहीं, उन्हें मानव बस्तियों और समाज से दूर घने और अंधकारपूर्ण जंगलों में भी नहीं रहने दिया जा सकता, क्योंकि यदि उन्हें वहां रहने दिया गया तो जंगली जानवरों और यहां तक कि स्वयं जंगलों का भी महाविनाश निश्चित ही हो जाएगा। ऐसी परिस्थिति में यह प्रश्न किया जाएगा कि फिर वे कहां पर रहें... जाहिर है कि इस प्रश्न का केवल एक ही उत्तर हो सकता है, और वह है कि उनकी अधोगति को उर्ध्वगति में परिवर्तित कर उनका कल्याण कर दिया जाए। यानी उन्हें भी ऊपर भेज दिया जाए, लेकिन यह मामला इतना सहज भी नहीं है, क्योंकि यदि ऐसा किया गया तो मानव अधिकारों की बात करने वाले लोग और संगठन उन राक्षसों के भी मानव आकिारों की वकालत करना शुरू कर देंगे। इतना ही नहीं, ये उन राक्षसों के मानव आकिारों की वकालत बेहद जोर-शोर से करेंगे।

ऐसा ये इसलिए करेंगे, ताकि उनकी आवाज दूर-दूर तक पहुंच सके, अन्यथा भारत के कोने-कोने तथा दूर देशों में बैठे इनके पैरोकारों, सहयोगियों और हमदर्दों से इन्हें पान-फूल और शाबाशियां कैसे मिल पाएंगी। वैसे, देखा जाए तो हम सब इनके कृत्यों के लिए इन्हें व्यर्थ ही बदनाम करते रहते हैं। वास्तव में, इसमें इनका कोई दोष भी नहीं है, क्योंकि इस प्रकार की वकालत करना तो हमेशा से ही, बल्कि कहा जाए कि इनका खानदानी व्यवसाय रहा है। ...और यही कारण है कि यह व्यवसाय इनसे छुड़ाए नहीं छूटता है। जाहिर है कि पुश्तों से मुंह की लगी इतनी आसानी से कैसे छूटेगी भला। खैर, नहीं छूटती तो, न छोड़ें ये, हम इनके इस मुंह की लगी को छुड़ाने का जिम्मा ले लें, यही उचित है। तात्पर्य यह कि ये अपना कार्य (अपनी वकालत) करते रहें... आतंकवादी भी (अपनी राक्षसी प्रवृति को आगे बढ़ाने का) अपना नियत कार्य करते रहें... और हम सभी 142 करोड़ भारतवासी एकजुट होकर अपने कर्तव्यों को पूरी ईमानदारी से अंजाम तक पहुंचाने के लिए तत्पर रहें, ताकि इनकी मुंह की लगी वकालत को भी सही राह दिखाई जाए और उनकी राक्षसी प्रवृति का समूल नाश भी किया जा सके। स्मरण रहे कि जब तक इनकी मुंह की लगी और उनकी राक्षसी प्रवृति का पूरा-पूरा हिसाब नहीं किया जाएगा, वे हमारे निहत्थे, निर्दोष और मासूम लोगों के साथ धर्म पूछ-पूछकर खून की होली यों ही खेलते रहेंगे।

पहलगाम की उस बेहद क्रूरतापूर्ण, दुष्टतापूर्ण, अमानवीय एवं असहनीय घटना के बाद से ही देश की मीडिया में और राजनीतिक मंचों पर बार-बार यह बात कही-सुनी जा रही है कि आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हिंदुओं की हत्या की है, जबकि सच तो यह है कि पिछले 78 वर्षों से लगातार आतंकवादी धर्म पूछकर हिंदुओं की हत्याएं करते आ रहे हैं। यदि हम इसे नहीं मानते, तो समझिए कि स्वयं को झूठी तसल्ली दे रहे हैं। दरअसल, यह पाकिस्तानी सेना द्वारा प्रायोजित धार्मिक (इस्लामिक) जिहाद है, जिसकी शुरूआत लगभग 32 वर्ष पूर्व जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ कस्बे के सरयल इलाके में एक यात्री बस से 17 हिन्दुओं को उनकी जांच-पड़ताल कर मौत के घाट उतार दिया था। कश्मीरी पंडितों के नरसंहार के बाद वह पहला सबसे बड़ा नरसंहार था। उसके उपरांत तो धर्म पूछकर और जांच-पड़ताल कर हत्याएं करने का जो सिलसिला जम्मू कश्मीर में शुरू हुआ, वह 136 नरसंहारों के बाद भी नहीं थमा है। हालांकि, वर्ष 2006 के उपरांत ऐसे नरसंहारों में थोड़ी बहुत कमी आई थी, लेकिन वर्ष 2023 में एक जनवरी की रात आतंकवादियों ने राजौरी जिले के डांगरी गांव में 07 हिन्दुओं के आधार कार्ड जांच कर मार डालने की घटना ने एक बार फिर अधिकारियों को चौंका दिया था।



जम्मू-कश्मीर में हुए हिन्दुओं के कुछ अन्य बड़े नरसंहारों में 13-14 अगस्त 1993 को डोडा जिले के किश्तवाड़ कस्बे में सरथल-किश्तवाड़ मार्ग पर यात्री बस से उतार कर 17 हिन्दू यात्रियों को मारना, 14 मई 1995 को दोहरी भरथ में 06 हिन्दुओं की हत्या करना, 15 जनवरी 1996 को डोडा जिले के किश्तवाड़ कस्बे के बरशाला क्षेत्र में 16 हिन्दुओं की हत्या करना, 12 जनवरी 1996 को डोडा जिले के भद्रवाह कस्बे में 07 हिन्दुओं की हत्या करना, 06 मई 1996 को डोडा की रामबन तहसील के सुम्बर गांव में 17 हिन्दुओं की हत्या करना, 07-08 जून 1996 को डोडा जिले के कमलाड़ी गांव में 09 हिन्दुओं की हत्या करना, 25 जून 1996 को डोडा के सियुधार क्षेत्र में 13 हिंदुओं की हत्या करना, 07 अप्रैल 1997 को कश्मीर घाटी के संग्रामपुरा गांव में 07 कश्मीरी पंडितों की हत्या करना, 24 सितम्बर 1997 को राजौरी जिले के सवाड़ी गांव में 08 हिन्दुओं की हत्या करना, 26 जनवरी 1998 को कश्मीर के वंदहामा गांव में 23 कश्मीरी पंडितों की हत्या करना, 16 अप्रैल 1998 को डोडा के देस्सा क्षेत्र में 09 की हत्या करना, 17 अप्रैल 1998 को उधमपुर के प्राणकोट एवं ढाकीकोट गांवों में 29 लोगों की हत्या करना, 05 मई 199 को पुंछ के सुरनकोट क्षेत्र में 05 हिन्दुओं की हत्या करना और 06 मई 1998 को डोडा के देस्सा गांव में 11 सुरक्षा समिति के हिन्दू सदस्यों की हत्या करना शामिल है।

इनके अतिरिक्त, 19 जून 1998 को डोडा के चम्पनारी में 29 हिन्दू बारातियों की हत्या करना, जिनमें 03 दूल्हे भी शामिल थे। 27 जुलाई 1998 को डोडा में किश्तवाड़ के छिन्नाठकुराई एवं श्रवण गांवों में 20 हिन्दुओं की हत्या करना, 28 जुलाई 1998 को डोडा के सरवान क्षेत्र में 08 लोगों की हत्या करना, 19 फरवरी 1999 को राजौरी जिले के बल-चराल गांव में 09 हिन्दू बारातियों की हत्या करना, 19 फरवरी 1999 को राजौरी में कालाकोट क्षेत्र के बनियारी में 10 हिन्दुओं की हत्या करना, 29 जून 1999 को अनंतनाग के संथू गांव में 12 बिहारी श्रमिकों की हत्या करना, 01 जुलाई 1999 को मेंढर के आड़ी गांव में दो हिन्दू परिवारों के 09 सदस्यों की हत्या करना, 19 जुलाई 1999 को डोडा के काठरी गांव में 05 हिन्दू परिवारों के 15 सदस्यों की हत्या करना, 28 फरवरी 2000 को पुंछ के मेंढर कस्बे में 05 हिन्दुओं की हत्या करना, 29 फरवरी 2000 को काजीगुंड में 05 सिख ट्रक चालकों की हत्या करना, 20 मार्च 2000 को कश्मीर के छत्तीसिंह पोरा में 36 सिखों की हत्या करना, 01 अगस्त 2000 को पहलगाम में 32 हिंदुओं की हत्या करना, जिनमें 29 अमरनाथ यात्री भी शामिल थे, 02 अगस्त 2000 को डोडा के बनिहाल कस्बे के पोगल में 12 हिन्दुओं की हत्या करना तथा 02 अगस्त सन् 2000 को अनंतनाग के अछावल में आठ प्रवासी श्रमिकों की हत्या करना शामिल है।

इसी प्रकार, 02 अगस्त 2000 को अनंतनाग के काजीगुंड में 19 प्रवासी श्रमिकों की हत्या किया जाना, 22 नवम्बर 2000 को बनिहाल में राजमार्ग पर 05 हिन्दू-सिख ट्रक ड्राइवरों की हत्या करना, 24 नवम्बर 2000 को डोडा के किश्तवाड़ कस्बे में 05 हिन्दुओं की हत्या किया जाना, 03 फरवरी 2001 को श्रीनगर के महजूर नगर में 08 सिखों की हत्या करना, 10 मई 2001 को किश्तवाड़ के अठोली-पाडर के सजार कस्बे में 08 हिन्दुओं की गला रेत कर हत्या करना, 21 जुलाई 2001 को अमरनाथ यात्रा के पड़ाव स्थल शेषनाग में 07 तीर्थयात्रियों सहित 13. की हत्या किया जाना, 21 जुलाई 2001 को डोडा जिले के किश्तवाड़ तहसील के छात्रू क्षेत्र में 05 हिन्दुओं की हत्या करना, 21 जुलाई 2001 को डोडा जिले की किश्तवाड़ तहसील के वाडवान क्षेत्र में चिरजी मोहड़ा गांव में 15 हिन्दुओं की हत्या किया जाना, 04 अगस्त 2001 को डोडा जिले के किश्तवाड़ तहसील के सरूतधार क्षेत्र में 16 हिन्दुओं की हत्या करना, 01 जनवरी 2002 को पुंछ के मगवार गांव में एक हिन्दू परिवार के 06 सदस्यों की हत्या करना, 31 जनवरी 2002 को उधमपुर के रियासी कस्बे में 04 प्रवासी श्रमिकों की हत्या किया जाना, 17 फरवरी 2002 को राजौरी के कालाकोट क्षेत्र के निराला गांव में एक हिन्दू परिवार के 08 सदस्यों की हत्या करना एवं 30 मार्च 2002 को जम्मू के रघुनाथ मंदिर पर हमला कर 08 हिन्दुओं को मौत के घाट उतार दिया जाना शामिल है।

गौरतलब है कि हाल ही में, पाकिस्तानी प्रधानमंत्री, अन्य मंत्रियों, संत्रियों, आर्मी अफसरों, फौजियों आदि की मौजूदगी में हिंदुओं के विरूद्ध जहरीली तकरीर दी थी। उसने हिंदुओं को मुसलिमों से बदतर बताया तथा धार्मिक (इस्लामिक) जिहाद के लिए पाकिस्तानी फौज एवं आतंकवादियों को प्रेरित और प्रोत्साहित किया था, जिसके महज कुछ ही दिनों के भीतर उसके पाले-पोसे कुत्तों ने पहलगाम के लोकप्रिय टूरिस्ट साइट बैसरन घाटी में 28 हिंदुओं का कत्लेआम कर दिया। इससे पहले, 14 फरवरी 2019 को सीआरपीएफ के काफिले पर हुआ पुलवामा अटैक भी इसी जनरल मुनीर ने कराया था, जबकि हम उनके आतंकियों को मारकर अपनी पीठ थपथपाते रहे। पता नहीं हम इस बात को क्यों नहीं समझ पाते हैं कि हिंदुओं की हत्याओं का ये सिलसिला तब तक नहीं रूकने वाला, जब तक कि पाकिस्तान का सही, पक्का और स्थाई ईलाज नहीं किया जाएगा। इसके लिए सबसे जरूरी यह है कि हम समस्या की जड़, यानी भारत और 142 करोड़ भारतीयों के वास्तविक दुश्मन को पहचानें। वह दुश्मन पाकिस्तानी आर्मी चीफ जनरल मुनीर है, मसूद अजहर और हाफिज सईद जैसे आतंकी नहीं। ये आतंकी तो महज उसके प्यादे हैं, जिनका उपयोग कर पाकिस्तान बार-बार भारत की आत्मा को लहूलुहान करता रहता है। हमें भी अब अपना एजेंडा बदलना होगा। हमें पाकिस्तानी पंजाबी फौजियों का खून बहाना होगा, ताकि उन्हें उस जगह पर चोट लगे, जहां उन्हें सबसे अधिक दर्द होता है। यकीन मानिए, यदि हमने ऐसा कर दिया तो उनका सही, पक्का और स्थाई इलाज हो जाएगा। इसलिए बिना देर किए भारत सरकार और एजेंसियों को पाकिस्तान का सही, पक्का और स्थाई ईलाज करने में जुट जाना चाहिए।

**-वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार, स्तंभकार एवं राजनीतिक विश्लेषक, रांची, झारखंड**

# कैलाश मानसरोवर यात्रा



आदित्य कुमार चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

पांच साल के अंतराल के बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा 30 जून से शुरू हो रही है। भारत और चीन के बीच संबंधों को सुधारने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। यह यात्रा भगवान शिव के निवास स्थान के रूप में मानी जाती है, जहां हर साल हजारों श्रद्धालु आते हैं। चीन ने 2020 में सीमा विवाद के कारण इसे रोक दिया था।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच चीन के रवैये को लेकर भले ही सवाल उछल रहे हों लेकिन अच्छी खबर यह है कि 5 साल बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा इस वर्ष 30 जून से शुरू हो रही है जो 25 अगस्त तक चलेगी। भारतीय विदेश मंत्रालय ने तीर्थयात्रियों के पंजीकरण के लिए वेबसाइट भी खोल दी है। वर्ष 2020 में सीमा पर गतिरोध पैदा हो जाने के बाद से ही चीन ने यह यात्रा रोक दी थी। सीमा पर गतिरोध के चलते गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों में संघर्ष भी हुआ था। 5 साल के अंतराल के बाद यात्रा को फिर से शुरू करना दोनों देशों के रिश्तों को सामान्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मान्यता है कि कैलाश मानसरोवर भगवान शिव का निवास है। कैलाश पर्वत 22028 फीट ऊंचा एक पत्थर का पिरामिड है जिस पर साल भर बर्फ की सफेद चादर लिपटी रहती है। हर साल कैलाश-मानसरोवर की यात्रा करने, शिव-शंभु की आराधना करने, हजारों साधु-संत, श्रद्धालु, दार्शनिक यहां एकत्रित होते हैं, जिससे इस स्थान की पवित्रता और महत्ता काफी बढ़ जाती है। मान्यता है कि यह पर्वत स्वयंभू है। कैलाश-मानसरोवर उतना ही प्राचीन है, जितनी प्राचीन हमारी सृष्टि है। इस अलौकिक जगह पर प्रकाश तरंगों और ध्वनि तरंगों का समागम होता है, जो की प्रतिध्वनि करता है। इस पावन स्थल को भारतीय दर्शन के हृदय की उपमा दी जाती है, जिसमें भारतीय सभ्यता की झलक प्रतिबिंबित होती है। कैलाश पर्वत की तलछटी में कल्पवृक्ष लगा हुआ है। कैलाश पर्वत के दक्षिण भाग को नीलम, पूर्व भाग को क्रिस्टल, पश्चिम को रूबी और उत्तर को स्वर्ण रूप में माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार यह जगह कुबेर की नगरी है। यहीं से महाविष्णु के करकमलों से निकलकर गंगा कैलाश पर्वत की चोटी पर गिरती है, जहां प्रभु शिव उन्हें अपनी जटाओं में भर धरती में निर्मल धारा के रूप में प्रवाहित करते हैं।

हिन्दू धर्म के चार वेदों में से एक ऋग्वेद में भी कैलाश पर्वत का उल्लेख है। यही वजह है कि हिन्दुओं के लिए यह एक पवित्र जगह है। जैन धर्म में यह मान्यता है कि प्रथम तीर्थंकर ऋषभनाथ ने यहीं से मोक्ष प्राप्त किया था। बौद्ध ग्रंथों में इसे ब्रह्मांड का केन्द्र बिन्दु बताया गया है। भारत और चीन ने पिछले वर्ष अक्तूबर में समझौते के तहत डेमचौक और देपसांग से अपने-अपने सैनिकों को पीछे हटा लिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग तब पांच वर्ष बाद रूस के कजान शहर में मिले थे। तब दोनों देशों ने आपसी संबंधों की स्थिति पर चर्चा की थी। इसके बाद दोनों देशों ने कैलाश मानसरोवर यात्रा और उड़ानें शुरू करने का फैसला किया था। कैलाश मानसरोवर का ज्यादातर एरिया तिब्बत में है और तिब्बत पर चीन का अधिकार है। 20 मई,2013 को भारत और चीन के बीच लिपुलेख दर्रे से होकर कैलाश मानसरोवर जाने के लिए पहला समझौता हुआ था। तब इस यात्रा के लिए लिपुलेख दर्रा खोला गया था। दूसरा समझौता 18 सितम्बर, 2014 को नाथुला के जरिये कैलाश मानसरोवर जाने वाले रास्ते को लेकर हुआ था।

भारत और चीन ने इसी वर्ष कूटनीतिक रिश्तों के 75 वर्ष पूरे किए। वर्ष 1950 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और उस समय के चीनी राष्ट्रपति माओ त्से तुंग ने राजनीतिक संबंधों की औपचारिक शुरूआत की थी, परन्तु 1962 के चीनी हमले के बाद दोनों देशों के रिश्ते ठंडे पड़े रहे। यह भी सच है कि चीन को पूर्वी लद्दाख गतिरोध के दौरान पहली बार भारत के कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ा, जिसकी उसने कल्पना भी नहीं की थी। चीन को इस बात का अहसास हो चुका है कि भारत अब न केवल बड़ी आर्थिक शक्ति है बल्कि उसकी सैन्य शक्ति में भी बहुत वृद्धि हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा लगाए जा रहे टैरिफ से वैश्विक परिदृश्य पर नए-नए समीकरण बनते दिखाई दे रहे हैं। यही कारण है कि चीन अब कह रहा है कि भारत और चीन को आपस में सहयोग करना चाहिए। ड्रैगन और हाथी को एक साथ डांस करना चाहिए। संबंधों में जटिलता के बावजूद एशियाई युग लाने के लिए दोनों देशों को एक-दूसरे के करीब आना ही चाहिए। ऐसे में इस बात की सम्भावनाएं बन रही हैं कि दोनों देशों के बीच नए आर्थिक समीकरण बन जाएं।

भारत और पाकिस्तान में अगर युद्ध होता है तो रक्षा विशेषज्ञ इस बात की सम्भावना से इंकार नहीं कर रहे कि हो सकता है चीन पाकिस्तान के पाले में खड़ा दिखाई दे। रक्षा विशेषज्ञों की राय चीन पर भरोसे की कमी की ओर ही इशारा कर रही है। अब जबकि भारत में चीन के नए राजदूत ने भारतीय वस्तुओं और सेवाओं के लिए चीन के बाजार और अधिक खोलने की बात कही है, तो चीन को पाकिस्तान के समर्थन में नहीं खड़े होकर भारत को सहयोग का भरोसा देना होगा। वैश्विक भू-राजनीति एक बार फिर अस्थिरता के दौर में है। ऐसे में जरूरी है कि भारत-चीन संबंधों की उष्मा आगे भी बनी रहे।

# कमरे की आखिरी मोमबत्ती

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

व्यंग्य

ऊंचे मकान के भीतर एक छोटा सा कमरा। चार दीवारें और एक धूलभरा फर्श। इस कमरे का एक मात्र जीवंत साथी - एक मोमबत्ती। रवींद्रन, एक बत्तीस वर्षीय नौजवान, उसी मोमबत्ती की लौ में अपनी जिंदगी के अंधेरे को थोड़ा सा उजाला देने की कोशिश करता था। उसकी आँखों में अजीब सी गहराई थी, मानो उनकी भाषा में केवल पीड़ा लिखी गई हो। मोहल्ले के लोग कहते थे, अरे, रवींद्रन, तुझे नौकरी चाहिए या दुनिया बदलने का काम? पर उसकी खामोशी का जवाब केवल मोमबत्ती देती थी, झिलमिलाते हुए। जिंदगी में कितना अंधेरा है, रवींद्रन। लेकिन तुमने तो इस मोमबत्ती के साथ दोस्ती कर ली, सुदर्शन ने मजाक उड़ाया था। रवींद्रन ने मुस्कुरा कर कहा, इस मोमबत्ती में तो मेरी पूरी जिंदगी कैद है। क्या तुमने भी अपनी जिंदगी को कभी मोमबत्ती में ढूंढ़ा है? उसकी बातें रहस्यमयी थीं, पर सुदर्शन को उस दिन पहली बार रवींद्रन के अंदर जलते दर्द की लौ समझ आई।



यह मोमबत्ती केवल मोम और धागा भर नहीं थी। यह तो एक इंसानी भावना का प्रतीक थी। हर बार जब रवींद्रन रात की खामोशी में उसे जलाता, वह मानो अपनी बातें उससे साझा करता। तू भी खत्म हो जाएगी, जैसे मैं धीरे-धीरे खत्म हो रहा हूँ, रवींद्रन ने एक बार कहा था। उस रात, मोमबत्ती की लौ भी जैसे आँसू बहा रही थी।

मोहल्ले में कुछ बच्चे उस कमरे के बाहर खेलते थे। वे हँसते थे, गाते थे। लेकिन जब वे रवींद्रन को देखते, उन्हें लगता कि उनकी हँसी की गूँज उस कमरे की दीवारों पर टकरा कर लौट आती है। एक बच्चा, आर्यन, रवींद्रन के कमरे के पास खड़ा होकर कहा करता था, दादा, हमें भी अंदर बुला लो, हमें भी उस मोमबत्ती की रोशनी में कुछ देखना है। पर रवींद्रन हमेशा उन्हें एक हल्की मुस्कान देकर मना कर देता। वह जानता था कि उसकी दुनिया में किसी और को लाना अपराध जैसा होगा।

रवींद्रन ने अपनी जिंदगी का हर हफ्ता उस मोमबत्ती के साथ बिताया। लेकिन एक रात, वह अचानक गायब हो गई। पड़ोसियों ने देखा, मोमबत्ती का जलना बंद हो गया था। कुछ लोग यह मानते थे कि रवींद्रन को कोई बड़ी नौकरी मिल गई। लेकिन उसकी कहानी कहीं और लिखी जा चुकी थी। वह मोमबत्ती के साथ अपनी जिंदगी को खत्म करने की कसम खा चुका था।

एक रात, कमरे की आखिरी मोमबत्ती बुझ गई। और उसी के साथ, रवींद्रन की कहानी का अंत। उसके कमरे में केवल उसकी परछाईं बाकी थी, जो दीवारों पर टिकी हुई थी। मोहल्ले के लोग उसकी याद में रोते रहे। लेकिन वह मोमबत्ती... वह अब भी वहाँ थी, जैसे उसका दर्द कह रही हो। हर बार किसी के हाथ से जलाने के लिए तैयार, पर रवींद्रन की कहानी को कभी भूलने की कसम खाए हुए। उसकी रोशनी अब कमरे को रोशन नहीं करती, पर उसकी आत्मा को जरूर करती थी।

कहानी खत्म। पाठकों की आँखें भीगी, दिल भारी। मोमबत्ती का दर्द, और रवींद्रन का अस्तित्व हमेशा इस दुनिया में गूँजता रहेगा। किसी कमरे में, किसी मोमबत्ती में।

# न्यायिक नियुक्ति आयोग के खात्मे का दर्द नहीं भूली केंद्र सरकार

**सुप्रीम कोर्ट केंद्र सरकार की इस मंशा को भाप गया था। वर्ष 2015 में दिए गए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को असंवैधानिक बताते हुए निरस्त कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जजों की नियुक्ति में न्यायपालिका की स्वतंत्रता को बनाए रखना महत्वपूर्ण है और न्यायिक आयोग इस स्वतंत्रता को खतरे में डालता है।**

योगेंद्र योगी

राज्यपाल और राष्ट्रपति के बिल रोकने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों से केंद्र सरकार से उत्पन्न टकराहट की जड़ में न्यायिक नियुक्ति आयोग पर दिया गया फैसला है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर केंद्र सरकार द्वारा संसद में पारित किए गए न्यायिक नियुक्ति आयोग को निरस्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम व्यवस्था को जारी रखा था। इस आयोग के जरिए केंद्र सरकार चाहती थी कि न्यायाधीशों की नियुक्ति में उसकी भी भूमिका होनी चाहिए। अकेले सुप्रीम कोर्ट को यह हक नहीं होना चाहिए कि अपने चहेते न्यायाधीशों की नियुक्ति करे। केंद्र सरकार की न्यायिक आयोग बनाए जाने की मंशा यही थी कि महत्वपूर्ण मुद्दों पर उसके द्वारा चयनित न्यायाधीशों के मौजूद होने से पक्ष में फैसला होने की संभावना रहेगी। न्यायिक आयोग में सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीशों के साथ केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों का भी प्रावधान किया गया था।

सुप्रीम कोर्ट केंद्र सरकार की इस मंशा को भाप गया था। वर्ष 2015 में दिए गए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को असंवैधानिक बताते हुए निरस्त कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जजों की नियुक्ति में न्यायपालिका की स्वतंत्रता को बनाए रखना महत्वपूर्ण है और न्यायिक आयोग इस स्वतंत्रता को खतरे में डालता है। इस फैसले पर भी खूब वाद-विवाद हुआ था। न्यायिक आयोग के जरिए केंद्र सरकार पर सुप्रीम कोर्ट में दखलंदाजी करने और इसे राजनीतिक अखाड़ा बनाने की बात कही गई थी। दूसरी तरफ न्यायिक आयोग की पैरवी करने वाले केंद्र सरकार के पैरवीकारों का कहना था कि न्यायाधीशों की नियुक्ति में भाई-भतीजावाद हावी है। आयोग के निरस्त होने का रंज केंद्र सरकार को अभी तक है। इसी वजह से राज्यपाल और राष्ट्रपति के बिल रोकने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से केंद्र सरकार से छत्तीस का आंकड़ा बन गया है। तमिलनाडु बनाम राज्यपाल मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल की तरह राष्ट्रपति के लिए भी दी समय-सीमा बताई है।



सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा सुरक्षित रखे गए विधेयकों पर 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा। राज्य राष्ट्रपति की निष्क्रियता के खिलाफ अदालत जा सकते हैं। इस अवधि से अधिक किसी भी देरी के मामले में, उचित कारणों को दर्ज करना होगा और संबंधित राज्य को बताना होगा। राज्यों से यह भी अपेक्षित है कि वे सहयोगात्मक बनें तथा उठाए जाने वाले प्रश्नों के उत्तर देकर सहयोग प्रदान करें तथा केंद्र सरकार द्वारा दिए गए सुझावों पर शीघ्रता से विचार करें। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद राजनीतिक बवंडर आ गया। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट के एक फ़ैसले को लेकर न्यायपालिका के बारे में सख्त टिप्पणी कर दी। उन्होंने कहा कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। उप राष्ट्रपति ने इसकी ओर इशारा करते हुए कहा कि संविधान का अनुच्छेद 142 एक ऐसा परमाणु मिसाइल बन गया है जो लोकतांत्रिक ताक़तों के खिलाफ न्यायपालिका के पास चौबीसों घंटे मौजूद रहता है। उन्होंने कहा कि देश में ऐसी स्थिति नहीं हो सकती कि आप राष्ट्रपति को निर्देश दें। सुप्रीम कोर्ट को ये अधिकार किसने दिया है और वो किस आधार पर ऐसा कर सकता है।

गौरतलब है कि संविधान का अनुच्छेद 142 सुप्रीम कोर्ट को ये अधिकार देता है कि वो पूर्ण न्याय करने के लिए कोई भी आदेश, निर्देश या फ़ैसला दे सकता है चाहे वो किसी भी मामले में क्यों न हो। लेकिन उप राष्ट्रपति ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट सिर्फ संविधान की व्याख्या कर सकता है। धनखड़ ने कहा कि हमारे पास ऐसे जज हैं जो अब कानून बनाएंगे, कार्यपालिका का काम करेंगे और एक सुपर संसद की तरह भी काम करेंगे और कोई जिम्मेदारी नहीं लेंगे, क्योंकि इस देश का क़ानून उन पर लागू तो होता नहीं। उप राष्ट्रपति ने हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा के दिल्ली आवास से कथित तौर पर जले नोट मिलने के बाद भी एफआईआर दर्ज न होने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि ये घटना किसी आम आदमी के घर में होती तो बिजली की गति से कार्रवाई होती। लेकिन यहां तो बैलगाड़ी की रफ़्तार से भी कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा का चुनाव हो या लोकसभा का हर सांसद, विधायक और उम्मीदवार को अपनी संपत्ति घोषित करनी होती है लेकिन वे (जज) ऐसा कुछ नहीं करते।

इस पर पलटवार करते हुए डीएमके राज्यसभा सांसद तिरुचि शिवा ने कहा कि संविधान की रक्षा करने का अधिकारी होने से किसी व्यक्ति को ये अधिकार नहीं मिल जाता कि वो संसद में पारित विधेयकों को अनिश्चित काल तक रोक कर रख सकता है। सीपीआई नेता डी राजा ने कहा कि लोकतांत्रिक ढांचे को बचाए रखने लिए चेक एंड बैलेंस जरूरी है। संविधान का अनुच्छेद 74(1) यह साफ कहता है कि राष्ट्रपति मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह से बंधे हैं। राष्ट्रपति सर्वोच्च संवैधानिक पद पर रहते हुए, ऐसे मामलों में स्वतंत्र विवेक का इस्तेमाल नहीं करते। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति की टिप्पणी आरएसएस-भाजपा की ओर से विपक्ष के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों को कमज़ोर करने के लिए राज्यपाल की शक्तियों के दुरुपयोग को सही ठहराती है। हाल के वर्षों में ऐसी प्रवृति ख़तरनाक ढंग से बढ़ी है। सीनियर एडवोकेट और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि अगर कार्यपालिका अपना काम नहीं कर रही है, तो न्यायपालिका को हस्तक्षेप करने का पूरा अधिकार है। सिब्बल ने उपराष्ट्रपति के बयानों को राजनीतिक करार देते हुए कहा कि उन्होंने आज तक किसी राज्यसभा सभापति को ऐसे बयान देते नहीं देखा। उन्होंने कहा कि राष्टपति केवल नाममात्र की प्रमुख हैं। वे कैबिनेट की सलाह और स्वीकृति पर कार्य करते हैं। उनके पास कोई व्यक्तिगत निर्णय लेने की शक्ति नहीं होती। सिब्बल ने कहा कि अगर कार्यपालिका अपना काम नहीं कर रही है, तो न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना चाहिए। ऐसा करना उनका अधिकार है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि न्यूक्लियर मिसाइल तो नोटबंदी थी, तब किसी को तकलीफ नहीं हुई? दरअसल सत्तारुढ राजनीतिक दलों के राजनीतिक उद्देश्य होते हैं, जब ये संविधान के दायरे में पूरा नहीं होते तब अदालतों से टकराहट की नौबत आती है। इसकी पुनरावृत्ति निश्चित तौर पर लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए घातक है। ऐसे विवादस्पद मुद्दों को सभी पक्षों को मिलबैठ कर निपटाने से ही देश की संवैधानिक विविधता और एकता-अखंडता मजबूत रहेगी।

# बाबा केदार चले अपने धाम, 2 मई को खुलेंगे कपाट, बैंड की धुन के बीच पंचमुखी मूर्ति संग पैदल रवाना हुए श्रद्धालु

देहरादून/ उखीमठ/रूद्रप्रयाग

श्री केदारनाथ धाम के कपाट आगामी दो मई को श्रद्धालुओं के लिए खुलने जा रहे हैं। धाम के कपाटोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। वहीं सोमवार को सेना के बैंड की भक्तिमय धुन के साथ बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली ने रावल की अगुवाई में अपने धाम के लिए प्रस?थान किया। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव मूर्ति को पंचस्नान करवाया गया। इसके बाद पंचमुखी उत्सव मूर्ति को डोली में विराजमान कर फूलों से सजाया गया। वहीं, बाबा के शीतकालीन प्रवास स्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ को भी फूलों से भव्यरूप से सजाया गया था। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु केदार बाबा के दर्शन के लिए पहुंचे।

भारतीय सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों के साथ रावल भीमाशंकर लिंग और बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने बाबा केदार की डोली को श्री केदारनाथ धाम के लिए प्रस्थान कराया। विजय प्रसाद थपलियाल ने इस अवसर पर तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज भगवान केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव डोली विभिन्न स्थानों मंदिर मार्ग उखीमठ, संसारी, विद्यापीठ, गुप्तकाशी बाजार में भक्तों को दर्शन देते हुए प्रथम पड़ाव श्री विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी पहुंचेगी।



पंचमुखी मूर्ति अपने प्रथम पड़ाव श्री विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी में रात्रि विश्राम के लिए रुकेगी। इसके बाद 29 अप्रैल को गुप्तकाशी से दूसरे पड़ाव फाटा के लिए प्रस्थान करेगी और यहां रात्रि विश्राम करेगी। 30 अप्रैल को फाटा से श्री गौरीमाता मंदिर गौरीकुंड प्रस्थान एवं रात्रि विश्राम होगा। बताया कि 1 मई को गौरीकुंड से श्री केदारनाथ धाम के लिए प्रस्थान किया जाएगा और शाम तक पंचमुखी डोली श्री केदारनाथ धाम पहुंच जायेगी। 2 मई को सुबह सात बजे श्री केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे।

बीकेटीसी मीडिया प्रभारी हरीश गौड़ ने बताया कि श्री केदारनाथ धाम में भी मंदिर समिति के अग्रिम दल ने यात्रा पूर्व तैयारियां पूरी कर ली है। मंदिर क्षेत्र में पेयजल, विद्युत व्यवस्था, भोग मंडी की साफ-सफाई, मंदिर समिति कार्यालय, पूजा कार्यालय, दर्शन पंक्ति की सामान्य मरम्मत, पुजारियों और कर्मचारियों की आवासीय व्यवस्था संबंधित कार्य किए गए हैं।

केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की प्रक्रिया रविवार से ही शुरू हो गई थी। इस दिन श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में श्री केदारपुरी के रक्षक श्री भैरवनाथ की पूजा.अर्चना हुई। मान्यता के अनुसार जब केदारनाथ धाम के कपाट बंद होते हैं, तो भैरवनाथ भगवान ही समस्त केदारनगरी की रक्षा करते हैं। जब तक भैरवनाथ के कपाट नहीं खोले जाते हैं, तब तक केदारनाथ भगवान की आरती नहीं होती है और भोग भी नहीं लगता है।

### पाक सैन्य अधिकारी का दावा, मौलाना मुनीर के ट्रैप में फंस रहा भारत?

# पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने रची है पहलगाम हमले की साजिश

इस्लामाबाद



पहलगाम आतंकी हमले से ठीक एक हफ्ते पहले पाकिस्तान सेना के प्रमुख असीम मुनीर ने भारत के खिलाफ भड़काऊ बयानबाजी की है। माना जाता है कि कश्मीर में हुए आतंकी हमले के पीछे असीम मुनीर ही मास्टरमाइंड है। असीम मुनीर ने अपनी सत्ता बचाने और एक्सटेंशन लेने के लिए पाकिस्तान को भारत के साथ जंग के दलदल में धकेल दिया है। पाकिस्तानी एक्सपर्ट आफताब इकबाल ने कहा है कि इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है जब पाकिस्तान की ज्यादातर अवाम, पाकिस्तान की सेना के साथ नहीं है। पाकिस्तान की सेना बार बार जनता से साथ देने की अपील कर रही है, लेकिन ज्यादातर अवाम ने पाकिस्तान सेना का साथ देने से मना कर दिया है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान की जो मौजूदा स्थिति है वो भारत के हमला करने के लिए परफेक्ट है। लेकिन सवाल उठ रहे हैं कि क्या असीम मुनीर ने जान बुझकर ऐसे हालात बनाए हैं कि भारत और पाकिस्तान एक भयानक जंग में उलझ जाएं? हालांकि पाकिस्तान से सैन्य अधिकार दशकों से कश्मीर और भारत को लेकर जहरीली और उकसाने वाली बयानबाजी करते रहे हैं, कश्मीर में हजारों लोगों की मौत के पीछे पाकिस्तान की सेना ही मास्टरमाइंड रही है, लेकिन पहले उसे पाकिस्तान की जनता का समर्थन हासिल होता था, जो इस बार नहीं मिल रहा है। असीम मुनीर ने जब प्रवासी पाकिस्तानियों के सम्मेलन में भारत के खिलाफ जहर उगला था तो उसके चेहरे पर हताशा साफ दिख रही थी। मनी कंट्रोल की एक रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के आसपास बढ़ी हुई गतिविधियों को दिखाने वाली खुफिया जानकारी से पता चलता है, कि पाकिस्तान भारत के जवाबी हमले की आशंका कर रहा है। पाकिस्तान ये मानकर चल रहा है कि भारत इस बार हर हाल में हमला करने वाला है। लिहाजा माना जा रहा है कि अगर भारत हमला करता है तो असीम मुनीर की ये रणनीतिक चाल के मुताबिक होगी, जिसके जरिए वो अपनी सत्ता को और मजबूत करना चाहता है। पाकिस्तान सेना के पूर्व अधिकारी आदिल रजा ने दावा किया है कि पाकिस्तानी खुफिया जानकारी से पता चलता है कि असीम मुनीर ने पाकिस्तान के सुपर किंग के रूप में पांच साल का कार्यकाल सुनिश्चित करने के लिए पहलगाम आतंकवादी हमले का आदेश दिया था, जिसे जिया-उल-हक की तरह पांच साल के लिए और बढ़ाया जा सकता था, जिससे देश की गिरावट और क्षेत्रीय स्थिरता को खतरा हो सकता था। यानि आदिल रजा का कहना है की असीम मुनीर का प्लान पांच सालों के लिए सत्ता को अपने हाथ में रखना है और इसीलिए उसने भारत के साथ जंग का रास्ता खोलने का दुस्साहस किया है।

## जनरल असीम मुनीर लापता

**भारत से युद्ध की आशंका के बीच शहबाज शरीफ के ऑफिस से मिले संकेत**

क्या पाकिस्तान के जहरीले आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर देश छोड़कर फरार हो गये हैं? सोशल मीडिया पर असीम मुनीर के देश छोड़कर भागने की खबरें काफी तेज हो गई हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद माना जा रहा है कि भारत, पाकिस्तान के खिलाफ आक्रामक अभियान शुरू कर सकता है, जिसे देखते हुए दोनों पड़ोसी देशों के बीच काफी तनाव है। नई दिल्ली की कूटनीतिक कार्रवाई के बाद पाकिस्तानी नेताओं ने भारत के खिलाफ युद्ध को लेकर अपनी बयानबाजी तेज कर दी है। दूसरी तरफ इस बात की अटकलें लगाई जा रही हैं कि पाक सेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर देश छोड़कर भाग गए हैं। स्थानीय सूत्रों के हवाले से कई रिपोर्ट में दावा किया गया है, कि जनरल मुनीर मिसिंग इन एक्शन हैं। जबकि कुछ रिपोर्ट में कहा गया है कि वह रावलपिंडी में एक बंकर में छिप गए हैं। हालांकि, जब अफवाहें तेजी से फैल रही थीं, तो पाकिस्तान सरकार ने रविवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ जनरल मुनीर की 26 अप्रैल को एबटाबाद में एक कार्यक्रम में भाग लेने की तस्वीर पोस्ट करके इस बात को जताने की कोशिश की, कि असीम मुनीर देश छोड़कर नहीं भागे हैं। इसके कैप्शन में लिखा था, प्रधानमंत्री मुहम्मद शहबाज शरीफ, सेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर और पीएमए काकुल के अधिकारी, पीएमए काकुल, एबटाबाद में 151वें लॉन्ग कोर्स के ग्रेजुएट अधिकारियों के साथ एक ग्रुप फोटो में। इसमें 26 अप्रैल की तारीख दी गई है। माना जा रहा है कि तारीख को जान बूझकर डाला गया है ताकि असीम मुनीर के देश से भागने की अटकलों को शांत किया जाए। कई रिपोर्ट्स में बार बार असीम मुनीर के लापता होने की रिपोर्ट दी गई है। असीम मुनीर को लेकर ऐसी रिपोर्ट्स उस वक्त तैर रही हैं, जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान युद्ध के कगार पर हैं। नई दिल्ली ने इस भयावह हमले के लिए सीमा पार से संबंध होने का आरोप लगाया है, जबकि पाकिस्तान ने आरोपों को नकारा है।

# सीमा को भारत ही रख ले...पाकिस्तान से गुलाम हैदर ने किया ऐलान

इस्लामाबाद

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने सभी पाकिस्तानी नागरिकों से अपने देश लौटने को कहा है। भारत सरकार के इस फैसले के बाद सीमा हैदर के पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर ने पीएम नरेंद्र मोदी से अपने बच्चों को पाक भेजने की अपील की है। गुलाम ने कहा है कि भारत सरकार दूसरे पाकिस्तानियों के साथ मेरे बच्चों को भी भेज दे। गुलाम ने पहलगाम हमले की भी निंदा की है। उसने कहा कि भारत सरकार ने अगर पाकिस्तानियों पर फैसला लिया है तो फिर मेरे बच्चे इससे बाहर क्यों रखे जा रहे हैं।



पाकिस्तान के सिंध प्रांत की रहने वाली सीमा हैदर दो साल पहले नेपाल के रास्ते अपने चार बच्चों के साथ अवैध रूप से भारत आ गई थी। वह अवैध रूप से भारत आने के मामले में फिलहाल जमानत पर है और नोएडा में सचिन मीणा नाम के शख्स के साथ रहती है। सीमा ने सचिन से शादी कर ली है और भारत में ही रहने की इच्छा जताई है। वहीं उसका पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर लगातार कह रहा है कि उसके बच्चे लौटाए जाएं। गुलाम हैदर ने सोमवार को यूट्यूब पर एक वीडियो जारी करते हुए कहा, नरेंद्र मोदी ने वीजा कैंसिल करते हुए पाकिस्तानियों को वापस भेजने का फैसला लिया है। मैं नरेंद्र मोदी, योगी आदित्यनाथ और एस जयशंकर से अपील करता हूं कि सीमा हैदर को जेल और मेरे बच्चों को पाकिस्तान भेजिए। वकील एपी सिंह कहता है कि मोदी सरकार का फैसला सीमा पर लागू नहीं होता। मैं भारत सरकार से पूछना चाहता हूं कि आखिर गैरकानूनी तरीके से गई सीमा आपके कानून से ऊपर कैसे हो गई है।

गुलाम हैदर ने आगे कहा कि सीमा पर कानून काम नहीं करता है तो भारत उसे रख ले लेकिन मेरे चारों बच्चों को भेज दिया जाए। मेरे बच्चों को पास पाकिस्तान की आईडी है और तमाम सबूत हैं, जो बताते हैं कि वो पाकिस्तानी हैं। ऐसे में कम से कम उनको भारत सरकार वापस भेज दे। गुलाम ने कहा कि सीमा भारत में रहना चाहती है तो रहे। हमें सीमा की हमें जरूरत नहीं है। हम उसकी सूरत भी नहीं देखना चाहते हैं। मेरी अपील तो अपने बच्चों के लिए है, जो दो साल से मुझसे दूर हैं।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार की ओर से पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा कैंसिल करने के फैसले के बाद सीमा हैदर ने कहा है कि वह पाकिस्तान की बेटी थी लेकिन अब भारत की बहू है। ऐसे में उसको वापस ना भेजा जाए और नोएडा में ही सचिन के साथ रहने दिया जाए। सीमा ने कहा कि उसको पाकिस्तान से कोई मतलब नहीं है, वह अब भारतीय है।

# परीक्षा में जनेऊ, मंगलसूत्र पर रोक का आदेश गलत, इससे लोगों में गुस्सा पनपता है

बंगलूरू

रेलवे परीक्षा के दौरान धार्मिक प्रतीकों जैसे जनेऊ, मंगलसूत्र आदि के पहनने पर रोक लगाने के फैसले की कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने आलोचना की है और इस आदेश को वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान धार्मिक प्रतीकों की जांच की जा सकती है, लेकिन इन पर पूरी तरह से रोक लगाना अनुचित है। डीके शिवकुमार ने कहा कि इस तरह से आदेश से लोगों में गुस्सा पनपता है। गौरतलब है कि रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड की मंगलवार को परीक्षा होनी है। इस परीक्षा में उम्मीदवारों के धार्मिक प्रतीकों जैसे जनेऊ, मंगलसूत्र आदि पहनने पर रोक लगाने का आदेश जारी किया गया है। इस पर डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि धार्मिक प्रतीक जैसे मंगलसूत्र या जनेऊ आदि की जरूरत पड़ने पर जांच की जा सकती है, लेकिन इन्हें पूरी तरह से हटाना गलत है। हमारा साफ कहना है कि ऐसे धार्मिक प्रतीकों जैसे कान की बाली, मंगलसूत्र, जनेऊ या कमरबंद आदि की जांच की जा सकती है, इसमें कुछ भी गलत नहीं है। लेकिन पूर्व में ऐसी घटनाएं भी हुई हैं, जहां लोगों ने अपने कान में छोटी सी डिवाइस रख ली। ये सही नहीं है। इस आदेश को वापस लिया जाना चाहिए..। मुझे लगता है कि जो भी लोगों में गुस्सा पैदा करे, उसे हटा देना चाहिए। मेरी मांग है कि ऐसे नियम हटाए जाने चाहिए। गौरतलब है कि हिंदूवादी संगठन विश्व हिंदू परिषद ने भी आरआरबी की परीक्षा में धार्मिक प्रतीकों पर रोक के आदेश की आलोचना की है। विश्व हिंदू परिषद ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि इस आदेश को वापस लिया जाए ताकि हिंदू उम्मीदवार बिना अपने धार्मिक मूल्यों से समझौता किए परीक्षा दे सकें। वीएचपी ने कहा कि इस तरह से आदेश से हिंदुओं की संवेदनाएं आहत हुई हैं। आरआरबी की परीक्षा मंगलवार को होनी है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों कर्नाटक में इस मुद्दे पर विवाद हुआ था, जब सीईटी की परीक्षा के दौरान एक छात्र से जनेऊ उतारने के लिए कहा गया। इस पर काफी विवाद हुआ था।



## भारत से उलझे तो तबाह हो जाओगे:नवाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए 22 अप्रैल को आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का माहौल है। इस बीच भारत के खौफ से पाकिस्तान डरा हुआ है। भारत के घबराए पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने अपने बड़े भाई नवाज शरीफ से मुलाकात की। इस दौरान पाक के पूर्व पीएम शहबाज ने मौजूदा पाक पीएम को भारत की पाकिस्तान के खिलाफ तैयारी की चर्चा की। उन्होंने अपने भाई को भारत के खिलाफ अच्छा रुख अपनाने और भारत से दोस्ती बनाए रखने की सलाह दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रविवार रात दोनों भाइयों की मुलाकत हुई। शहबाज शरीफ अपने भाई से मिलने उमरा निवास पहुंचे। जहां शहबाज ने अपने छोटे भाई नवाज को पूरी रिपोर्ट सौंपी। इस दौरान उन्होंने बताया कि कैसे भारत पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई की पूरी तैयारी कर रहा हैं? बैठक में शाहबाज की सारी दलीलें सुनने के बाद नवाज ने कहा कि चुप रहने में ही फायदा है। नवाज ने शाहबाज से कहा कि वह मंत्रियों और दूसरे नेताओं से कहें कि वे चुप रहें ताकि माहौल और न बिगड़े। नवाज ने बैठक में अपने भाई से कहा कि शांति से ही चीजों का समाधान हो सकता है। अगर आप युद्ध लड़ेंगे तो इससे पाकिस्तान को ही नुकसान होगा।

## आतंकवाद की बेटी 'नफ़रत' परोसने वालों पर हो कार्रवाई : दानिश अली

नयी दिल्ली (वार्ता)



कांग्रेस के नेता और पूर्व सांसद कुंवर दानिश अली ने भाजपा नेता निशिकांत दुबे के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा आतंकवाद की बेटी 'नफ़रत' परोसने वालों पर वास्तविक कार्रवाई हो।

श्री दानिश अली ने एक्स पर आज कहा नया चेहरा नहीं निशिकांत दुबे। पुराने चेहरे हैं आपके ही अदनान सामी भाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय पासपोर्ट दिया और आपकी सीमा भाभी भी मोदी राज में आराम से हिंदुस्तान में रह रही हैं। अंदर कौन घुसा, किसने घुसाया पहले आईने में झांकिए। आतंकवाद की बेटी 'नफ़रत' परोसने वालों पर असली कार्रवाई हो। उन्होंने नफ़रत और सांप्रदायिकता को आतंकवाद की दो बेटियां करार देते हुए कहा कि इसके खिलाफ़ भी लड़ाई लड़ने की आवश्यकता है। लोकतांत्रिक समाज में नफ़रत और सांप्रदायिकता के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने एक्स पर आज कहा पाकिस्तानी आतंकवाद का एक नया चेहरा अब सामने आया, लगभग 5 लाख से ऊपर पाकिस्तानी लड़कियां भारत में शादी कर हिंदुस्तान में रह रही है,आजतक उनको भारत की नागरिकता नहीं मिली है ।अंदर घुसे इन दुश्मनों से लड़ना कैसे?

## भारत-अफगानिस्तान के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत गणराज्य के विदेश मंत्रालय के विशेष प्रतिनिधि और अफगानिस्तान, ईरान और पाकिस्तान विभाग के महानिदेशक आनंद प्रकाश ने इस्लामिक अमीरात अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी आमिर खान मुत्ताकी से मुलाकात की। इस बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय राजनीतिक संबंधों को मजबूत करने, व्यापार और पारगमन सहयोग को बढ़ाने तथा क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर विचार साझा करने पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने आपसी संवाद को और प्रगाढ़ बनाने, वीजा प्रक्रियाओं को सरल बनाने, प्रतिनिधिमंडलों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने, विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक के दौरान अफगान विदेश मंत्री ने भारत-अफगानिस्तान के बीच राजनयिक, आर्थिक संबंधों के विस्तार को महत्वपूर्ण बताया और अफगानिस्तान में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण का उल्लेख करते हुए भारतीय निवेशकों को मौजूदा अवसरों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया। बैठक के दौरान व्यापार और पारगमन के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के उपायों पर भी चर्चा हुई। अफगानिस्तान ने भारत के साथ अधिक व्यापक व्यापारिक साझेदारी की इच्छा व्यक्त की और भारतीय व्यापारियों के लिए बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने की प्रतिबद्धता जताई। दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाने पर भी सहमति व्यक्त की।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

## घुटने की चोट से उबरने के लिए 15 दिन बीयर की तरह अपना पेशाब पिया



बॉलीवुड स्टार और दिग्गज अभिनेता परेश रावल ने हाल ही में अपने प्रशंसकों को चोटों को ठीक करने के अपने अपरंपरागत तरीके से चौंका दिया है। प्रसिद्ध हेरा फेरी अभिनेता ने खुलासा किया कि घुटने की चोट से उबरने के लिए उन्होंने अपना मूत्र पिया। दिग्गज अभिनेता परेश रावल ने हाल ही में राजकुमार संतोषी की फिल्म घातक की शूटिंग के दौरान घुटने की गंभीर चोट से उबरने के लिए अपनाए गए एक असामान्य उपाय के बारे में बताया। राकेश पांडे के साथ एक दृश्य के दौरान अभिनेता के पैर में चोट लग गई, जिसके बाद टीनू आनंद और डैनी डेन्जोंगपा उन्हें मुंबई के नानावटी अस्पताल ले गए। परेश ने बताया कि वह बहुत डर गए थे और उन्हें लगा कि उनका करियर खत्म हो गया है। परेश रावल ने कहा जब मैं नानावटी (अस्पताल) में था, तो वीरू देवगन मिलने आए थे। जब उन्हें पता चला कि मैं वहां हूं, तो वह मेरे पास आए और पूछा कि मुझे क्या हुआ है? मैंने उन्हें अपने पैर की चोट के बारे में बताया। परेश रावल ने याद किया उन्होंने मुझे सुबह उठकर सबसे पहले अपना मूत्र पीने को कहा। सभी फाइटर ऐसा करते हैं। आपको कभी कोई परेशानी नहीं होगी, बस सुबह उठकर मूत्र पी लो। उन्होंने मुझे शराब, जो मैंने बंद कर दी थी, मटन या तंबाकू नहीं पीने को कहा। उन्होंने मुझे सुबह नियमित भोजन और मूत्र पीने को कहा। परेश रावल ने यह सुनिश्चित किया कि वह शराब पीने के अनुभव को यादगार बनाए। परेश रावल ने कहा मैं इसे बीयर की तरह पीता हूँ क्योंकि अगर मुझे इसका पालन करना है, तो मैं इसे ठीक से करूँगा। मैंने तय किया कि मैं इसे सिर्फ़ निगलकर नहीं पीऊंगा, बल्कि इसे बीयर की तरह घूंट-घूंट करके पीऊंगा। मैंने इसे 15 दिनों तक किया, और जब एक्स-रे रिपोर्ट आई, तो डॉक्टर हैरान रह गए। डॉक्टर ने उनके घायल घुटने के एक्स-रे पर एक सफ़ेद लाइनिंग देखी, जो काफी हद तक ठीक होने का संकेत था। डॉक्टरों ने परेश रावल को बताया कि इस तरह की गंभीर चोट को ठीक होने में आम तौर पर 2 से 2.5 महीने लगते हैं, लेकिन वह सिर्फ़ डेढ़ महीने में ही ठीक हो गए।

## रेड 2 एडवांस बुकिंग : अमय पटनायक की होगी दमदार वापसी




अजय देवगन बड़े पर्दे पर 8 साल बाद एक बार फिर से अमय पटनायक बनकर लौट रहे हैं। साल 2018 की उनकी सुपरहिट फिल्म रेड के इस सीक्वल की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। चुनिंदा शोज के लिए शुरू हुई प्री-सेल्स बुकिंग में रेड 2 को अच्छा रेस्पॉन्स मिल रहा है। दिल्ली-एनसीआर और मुंबई जैसे मास सर्किट में पहले दिन के लिए अच्छी-खासी संख्या में टिकटों की बिक्री हो रही है। इस बार फिल्म में अजय देवगन के साथ रितेश देशमुख भी हैं। जबकि इलियाना डीक्रूज की जगह इस बार वाणी कपूर को कास्ट किया गया है। अजय की पिछली रिलीज सिंघम अगेन थी, जो देसी बॉक्स ऑफिस पर 247.86 करोड़ कमाने के बावजूद अपने 350 करोड़ के बजट के कारण असफल रही। अब वह रेड 2 में अफसर अमय पटनायक बनकर लौट रहे हैं। फिल्म को एक बार फिर राज कुमार गुप्ता डायरेक्ट कर रहे हैं। इस सीक्वल में सौरभ शुक्ला की भी वापसी हुई है। जबकि तमन्ना भाटिया का आइटम डांस नंबर भी है। शुक्रवार, 1 मई 2025 को यह फिल्म रिलीज हो रही है, जबकि शनिवार 26 अप्रैल से एडवांस बुकिंग की शुरुआत हुई है। क्राइम-थ्रिलर रेड 2 ने बेहद कम प्रचार के बावजूद अपने ट्रेलर से दर्शकों में उत्साह जगाया है। यही वजह है कि दो दिनों में कुल 3968 शोज के लिए 92.62 लाख रुपये की ग्रॉस एडवांस बुकिंग हो चुकी है। ब्लॉक सीटों को जोड़ लें तो कुल 2.06 करोड़ रुपये की प्री-सेल्स बुकिंग हुई है।

## मेट गाला 2025: शाहरुख खान का डेब्यू

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान इतिहास रचने जा रहे हैं। दुनिया के सबसे फेमस फैशन इवेंट मेट गाला 2025 में वो डेब्यू करेंगे। वो पहले भारतीय एक्टर होंगे, जो मेट गाला के रेड कार्पेट पर चलेंगे। इस दौरान वो फैशन डिजाइनर सब्यसाची की ड्रेस में नजर आएंगे। इस खबर से उनके फैंस में खुशी की लहर है। अफवाहों का बाजार तब गर्म हुआ, जब फैशन पर अपने तीखे अंदाज के लिए फेमस इंस्टाग्राम अकाउंट डाइट सब्या ने कुछ हफ्ते पहले एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया। और अब रविवार 27 अप्रैल को वे एक कदम और आगे बढ़ गए हैं। उन्होंने ऐलान किया कि स्क्र्य इस साल मेट गाला में रेड कार्पेट पर सब्यसाची की ड्रेस में नजर आएंगे। हालांकि, अभी तक शाहरुख खान या उनकी टीम की तरफ से ऑफिशियली पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन लोगों ने नोटिस किया कि शाहरुख की लंबे समय से मैनेजर रहीं पूजा ददलानी ने पोस्ट को लाइक किया है। इससे अफवाहों को हवा मिल गई है। इस खबर को बताते हुए सब्या ने पोस्ट किया, शाहरुख और सब्या की मुलाकात की पुष्टि हुई। डाइट सब्या में हम पुष्टि कर सकते हैं, हां, यह वास्तव में शाहरुख ही हैं, जो मई 2025 में सब्यसाची (भारत का सबसे बड़ा लग्जरी ब्रांड) पहनकर मेट गाला में अपनी शुरुआत करेंगे।



## फरदीन खान ने कम्बख्त इश्क गाना के 24 साल पूरे होने पर मनाया जश्न

बॉलीवुड अभिनेता फरदीन खान ने फिल्म प्यार तूने क्या किया के गाना कम्बख्त इश्क के 24 साल पूरे होने पर जश्न मनाया है। फिल्म 'प्यार तूने क्या किया' का गाना 'कम्बख्त इश्क' को आशा भोसले, सुखविंदर सिंह और सोनू निगम ने गाया था। इस गाने को संदीप चौटा ने कंपोज किया था और इसके बोल नितिन रायकवार ने लिखे थे। यह गाना फरदीन खान और उर्मिला मातोंडकर पर फिल्माया गया था, जिसे काफी पसंद किया गया था। फरदीन खान ने इस गाने के 24 साल पूरे होने पर सेलिब्रेट किया और बताया कि इसने उनकी पूरी जिंदगी बदल दी थी। फरदीन खान ने इंस्टाग्राम हैंडल पर गाने के वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 24 साल पहले, प्यार तूने क्या किया के गाने कम्बख्त इश्क ने मेरी जिंदगी को बदल कर रख दिया। यह कितना शानदार सफर रहा ।मैं उन सभी का आभारी हूं, जो इसका हिस्सा थे, लेकिन सबसे ज्यादा आप सभी का आभारी हूं, जिन्होंने इसे सफल बनाया। आप सभी का धन्यवाद और अपना प्यार भेज रहा हूं।



# समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

### टीएल प्रकरणों की समीक्षा



नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने टीएल प्रकरणों, स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन, विद्युत वितरण विभाग, जल गंगा संवर्धन अभियान आदि की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, समस्त एसडीएम, विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख और अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व विभाग, जनपद पंचायत, एमपीईबी और पीएचई के टीएल प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

कलेक्टर ने स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन की समीक्षा की बैठक आयोजित करने और इसमें अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने निर्देश दिये। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि सभी एसडीएम कार्यपालन यंत्री विद्युत से सतत सम्पर्क में रहें। ट्रांसफार्मर को समय पर बदलने पर ध्यान दें। साथ ही विद्युत पोलों से तार टूटने पर कोई जनहानी नहीं हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जावे। सभी एसडीएम अपने- अपने क्षेत्रों में पीने के पानी की समस्या की समीक्षा करें। कलेक्टर ने जिले में नरवाई/ पराली जलाने पर कितने व्यक्तियों पर एफआईआर और जुर्माने की कार्रवाई की जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि कलेक्टर एवं स्कूलों में गुटखा, तम्बाकू व धूम्रपान का सेवन करने पर संबंधित के विरूद्ध चालानी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जिले की सभी शासकीय कार्यालयों में तम्बाकू, गुटखा एवं धूम्रपान निषेध रहेगा, यदि किसी व्यक्ति द्वारा इसका उल्लंघन करते पाये जाने की स्थिति संबंधित विभाग प्रमुख पर जुर्माने की कार्रवाई की जायेगी।

जिले में चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की जायेगी। आगामी मानसून की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए आपदा प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी विभाग मानसून की तैयारी कर लें।





# कलार महिला मण्डल ने किया सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

हैहय क्षत्रिय कलार महिला मण्डल नरसिंहपुर द्वारा भीषण गर्मी में आम नागरिकों एवं दूरस्थ गांवों के नागरिकों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने हेतु सार्वजनिक प्याउ का शुभारंभ किया गया। मंडल के सदस्यों द्वारा वैशाख माह की सतुवाई अमावस्या के अवसर पर नगर के मध्य चहरहाई हनुमान मंदिर में सार्वजनिक प्याउ के शुभारंभ किया गया तथा कार्यक्रम के दौरान मंदिर के श्रद्धालुजनों, राहगीरों एवं आम जनों को सत्तु का वितरण एवं शीतल जल वितरित किया गया। इस अवसर पर कलार महिला मंडल की नगर अध्यक्ष प्रीति राय, वरिष्ठ सदस्य गोदावरी राय, पूर्व अध्यक्ष प्रतिभा राय, स्वाति जायसवाल, उपाध्यक्ष ज्योत्सना राय, सचिव दुर्गा राय, कामनी राय, सचि चौकसे, साधना राय, मौली राय, लता राय, मंजू राय, रोशनी राय, सुदामा राय, भागवती राय एव चरहाई महिला मंडल की सिधु नेमा सहित मंडल के सदस्यों की उपस्थित रहीं।

### जल संरक्षण का बताया महत्व

नरसिंहपुर। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लोगों में जल संरक्षण व संवर्धन के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा जिले में जल संरक्षण के लिए अनेक कार्य किये जा रहे हैं, 30 जून तक किया जायेगा। प्रस्फुटन समिति नवांकुर संस्था द्वारा डोंगरगांव-लेखन का कार्य किया गया।

# बाल विवाह रोकने जिले की समस्त परियोजनाओं में कंट्रोल रूम स्थापित

### बाल विवाह करते पाये जाने पर दो साल की सजा व एक लाख रुपये का जुर्माने का प्रावधान

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत। अक्षय तृतीया 30 अप्रैल 2025 को बाल विवाह रोकने के संबंध में राज्य शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। इन्हीं निर्देशों के परिपालन में अक्षय तृतीया के अवसर पर जिले की समस्त परियोजनाओं में कंट्रोल रूम स्थापित किये गये हैं। अक्षय तृतीया 30 अप्रैल के तीन दिवस पूर्व 27 अप्रैल से क्रियाशील हो चुके हैं।

जिले में बाल विवाह रोकने के लिए विकासखंड नरसिंहपुर के अंतर्गत परियोजना अधिकारी श्रीमती पुष्पा मदकोरिया का मोबाइल नंबर 9340929496 व सहायक ग्रेड- 3 सुश्री श्वेता श्रीवास्तव का मोबाइल नंबर 8349871303, विकासखंड करेली व चांवरपाठा के अंतर्गत परियोजना अधिकारी श्री आदित्य मोहन पटेल का मेबाइल नंबर 9826541946, करेली के लिए सहायक ग्रेड 3 मो. वसीम कादरी का मोबाइल नंबर 9424994423 व चांवरपाठा के लिए सहायक ग्रेड 3 श्री रामकुमार पटेल का मोबाइल नंबर 7489097034, विकासखंड गोटेगांव के अंतर्गत परियोजना अधिकारी सुश्री रश्मि बोहरे का मोबाइल नंबर 9425860094 व सहायक ग्रेड- 3 कु. मानसी उपाध्याय का मोबाइल नंबर 8827087676 और विकासखंड चीचली व सांईखेड़ा के लिए परियोजना अधिकारी श्री उमा वर्मन का मोबाइल नंबर 9826539527, चीचली के लिए सहायक ग्रेड- 3 श्री शिखर तिवारी का मोबाइल नंबर 7987960866 व सांईखेड़ा के लिए सहायक ग्रेड- 3 श्री मदन मोहन शुक्ला का मोबाइल नंबर 7389899954 व 9479472785 पर सम्पर्क किया जा सकता है। जिले की सभी विकासखंड स्तर पर कहीं भी बाल विवाह रोकथाम की सूचना संबंधित टीम को मोबाइल नंबर पर दी जा सकती है।

बालविवाह की सूचना मिलने पर पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करने का प्रावधान किया गया है। बालविवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अंतर्गत दो साल की सजा एवं एक लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान है। यदि बालिका की उम्र 18 वर्ष से कम एवं बालक की उम्र 21 वर्ष से कम है, तो यह शादी बालविवाह के अंतर्गत आती है। बाल विवाह में शामिल होने वाले घोड़े वाले, टेन्ट वाले, पालक, भाई, पंडित, घराती, बराती जो भी शामिल होगा, उन सभी पर कार्यवाही होगी।

# देवारण्य योजना के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।





राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना देवारण्य योजना के अंतर्गत एक जिला एक औषधि पादप सहजन अर्थात मुनगा के प्रचार-प्रसार अभिसरण के विभागों की योजना एवं औषधि पौधे की कृषि संग्रहण भंडारण प्राथमिक संस्करण वितरण आदि विषयों पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिले की समस्त ब्लॉकों में आयोजित की जा रही है।

एकीकृत आयुष चिकित्सालय नरसिंहपुर में आयोजित नरसिंहपुर ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिकों कृषि विज्ञान केन्द्र नरसिंहपुर द्वारा कृषकों को प्लांट प्रोटेक्शन ने सहजन के पौधे में होने वाली बीमारियों एवं उनसे बचाव के उपायों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि ऐसी बहुत सी फसलें हैं, जो बिना रासायनिक कीटनाशक के उगाई जा सकती हैं। कम पानी में भी यह उग कर अच्छी फसल दे सकती हैं। किसान सहजन औषधि पौधे के विभिन्न भाग जैसे फूल, फल, पत्ते को अलग- अलग संग्रह करके इनसे अधिक से अधिक लाभ अर्जित कर सकते हैं।

किसान अपनी मौसमी फसलों के साथ- साथ मल्टी लेयर फार्मिंग के द्वारा सजहन औषधि का उत्पादन कर सकता है। उन्नत पैदावार के लिए पीकेएम- 1 व 2 बीजों का उपयोग कर अच्छी पैदावार प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान 31 कृषकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. सुरक्षा सिंह चौहान ने योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

इसी क्रम में गोटेगांव ब्लॉक के तहत जनपद पंचायत सभाकक्ष गोटेगांव में 34 कृषकों, करेली ब्लॉक के तहत आजीविका भवन गाडरवारा में 30 स्वसहायता समूहों, सांईखेड़ा ब्लॉक के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सभाकक्ष में 33 कृषकों को, चांवरपाठा ब्लॉक के तहत ग्राम पंचायत काशीखेरी में 30 कृषकों और चीचली ब्लॉक के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 30 कृषकों को प्रशिक्षण दिया गया।

### पीएम किसान सम्मान निधि योजना का मिल रहा है लाभ

नरसिंहपुर स्वतंत्रमत। छोटे एवं सीमांत किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की राशि किसानों को दी जा रही है। इन्हीं योजनाओं का लाभ जिले की गाडरवारा तहसील के ग्राम भौरझिर के कृषक श्री रूपराम कौरव को भी प्राप्त हो रहा है। वे कहते हैं कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना तो मिल रही है। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड का भी लाभ मिल रहा है। कृषक श्री कौरव बताते हैं कि उन्हें लगातार इन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। यह योजना किसानों के लिए फायदेमंद साबित हो रही है। किसान सम्मान निधि योजना के तहत हर साल 12 हज़ार रुपये मिलते हैं।

# बरमान खुर्द में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश

### नर्मदा नदी तट पर चलाया गया स्वच्छता अभियान



नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में ग्राम पंचायत बरमानखुर्द में नर्मदा नदी के रेतघाट में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया और नर्मदा नदी तट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह नुक्कड़ नाटक मप्र जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री जयनारायण शर्मा व विकासखंड समन्वयक चांवरपाठा श्री धर्मेन्द्र चौहान के माध्यम से किया गया। नुक्कड़ नाटक में सीएमसीएलडीपी बीएसडब्ल्यू तथा एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों व नवांकुर संस्था भारद्वाज जनकल्याण ईश्वरपुर द्वारा जिले में किये जा रहे जल संरक्षण व संवर्धन के कार्यों, पुरानी जल संरचनाओं की देखरेख, जल सदुपयोग आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिले में कंटूर ट्रेंच- खंती निर्माण, नवीन खेत- तालाब, बोरी बंधान आदि के माध्यम से जल का संरक्षण किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर निबंध लेखन, रंगोली प्रतियोगिता, पेंटिंग, दीवार लेखन, जल चौपाल, संगोष्ठी, संवाद, नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इस अवसर पर सीएमसीएलडीपी के श्री भगवान उपाध्याय, श्री कमल स्वरूप शर्मा, श्री रामभजन केवट, श्री बाबूलाल नोरिया, श्री आदित्य कौरव, श्रीमती संध्या दुबे, विद्यार्थी शिवानी विश्वकर्मा, रश्मि पटेल, अन्य विद्यार्थी, समिति के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य और ग्रामीणजन मौजूद थे।

### संबल योजना की अनुग्रह सहायता राशि का वितरण 30 को

नरसिंहपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 30 अप्रैल को धार जिले के उमरबन में मुख्यमंत्री जनकल्याण- संबल योजना की अनुग्रह सहायता के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा यह सहायता राशि का वितरण सिंगल क्लिक कर डीबीटी के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के खाते में किया जायेगा। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण प्रदेश में किया जायेगा। जिला मुख्यालय के एनआईसी कक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसके अलावा जिले की समस्त जनपद पंचायतों व नगरीय निकायों में आयोजित कार्यक्रमों में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जायेगा। पंजीकृत श्रमिकों तथा हितलाभ प्राप्तकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित की जायेगी।

# रेवा साहित्य मंच की मासिक काव्य गोष्ठी सम्पन्न

नरसिंहपुर। रेवा साहित्य मंच की मासिक काव्यगोष्ठी मरहई माता दरबार कौड़िया में चन्द्रभान मालवीय के मुख्यातिथ्य व कविवर भगवत सिंह धानक की अध्यक्षता में आयोजित की गयी माँ सरस्वती के पूजन-अर्चन व वरिष्ठ कवि टी.आर.उरधैया द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वन्दना से काव्य गोष्ठी का शुभारंभ हुआ। सेवानिवृत्त शिक्षक उमाशंकर अग्रवाल ने पहलगाम घटना पर अपने विचार कहे।फाग कवि शंकरलाल बैरागी ने प्रथम मनाऊँ दादा हनुमत रचना सुनाकर वाहवाही लूटी।वरिष्ठ कवि पी.एस.पुराणिया च्यांचाल‍ ने दुनिया का रखवाला है प्रभु ,डोर सबकी पकड़े रचना कही।गाडरवारा से पधारे काव्य गोष्ठी का संचालन कर रहे शिक्षक कवि मलखान सिंह मेहरा ने चाँद और सूरज धर्म का भेद जानते,रोज रक्त के गोले बरसते सुनाकर वाहवाही लूटी।वरिष्ठ कवि गोविंद गलौच ने चाह रहा कब से जग भ्रष्टाचार का खात्मा रचना सुनायी।रविदास नवगैंया ने कबीर वाणी प्रस्तुत की।वरिष्ठ कवि टी.आर.उरधैंया सजल ने आईने को देख मत खुद को आईने में देख रचना सुनाकर तालियाँ बटोरीं।कविवर भगवत सिंह धानक ने शास्त्र वेदों, पुराणों की जननी हो तुम गीत सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।चन्द्रभान मालवीय ने संकलित रचना सुनाई।वहीं बृन्दावन बैरागी कृष्णा ने क्या मिल जाता है किसी की जान लेने से,परमात्मा ने सृष्टि बनाई स्नेह प्रेम समर्पण से गहने से कविता सुनाई।अन्नू दुबे,नोनकरन खंगार,आलोक,आदित्य की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।सभी कवियों द्वारा पहलगाम में हुई घटना पर मौन श्रद्धांजलि अर्पित की।

# ग्राम पटनिया व चीलाचौनखुर्द में आयोजित हुई जल चौपाल

### ग्रामीणों को जल संरक्षण व संवर्धन का बताया महत्व

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में मुंगवानी सेक्टर के ग्राम पटनिया व ग्राम चीलाचौनखुर्द में जल चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जल चौपाल कार्यक्रम में ग्रामीणों को जल संरक्षण व संवर्धन का महत्व बताया गया। साथ ही ग्रामीणों को शपथ भी दिलाई गई। जल चौपाल कार्यक्रम में मप्र जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री जयनारायण शर्मा ने कहा कि वर्षा जल के संग्रह के लिए हम सभी को संगठनात्मक व सामुदायिक स्तर पर सोकपिट, कन्टूर ट्रेंच, खेत तालाब, बोल्डर चेक, चेक डैम, कुआँ, बाबड़ी, वाटर हार्वेस्टिंग, कैटल कैनाल- पगबाधा नाली आदि जल संरचनाओं का निर्माण करना चाहिये। वर्षाकाल में पौधारोपण कर उनकी सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कार्य करने की आवश्यकता है। इन्ही सभी विषयों और चिंतन और कार्यों को लेकर राज्य शासन 30 जून तक निरंतर जल गंगा संवर्धन अभियान चला रही है। अभियान के दौरान पुरानी जल संरचनाओं की साफ-सफाई व जीर्णोद्धार सहित नवीन जल संरचनाओं के निर्माण कार्य किये जा रहे हैं। श्री शर्मा ने बताया कि माह मार्च से जून तक इन चार महिनों में जल संरचनाओं का निर्माण व उनकी मरम्मत, साफ-सफाई एवं पौधारोपण के लिए गढ्ढे तैयार करना, माह जुलाई, अगस्त, सितम्बर एवं अक्टूबर में वर्षाकाल में सघन पौधारोपण करने और माह नवम्बर, दिसम्बर, जनवरी एवं फरवरी में बहते जल को रोकना है, जिससे भू- जल स्तर में बढ़ोत्तरी हो सके। जल संगोष्ठी के दौरान पटनिया ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह ठाकुर, नवांकुर संस्था डोंगरगांव के अध्यक्ष श्री प्रकाश पटेल, सचिव श्री मनीष रजक, सदस्य श्री प्रेम सिंह पटेल, श्री गोकल पटेल, चौरखेड़ा समिति के सचिव श्री राम सिंह पटेल, चीलाचौन समिति के सदस्य और ग्रामीणजन मौजूद थे।

# दुर्घटना से नहीं हुई बेटे की मौत, उसकी सुनियोजित हत्या की गई

## जांच कर आरोपियों पर कार्यवाही की मांग कर रहा है भूतपूर्व सैनिक

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

जहां एक सैनिक अपनी जान देकर देश की रक्षा कर रहे हैं वहीं एक सैनिक परिवार पिछले 4 वर्षों से अपने बेटे की मौत को लेकर जांच कर कार्यवाही की मांग कर रहा है किंतु उसे अब तक उचित न्याय नहीं मिल पाया है । मामला नरसिंहपुर के स्टेशन थाना अंतर्गत जबलपुर निवासी पूर्व सैनिक सूबेदार श्याम सुंदर चौबे के बेटे की कोरोना काल के दौरान हुई नरसिंहपुर बायपास मार्ग पर हुई मौत का है । पूर्व सैनिक श्याम सुंदर चौबे के बताये अनुसार उनके परिवार में तीन बेटियां और मात्र इकलौता पुत्र था जिसकी शादी 14 मई 2019 को ग्राम टिकरिया बरबटी समाधि रोड थाना बरेला, जबलपुर निवासी गुलाबधर बड़गैया की पुत्री पल्लवी के साथ हुई थी। उनके बताये अनुसार उनका बेटा आशुतोष चौबे जो एक्सिस बैंक पिपरिया में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत था वह अपनी ड्यूटी के लिए जबलपुर से पिपरिया 18 मई को गया था वह 22 मई 2020 को पिपरिया से जबलपुर अपनी कार से वापस आ रहा था उस समय हमें बैंक कर्मचारियों के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि नरसिंहपुर में मेरे बेटे का एक्सीडेंट हो गया तब श्याम सुंदर चौबे उनकी पत्नी व पड़ोसी अवनीश तिवारी और उनका साला प्रकाश पाठक नरसिंहपुर पहुंचे वहां पर उनके बेटे के सास ससुर पहले से मौजूद थे । श्याम सुंदर चौबे ने पुलिस वालों से और जिस गाड़ी से एक्सीडेंट हुआ उसके चालक अकबर खान से बात किया और बोला कि यह एक्सीडेंट कैसे हो गया आपको तो कोई चोट नहीं है तो वह बोला कि मैं बिलासपुर (छत्तीसगढ़) से भोपाल जा रहा था मेरी गाड़ी में सवारी थी पता नहीं मेरी आंख लग गई या क्या हुआ और गाड़ी टकरा गई अकबर खान इतना ही बोल पाया था कि वहां पर मौजूद उपनिरीक्षक एल एल उईके ने उसे थाने के अंदर बुला लिया और बात करने को मना कर दिया था । चौबे जी अपने बेटे को देखने के लिए पुलिस से निवेदन करते रहे लेकिन पुलिस कोरोना का हवाला देते उनके पुत्र से मिलने नहीं दिया और बोला कि वह अभी आईसीयू में और उन्हें सुबह बताया कि आपका बेटा नहीं रहा । जिसका पोस्टमार्टम 23 मई 2020 को हुआ वह अपने बेटे की मृत देह को नरसिंहपुर से जबलपुर लेकर आ गये । इस कार्यवाही के चलते नरसिंहपुर स्टेशन गंज थाने में पदस्थ तत्कालीन उपनिरीक्षक एल एल उईके ने उनके मृतक बेटे के ऊपर ही 304 ए का मामला दर्ज कर दिया । श्याम सुंदर चौबे द्वारा उच्च स्तर पर दिए गये जांच आवेदनों में उन्होंने बताया कि मेरे मृतक पुत्र को ग्राम रोंसरा थाना स्टेशन गंज निवासी एक युवक जो व्यक्ति कभी मृतक आशुतोष चौबे को अपने मामा का लड़का और कभी जीजा जी बताकर स्टेशन गंज नरसिंहपुर थाने से समस्त दस्तावेज प्राप्त करता है और स्टेशन थाना पुलिस भी उसे दस्तावेज दे देती है आखिर पुलिस ने ऐसा क्यों किया इस बात की जानकारी उन्हें आज भी पुलिस नहीं दे रही है । श्याम सुंदर चौबे को माह अगस्त 2020 में बेटे का मोबाइल जो गुम हो गया था वह प्राप्त हुआ और उसे खुलवाया तो उसमें उनके बेटे ने एक प्राइवेट फोल्डर नेवर ओपन के नाम से बनाया था जिसमें वह बहुत कुछ रिकॉर्ड कर रहा था ,उस मोबाइल से मिली जानकारी में 22 मई 2020 को हुई दुर्घटना के दिन व्हाट्सएप चैटिंग और कॉल के माध्यम से बेटे को दी जा रही मानसिक प्रताड़ना की बात पता चली व बेटे ने दुर्घटना से पूर्व अपनी जान बचाने के लिए पुलिस की सहायता के लिए 100 नंबर को 9 बार फोन किया था जिसमें आठ बार पूरी बात हुई है साथ ही अपनी माता को भी दुर्घटना दिनांक 22 मई 2020 को बताया था कि मेरा पांच लोग पीछा कर रहे हैं पता नहीं यह कौन है ? पूर्व सैनिक श्याम सुंदर चौबे ने सूचना के अधिकार के तहत ऐसे अनेक दस्तावेज व जानकारी प्राप्त कर समस्त उच्च अधिकारियों को अपने बेटे की मौत के मामले में न्याय के लिए आवेदन दिये हैं ।

इसके बाद भी आरोपियों के ऊपर कोई भी कार्यवाही नहीं हो रही है । जैसा की स्टेशन थाना पुलिस के द्वारा मृतक के ऊपर ही 304 ए लगा दी गई जब की कोरोना काल में अकबर खान बिलासपुर ( छत्तीसगढ़) से भोपाल जाना बता रहा था तो उसके पास कोरोना पासिंग क्यों नहीं थी अकबर खान ने स्वयं बोला था कि मुझे मामुली चोट है मैं अपना मुलहजा नहीं करवाना चाहता तो मृतक के ऊपर 304 ए क्या आरोपियों को बचाने के लिए लगा दी गई । और तो और बेटे की मृत्यु के पश्चात हुए परिवारिक विवाद में जबलपुर के महिला थाने में पदस्थ महिला पुलिस अधिकारी ने पीड़ित परिवार जनों के ऊपर बेटे की मृत्यु के 3 महीने बाद झूठी एफआईआर दर्ज कर दी गई जबकि चौबे परिवार द्वारा गोहलपुर थाने में बेटे की 13 वीं के दिन किये गए विवाद की लिखित शिकायत 4/6/2020 को देने के बाद भी आज दिनांक तक चोरी की धारा नहीं बढ़ाई गई है ।

इस मामले में पूर्व सैनिक इस न्यायालय की शरण में भी गये जहां से उन्हें राहत मिली किन्तु इसके बाद भी पुलिस द्वारा अब तक इस पूरे घटनाक्रम के तथ्यों पर कोई जांच नहीं की गई है और जिस तरह से इस मामले को दुर्घटना बनाया गया है इसको लेकर इस मामले में पीड़ित परिवार लगातार न्याय की गुहार लगा रहा है ।

# बिजली कर्मचारियों को बांध कर पीटा जबरन दोबारा चालू कराई कटी बिजली

## सगे भाइयों ने दिया घटना को अंजाम, आरोपी सगे भाइयों को कुठला पुलिस ने किया गिरफ्तार

कटनी (स्वतंत्रमत)

मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड देवगाँव अंतर्गत ग्राम सुमैली में बिजली बिल की राशि 42,726 रुपये बकाया होने के कारण राजाराम यादव, पिता रमई यादव एवं संतोष यादव पिता रमई यादव का स्थाई कृषि कनेक्शन का बिल भुगतान न करने के कारण तीन माह पूर्व विद्युत कनेक्शन काट दिया गया था। गत 24 अप्रैल 2025 को चैक करने लाईनमैन सलीम खान एवं आउटसोर्स कर्मचारी सुखदेव यादव को विद्युत कार्यालय द्वारा भेजा गया। गांव में जाने पर काटी गई विद्युत लाईन को उक्त दोनो उपभोक्ता जो सगे भाई है उन्होंने अपने स्तर पर अवैध रूप से विद्युत कनेक्शन चालू कर लिया था। जिसकी लाईन पुनः उक्त दोनो विद्युत कर्मचारी काटने लगे, जिस पर राजाराम यादव एवं संतोष यादव दोनो ने विद्युत कर्मचारियों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की और उन्हे बाँध दिया



व पुनः लाईन जोड़ने का दबाव बनाने लगे। लाईन न जोड़ने की दशा में जान से मारने की धमकी देते हुए लाईनमैन की मोटर साइकिल पंचर कर दिया। लाईनमैन ने डर के कारण पुनः विद्युत कनेक्शन जोड़कर अपनी जान बचाई। उक्त घटना की सूचना लाईनमैन द्वारा अपने वरिष्ट अधिकारी कनिष्ठ अभियंता विद्युत विभाग देवगाँव को दिये जाने पर 25 अप्रैल 2025 को थाना कुठला में रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिस पर सुसंगत धाराओं के तहत शासकीय कार्य में बाधा डालने, मारपीट करने, सदोष परिरोध कारित करने व जान से मारने की धमकी देने का अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक कटनी अभिजीत कुमार रंजन द्वारा मामले को गम्भीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जिनके निर्देश पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में विधिवत अनुसंधान पश्चात 27 अप्रैल 2025 को दोनों आरोपी राजाराम यादव, पिता रमई यादव एवं संतोष यादव, पिता रमई यादव निवासी ग्राम मूरपार देवगाँव थाना रीठी जिला कटनी को विधिवत गिरफ्तार कर विधिसंगत कार्यवाही की गई। सम्पूर्ण कार्यवाही थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में की गई, जिसमें सहायक उप निरीक्षक तीरथ तेकाम, प्रधान आरक्षक केशव मिश्रा एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बजरंग धाम पठरा के हनुमान तालाब में हुई सफाई

कटनी (स्वतंत्रमत)

मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह की अगुवाई मे चलाये जा रहे जल गंगा सम्वर्द्धन अभियान 2025 (30 मार्च से 30 जून 2025) को सफल बनाने हेतु बजरंग धाम पठरा के हनुमान तालाब मे कालीमाता स्व सहायता समूह, राधेकृष्ण स्व सहायता समूह, गणेष स्व सहायता समूह सदस्य, उप सरपंच अनिल सिंह, रोजगार सहायक सुशील कुशवाहा, सुरेश विश्वकर्मा, समिति कार्यकर्ता चन्द्रपाल कुशवाहा, ओमप्रकाश यादव, गुलशन सिंह, रघुवीर सिंह व अन्य ग्रामीणों सहित 40 सहभगियों की उपस्थिति मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पठरा के हनुमान मंदिर परिसर मे बने हनुमान तालाब की मिलकर साफ-सफाई की गई। यहां पर बने हनुमान मंदिर, शनि मंदिर और सुन्दर सा तालाब धार्मिक और पर्यटक स्थल को बढ़ावा दे रहा हैं। निर्भय सिंह द्वारा बताया गया की हमारी टीम कटनी जिले के बड़वारा ब्लॉक और ढ़ीमरखेड़ा ब्लॉक के अलग अलग



गांव मे जाकर लगातार जल संरक्षण और सम्वर्द्धन तथा स्वच्छता का संदेश जन जन तक पहुंचा रही है। अभियान को मूर्तरूप देने के लिए हमारी टीम हर रोज अलग अलग तरीके अपनाकर बैठक, संगोष्ठी, संवाद, रैली, गीत संगीत आदि के माध्यम से संदेश दे रही है। हमारा मानना है कि इस अभियान से अधिक से अधिक लोगों तक खबर जायेगी तो जरूर जल स्त्रोतों मे पानी रूकेगा और जल स्तर मे वृद्धि होगी। संगीत टीम फग्गू लाल केवट, राजेश सिंह, लाल सिंह, राजेन्द्र सिंह, संतोष सिंह सहित अन्य सहयोगियों द्वारा कला टीम की मदद से गीत की धुन ने बांधी समा-भईया भूल न जईयो रे, जल गंगा सम्वर्द्धन अभियान को सफल बनईयों रे, 30 मार्च से 30 जून तक है अभियान ये जारी भईया हे अभियान ये जारी। पनी की हर बूंद बचाना, सबकी जिम्मेदारी भईया सबकी जिम्मेदारी। लेना है संकल्प सभी को नर हो चाहे नारी भईया, नर हो चाहे नारी। भईया भूल न जईयो रे, जल गंगा सम्वर्द्धन अभियान को मिलकर सफल बनईयो रे। गांव गांव मे बैठक करके सबको है बतलाना रे भईया सबको है बतलाना। नदि तालाब और कुंआ बाबड़ी मिलकर साफ कराना रे भईया मिलकर साफ कराना।

# बेटी के विवाह में किया सहयोग

कटनी (स्वतंत्रमत)

अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज महिला मोर्चा कटनी ने किया पुनः एक बेटी के विवाह में सहयोग किया। दद्दा धाम निवासी आर्थिक रूप से कमजोर ब्राह्मण को बेटी की शादी के लिये आवश्यक समान कपड़े नगद राशि प्रदान की। 11 साड़ियां 1 लहँगा शृंगार सामग्री, मगल सूत्र, बिछिया, 2जोड़ी पेंट-शर्ट, डबल बैड की चादरें, कम्बल, बर्तन, शक्कर, मिठाई, नगद राशि प्रदान कर निर्धन पिता को दी। समान और सहयोग पाकर पिता की आँखे भर आई कुछ कह नहीं पाया। मीरा भार्गव के मुख्यातिथ्य



में आयोजित भार्गव गार्डन, प्रेम वाटिका में संयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राजुल मिश्रा ने की। सुंदर और व्यवस्थित संचालन शशी दुबे ने किया। विशेष सहयोग मीरा भार्गव, राजुल मिश्रा, ममता गर्ग, डॉ. लक्ष्मी द्विवेदी, गायत्री त्रिवेदी, ज्योति पांडेय, ऋचा बाजपेई, शांति तिवारी, माया तिवारी, उर्मिला शर्मा, सुशीला शर्मा, रंजना गर्ग, शशी दुबे, लक्ष्मी दीक्षित का रहा ।

# अंतर्राष्ट्रीय पत्रकार संगठन वॉइस ऑफ मीडिया कटनी की जिला कार्यकारिणी घोषित

## वरिष्ठ पत्रकार श्याम गौर, सत्यदेव चतुर्वेदी, आशीष सोनी बने संरक्षक

कटनी (स्वतंत्रमत)

अंतर्राष्ट्रीय पत्रकार संगठन वॉइस ऑफ मीडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप काले के आदेशानुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष दीपक शर्मा के मार्गदर्शन में वॉइस ऑफ मीडिया कटनी के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार शैलेश पाठक ने नवीन कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। नवीन कार्यकारिणी में वरिष्ठ पत्रकारों को शामिल कर संगठन के मुख्य उद्देश्य पत्रकारों और पत्रकारिता के लिए संघर्ष का भरोसा दिया गया है। शहर के वरिष्ठ पत्रकार श्याम गौर, सत्यदेव चतुर्वेदी, आशीष सोनी को संरक्षक मंडल में शामिल किया गया है। वॉइस ऑफ़ मीडिया कटनी की घोषित हुई नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष शैलेश पाठक, उपाध्यक्ष पद पर अनिल राज तिवारी, संजीव वर्मा, प्रेम सिंह, संजय गुप्ता की नियुक्ति की गई है। इसी तरह महासचिव अशोक वर्मा, सहसचिव नितिन चावरे, कोषाध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी, कार्यकारी सहायक कमलेश तिवारी, कार्यकारी सहायक संजय खरे को शामिल किया गया है। कार्यकारिणी में संगठक पद पर विकास बर्मन, लीलाधर जाटव, सुनील यादव, सचिन तिवारी को शामिल किया गया है। प्रवक्ता के पद पर आशीष रैकवार, जनसंपर्क प्रमुख सुजीत तिवारी रहेंगे। कार्यकारिणी सदस्यों में मुकेश तिवारी, हीरा विश्वकर्मा, असलम खान, गोलू शुक्ला, प्रवीण पाराशर, रवि ठाकुर, सूर्यकांत सोलंकी, राजू दासवानी शामिल है।

# 30 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान परशुराम की जयंती शहर में धूमधाम से मनाई जाएगी। भगवान परशुराम जयंती पर मुख्य धार्मिक अनुष्ठान मसुरहाघाट स्थित ब्राम्हण सत्संग भवन में आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद शाम को शहर में भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिला एवं नगर ब्राम्हण समाज की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक आगामी 30 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंत्री के अवसर पर मसुरहा घाट स्थित ब्राम्हण सत्संग भवन में सुबह 9 बजे से भगवान परशुराम का अभिषेक किया जाएगा, इसके बाद पूजन व हवन होगा। वहीं शाम 5 बजे से शहर में भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा 30 अप्रैल को शाम 5 बजे रेलवे स्टेशन चौराहे से प्रारंभ होगी। यह यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों क्रमशः दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, सुभाष चौक, सराफा बाजार, झंडा बाजार, शेर चौक, आजाद चौक होते हुए पुनः ब्राम्हण सत्संग भवन में आकर समाप्त होगी। शोभायात्रा में भगवान परशुराम के स्वरूप की आकर्षक झांकी निकाली जाएगी, जिसमें उनके जीवन और कार्यों को दर्शाया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य झांकियां भी यात्रा का हिस्सा होंगी जो उत्सव में भक्ति और उत्साह का संचार करेंगी। शोभायात्रा के मार्ग में जगह-जगह छबील का आयोजन किया जाएगा, साथ ही पुष्प वर्षा की व्यवस्था होगी। शोभायात्रा के समापन स्थल पर भगवान परशुराम की भव्य महाआरती की जाएगी, जिसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया जाएगा। जिला एवं नगर ब्राम्हण समाज ने की शोभायात्रा को सफ्ल बनाने की अपील।




**भगवान परशुराम मंदिर में भी आयोजित होंगे कार्यक्रम**- जिला अस्पताल मार्ग स्थित भगवान परशुराम मंदिर में भी भगवान परशुराम जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यहां चाणक्य ब्राम्हण महासभा परिवार द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। चाणक्य ब्राम्हण महासभा के अध्यक्ष रमाकांत पप्पू दिक्षित ने बताया कि भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर मंदिर में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिनकी शुरूआत 28 अप्रैल सोमवार को शाम 7 बजे भजन संध्या से होगी। वहीं आज 29 अप्रैल मंगलवार को शाम 4 बजे से मातृशक्ति परिचय व मेहंदी महावार लगाने का कार्यक्रम होगा। वहीं 30 अप्रैल बुधवार को भगवान परशुराम जयंती के दिन भगवान परशुराम का अभिषेक व हवन, पूजन किया जाएगा।

# सेंट पॉल विद्यालय, कटनी में अनियमितताओं के विरुद्ध अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ABVP जो विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, ने कटनी स्थित सेंट पॉल विद्यालय में हो रही विभिन्न अनियमितताओं के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाते हुए विद्यालय प्रशासन को एक औपचारिक ज्ञापन सौंपा। परिषद ने यह कदम अभिभावकों और जागरूक नागरिकों के गहन आक्रोश को संज्ञान में लेते हुए उठाया है। जिला संयोजक ऋषभ त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि ज्ञापन में विद्यालय प्रशासन का ध्यान विशेष रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर आकर्षित किया गया है, विद्यालय में बहुसंख्यक हिंदू विद्यार्थियों की उपस्थिति के बावजूद एक धर्म विशेष से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जो अनुचित है। विद्यालय को धर्मनिरपेक्ष मूल्यों का पालन करते हुए सभी धर्मों के प्रति समान सम्मान बनाए रखना चाहिए। प्रतिवर्ष फीस में अत्यधिक वृद्धि कर अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक दबाव डाला जा रहा है, जो अस्वीकार्य है। विद्यालय में पूर्णतः धर्मनिरपेक्ष



वातावरण सुनिश्चित किया जाए। फीस वृद्धि पर नियंत्रण रखते हुए शुल्क निर्धारण में पारदर्शिता बरती जाए। प्रवेश प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाया जाए, किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी को समाप्त किया जाए। केवल पाठ्यक्रम अनुसार आवश्यक पुस्तकों की ही खरीद अनिवार्य की जाए, अनावश्यक व्यावसायिक दबाव न बनाया जाए। जिला संयोजक ऋषभ त्रिपाठी ने विद्यालय प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इन मांगों पर शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो परिषद उच्च प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क कर विधिक कार्यवाही हेतु बाध्य होगी। ज्ञापन सौंपने के अवसर पर विभाग संयोजक सीमांत दुबे, नगर मंत्री संजय कुशवाहा, सृजन चौदहा, अवध पांडेय, प्रभात तिवारी, हर्ष तिवारी, पारस पटेल, राहुल दुबे, यश दुबे, अंकित हल्दकार, शुभेक्षु शुक्ला, नितिन साहू, योगेश श्रीवास, व्योम चौबे, आयुष तोमर, विनायक गौतम, प्रशांत राजभर, मुकेश निगम, अभय सोनी, सिद्धार्थ गौतम, प्रभात साहू सहित अनेक विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने विद्यालय प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक पहल करने की अपेक्षा व्यक्त की है, ताकि विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।



# कुठला थाना क्षेत्र के पन्नी कालोनी में युवक की हत्या से मची खलबली

कटनी (स्वतंत्रमत)।

**एक घर से मिला युवक का शव, शराब के नशे में दिया वारदात को अंजाम**

कुठला थाना अंतर्गत पन्नी कॉलोनी स्थित एक मकान में युवक की रक्त रंजित लाश पाए जाने से पूरे क्षेत्र में खलबली मच गई। बताया जाता है कि बीती देर रात शराब के नशे में युवकों का विवाद हुआ, जिसके बाद एक युवक ने मृतक के ऊपर मारपीट करते हुए भारी भरकम हथियार से कई बार वार किया और गंभीर रूप से घायल करने के बाद पास ही मौजूद एक व्यक्ति के मकान के अंदर अचेत अवस्था में मृतक को फेंक दिया। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेते हुए अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। स्थानीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक पानी कॉलोनी निवासी लगभग 30 वर्षीय प्रदीप कोल का विवाद देर रात शराब के नशे में स्थानीय युवकों से हुआ। विवाद इस कदर बढ़ा कि युवकों ने प्रदीप के ऊपर घातक हथियार से हमला कर दिया। मारपीट करते हुए भारी भरकम घातक हथियार से उन्होंने कई बार वार किया, जिसके कारण प्रदीप अचेत होकर सड़क पर गिर गया। प्रदीप को अचेत देख हमलावर युवक ने उसे पास मौजूद अनिल कोल नमक युवक के मकान में फेंक दिया और वहां से रफू चक्कर हो गया। सुबह जब प्रदीप की मौत की खबर क्षेत्र में फैली तो घटना की जानकारी लगते ही पुलिस भी वहां जा पहुंची और शव को कब्जे में लेते हुए अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। बताया जाता है कि पुलिस ने हत्यारे की पहचान कर ली है और संभवत जल्द ही गिरफ्तार भी किया जा सकेगा।

# यादों में हमेशा जीवित पं. सत्येंद्र पाठक: परिवार से अधिक अपनों को मिलता रहा प्यार

## अपने कर्मो की वजह से आज भी दिलों में राज करते हैं बाबू जी

### कार्य पुत्र करे या नाती श्रेय तो कर्मयोगी पं सत्येंद्र पाठक के ही खाते में जाता है

कटनी (स्वतंत्रमत)।

कहा जाता है कि जो इस प्रथ्वी मे आता है उस हर इंशान को एक दिन जाना ही होता है। यह कुदरत का नियम है किन्तु मनुष्य अपने कर्मो की बजह से पूजा भी जाता है तिरस्कार का भी भागीदार होता है। विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र मे जिनके नाम की तूती बोलती रही जिन्होंने समाज हित मे प्रशासन से लेकर अधिकारीयो तक को नतमस्तक कर दिया हो ऐसे होनहार निडर राजनीति के बब्बर शेर कहलाने वाले पंडित सत्येंद्र पाठक कांग्रेस मे रहकर मंत्री पद पर आषिन रहे जिसका लाभ सिधे आम जनता को मिला जिसकी बजह से सत्येंद्र पाठक को कर्मयोगी की उपाधि मिली। सत्येंद्र पाठक जिस रास्ते से गुजरते थे लोगों का काफिला एकत्र हो जाता है लोग के लिए सहारा और विश्वास की मिशाल हुआ करते थे बाबू जी। शिकायते छोटी हो या बडी अपनो के हित मे अधिकारीयों की अच्छी खासी क्लास लग जाती थी अधिकारी विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के हितग्राहियों को भगवान मान कर कार्य करते थे कही कोई चुक न हो जाए वर्ना बाबू जी के क्रोध का भागीदार बन्ना पडेगा। राजनीति के सफर मे जितना कठिन परिश्रम बाबू जी ने देखा शायद ही अंय किसी जन प्रतिनिधियों ने देखा हो। आम आदमी को योजनाओं के लिए दर्दर नही भटकना पडता था। बल्कि योजनाएं खुद आम आदमी के दरवाजे तक पहुंचती थी। इस तरह के राजा थे सत्येंद्र पाठक जिनके राज मे वास्तव मे राम राज की अनुभूति होती थी।

### परिवार का दायित्व

सत्येंद्र पाठक एक अमीर खानदान के होनहार युवक है, जिन्हे समाज से मोह और गरीबों से प्यार हो गया था। यही बजह थी, की वह राजनीति मे आकर दौलत नही लोगों का आत्म विश्वास कमाया और कर्मयोगी से विभूषित हुए। कभी ऐसा भी समय आया की जन सेवा करते करते सत्येंद्र पाठक के पास पैसो का आभाव आया किन्तु वह न डरे न भयभीत हुए उन्होंने अपनो पर विश्वास कर चुनाव मैदान पर उतरे जिसका परिणाम भी सकरात्मक रहा। विजयी हुए बाबू जी फिर विधायक बने। सत्येंद्र पाठक की जित विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के हर व्यक्ति की जीत मानी जाती रही हर घर खुशी और उत्साह देखने को मिलता रहा। बाबू जी ने जितना प्रेम अपना पन छेत्र के लोगों को दिया उतना ही अपने परिवार को भी दिया परिवार का हर व्यक्ति बाबू जी के साथ खुशियो की फुलवारी सजाता रहा



जीवन के सफर मे पल पल यादो के पिरोता रहा। अचानक बाबू जी के स्वास्थ्य मे गिरावट आई और वह बिमार रहने लगे किन्तु अस्वस्थ रहते हुए भी उन्हे भी उन्होंने परिवार और क्षेत्र की चिंता नही छोडी हमेशा पुत्र संजय को दाईतवो का निर्वाहन करने के लिए प्रेरित करते रहे एक ऐसा भी दौर गुजरा जब अपने दाईतवो का भार पुत्र को सौपा और कहा की हर पिता अपने पुत्र को धन दौलत जमीन जायदाद देता है मैं तुम्हें अपनो का दुख दर्द भी साथ देता हूँ इनका दुख दर्द तुम अपना समझना इन्हें कभी कोई दुख तकलीफ न होने देना यही मेरी इक्षा है। बाबू जी के बचनो को गाठ मे बाध विरासत मे मिली सौगात के साथ पुत्र संजय पाठक बाबू जी की निगाहो से लोगों का दुख दर्द समस्या देखते हुए बाबू जी के सपनो पूरा कर रहे हैं। पंडित सत्येंद्र पाठक की तपस्या और लगन देख बिचलित होने की बजाए खुशी-खुशी साथ देती रही एक हम सभर की तरह निर्मला शर्मा जिन्हे आज सब मम्मी जी के रुप मे जानते हैं मम्मी जी ने बाबू जी के सपनों को पूरा करने के लिए अपनो सपनो की अहुति दे दी। बच्चो के पालन पोषण के साथ घर तक पहुचने वाले प्रत्येक क्षेत्र के लोगों की आवभगत मे कोई कमी नही छोडी। पंडित सत्येंद्र पाठक को उनके अपनो ने बब्बर शेर की उपाधि दे रखी थी किन्तु मम्मी जी निर्मला शर्मा को देवी स्वरूप लक्ष्मी का औतार माना जाता रहा। समय के साथ बाबू जी मे बदलाव आया वह बच्चों के सामने बच्चे बन जाते रहे जो बच्चे कल तक उनके इसारो मे दौडते रहे समय के बदलाव मे बाबू जी बच्चों के हिसाब से चलने लगे। तब उस वक्त संजय पाठक को राजनीति और व्यापार की जिम्मेदारी बाबू जी ने दे दी ताकि वह देख सके की संजय अपनी जिम्मेदारियों को किस कदर निभा पाते हैं। संजय ने राजनीति मे जौहर दिखाना प्रारंभ किया तथा परिवारिक आयोजनों मे चार चाद लगा बाबू जी के विश्वास पर खरा उतरने की तस्वीर भी दिखाई बाबू जी की सोच से चार कदम आगे बढते रहे संजय सत्येंद्र पाठक ने जब विजयराघवगढ़ विधानसभा की बागडोर सभाली उस वक्त बाबू जी की खुशी की कोई सीमा नही रही उन्होंने फिर संजय पाठक को अपने दाईतवो की याद दिलाई और कहा इस विधानसभा को मैने अपने खून से सिचा है इसकी हिफाजत तुम्हारी जिम्मेदारी है लोग कुछ भी कहे या करे लेकिन तुम अपनो का साथ कभी नही छोडना मम्मी जी को भी यही संदेश देते हुए बाबू जी ने कहा था की संजू का साथ एक मा के साथ-साथ एक पिता की तरह देना उसके कदमो मे कभी काटे न लगे हमने बडे ही नाजो से पाला है उसे मखबल के बिछोने दिए इसके जीवन मे कभी मेरी कमी महसूस मत होने देना।

### संजय पाठक का सफर

विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र आज शेर के बेटे पाठक जी के लल्ला के रूप मे जाने जाते हैं संजय पाठक की पहचान देश विदेश में उनकी ही काबिलियत कि वजह से है किन्तु आज भी मध्यप्रदेश मे राज मंत्री सत्येंद्र पाठक के नाम से ही जाने जाते हैं जब कभी संजय दुनिया के काम काज से थक हार कर एकान्त मे बैठते हैं तो अपने आस पास बाबू जी की अनुभूति करते है। बाबू जी के सपनो को पूरा करते करते बाबू जी कि ही तरह बन चुके संजय सत्येंद्र पाठक कही न कही अकेले हो गये दुनिया आज जिनके कदमों में हो सारे अपने साथ हो किन्तु एक पिता के जाने के बाद की जिम्मेदारी पिता की कमी का अहसास कराती है। हर कार्य पुत्र संजय के या नाती यश कार्य तो बाबू जी का ही किया जाता है सपने तो साकार बाबू जी के ही होते हैं। दौर चलता रहेगा कारवां बदलते रहेगे दिवारों पर लिखे नाम दिलो पर हमेशा दमकते रहेगे।

# डीसी का लक्ष्य केकेआर के खिलाफ जोरदार वापसी करना




**नयी दिल्ली (वार्ता)।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) मंगलवार को यहां अरुण जेटली स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 48वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की मेजबानी करते हुए जोरदार वापसी करना चाहेगी। अक्षर पटेल की अगुवाई में दिल्ली कैपिटल्स ने अभी तक सफल और खेल का आनंद लिया है। डीसी ने नौ मैचों में से छह जीत दर्ज करते हुए शीर्ष चार में जगह बना रखी है। इसके विपरीत, गत विजेता केकेआर ने निरंतरता हासिल करने के लिए संघर्ष किया है। केकेआर ने नौ मैचों में से केवल तीन मैचों में जीत हासिल की है और अंक तालिका में वह सातवें स्थान पर है।

**बेंगलुरु इस बार आईपीएल में मजबूत टीम**-डीसी पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से छह विकेट से हारने के बावजूद इस बार आईपीएल में मजबूत टीम के तौर पर देखी जा रही है। केएल राहुल ने विशेष रूप से टी20 प्रारूप में अपना फॉर्म फिर से हासिल किया है। राहुल ने 52 की औसत से अभी तक 369 रन बनाए हैं, जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं। शीर्ष पर उनका योगदान विस्फोटक बल्लेबाज अभिषेक पोरेल और अनुभवी फाफ डु प्लेसिस के साथ महत्वपूर्ण होगा, जो इलेवन में वापसी कर रहे हैं। दिल्ली के गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई अनुभवी मिशेल स्टार्क और चाइनामैन कुलदीप यादव करेंगे। जहां स्टार्क के नाम 11 विकेट हैं, वहीं कुदीप ने सिर्फ 6.55 की अपनी इकॉनमी रेट से सबको प्रभावित किया है और बीच के ओवरों में एक महत्वपूर्ण साबित हुए हैं।

**संघर्ष करती नजर आ रही है केकेआर**-इसके विपरीत, केकेआर इस बार संघर्ष करती नजर आ रही है। पंजाब किंग्स के खिलाफ उनका पिछला मैच उनकी पारी की संक्षिप्त शुरुआत के बाद बारिश के कारण रद्द हो गया था, जिससे उन्हें एकमात्र अंक मिला। टीम की कप्तानी कर रहे रहाणे 271 रनों के साथ उनके प्रमुख रन-स्कोरर बने हुए हैं, लेकिन रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल सहित मध्य क्रम लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहा है। कोलकाता के खेमे में उनकी गेंदबाजी इकाई को लेकर भी चिंताएं हैं। वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा और वैभव अरोड़ा ने 11-11 विकेट चटकाए हैं, लेकिन महत्वपूर्ण मौकों पर आक्रमण में कमी दिखी है। ऑलराउंडर सुनील नरेन कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक रहे हैं, जिन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से योगदान दिया है। आमने-सामने के मुकाबलों में, केकेआर को डीसी पर थोड़ा फायदा है।




# लंदन मैराथन ने सबसे अधिक फिनिशरों का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

**लंदन, (वार्ता)।** लंदन मैराथन 2025 ने अपने 45वें संस्करण के दौरान मौसम गर्म रहने के बावजूद फिनिशरों की संख्या के लिए एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। रविवार शाम को 26.2 मील की दूरी तय करने वाले धावकों की संख्या ने गत नवंबर में न्यूयॉर्क मैराथन द्वारा स्थापित 55,646 के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। रात को यह संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। लंदन मैराथन इवेंट्स के मुख्य कार्यकारी ह्यूग ब्रैशर ने कहा, टीसीएस लंदन मैराथन दुनिया की सबसे बड़ी मैराथन है, और अब यह आधिकारिक तौर पर दुनिया की सबसे बड़ी मैराथन है। आज की भावनाओं को शब्दों में बयां करना मुश्किल है। सड़कों पर खड़े लाखों लोगों का समर्थन अभूतपूर्व रहा है और यह उन प्रतिभागियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है जो इतने सारे अच्छे उद्देश्यों के लिए दौड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, टीसीएस लंदन मैराथन बेजोड़ है।

इस दिन की भावना और दौड़ने से लोगों को मिलने वाले लाभ लोगों के जीवन को बदल सकते हैं। हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक लोग उस भावना को साझा करें, इसलिए यदि कोई आज जो कुछ भी देख रहा है, उससे प्रेरित हुआ है, तो अब 2026 टीसीएस लंदन मैराथन के लिए मतदान करने का समय है।

# वेल्च और विलियम्स के अर्धशतकों से जिम्बाब्वे ने बनाये 225 रन

**चटगांव (वार्ता)।** निक वेल्च (54) और शॉन विलियम्स (67) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से जिम्बाब्वे ने बंगलादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन सोमवार को स्टंप के समय तक नौ विकेट पर 225 रन बना लिये है। आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश के लिए ब्रायन बेनेट और बेन कर्रन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। 11वें ओवर में तनजीम हसन साकिब ने ब्रायन बेनेट (21) को आउट कर बंगलादेश को पहली सफलता दिलाई। तैजुल इस्लाम ने बेन कर्रन (21) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद निक वेल्च और शॉन विलियम्स ने बंगलादेश के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। दोनों बल्लेबाजों के बीच अभी 90 रन की साझेदारी हुई थी कि 68वें ओवर में निक वेल्च (54) रिटायर्ड नॉटआउट करार दिये गये। हालांकि 85वें ओवर में तैजुल ने उन्होंने बोल्ड आउट किया। बल्लेबाज बंगलादेशी गेंदबाजी आक्रमण के आगे जिम्बाब्वे के बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके। कप्तान क्रेग एर्विन (पांच) रन और शॉन विलियम्स (67) को नईम हसन ने आउट कर जिम्बाब्वे को दो बड़े झटके दिये। वेस्ली मधेवेरे(15), वेलिंग्टन मसाकाट्जा (छह) और रिचर्ड एन्गरावा (शून्य) को तैजुल इस्लाम ने आउट किया।

# आरसीबी के खिलाड़ियों के सिर पर सजी ऑरेंज, पर्पल कैप



**नयी दिल्ली (वार्ता)** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के संस्करण आगे बढ़ने के साथ-साथ ऑरेंज और पर्पल कैप की दौड़ भी बेहद दिलचस्प होती जा रही है अभी आरसीबी के खिलाड़ियों के सिर पद यह दोनों कैप सजी हुई है। रविवार को खेले गये डबल हेडर मुकाबले के बाद लिस्ट पूरी तरह से बदल चुकी है। जहां मुंबई और लखनऊ के मैच के दौरान पहले ऑरेंज कैप सूर्यकुमार के सिर पर सजी थी। वहीं, दिल्ली और बेंगलुरु का मैच खत्म होने के साथ ऑरेंज कैप पर विराट कोहली के पास पहुंच गई। वहीं पर्पल कैप की बात की जाये तो इस पर भी आरसीबी के खिलाड़ी का ही कब्जा बरकरार है।

आरसीबी के जोश हेजलवुड अभी तक सबसे अधिक 18 विकेटों के साथ इस सूची पर शीर्ष पर बने हुए हैं।

आरसीबी के खिलाड़ी विराट कोहली दस मैचों में 443 रन बनाकर ऑरेंज कैप उनकी सिर पर सजी हुई है। जबकि मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव 10 मैचों में 427 रन के साथ दूसरे पर, गुजरात जॉइंटस के बी साई सुदर्शन आठ मैचों में 417 बनाकर तीसरे स्थान पर, दस मैचों में लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन 404 के साथ चौथे और लखनऊ सुपर जायंट्स के मिचेल मार्श नौ मैचों में 378 रन के साथ पांचवें स्थान पर हैं।

पर्पल कैप पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के गेंदबाज का दबदबा है। जोश हेजलवुड ने 10 मैचों में 18 विकेट हासिल किए हैं। दूसरे नंबर पर गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध कृष्णा हैं, जिन्होंने 16 विकेट लिए हैं।

# केएल राहुल टी20आई में वापसी करेंगे: पीटरसन

नयी दिल्ली, (वार्ता)। इंग्लैंड के महान खिलाड़ी केविन पीटरसन का मानना ??है कि भारतीय अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल ने पिछले कुछ वर्षों में सफेद गेंद से अपने खेल में काफी सुधार किया है और उन्हें भारत की टी20आई टीम में वापसी के लिए विचार किया जाना चाहिए। हाल के दिनों में 50 ओवर के क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से राहुल एक रहे हैं, दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 2023 में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में अपनी टीम की मदद करने और इस साल की शुरुआत में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में टीम को सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पीटरसन ने कहा कि लेकिन 33 वर्षीय इस खिलाड़ी ने 2022 में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में एडिलेड में इंग्लैंड से सेमीफाइनल में भारत की हार के बाद से अपने देश के लिए टी20आई स्तर पर हालांकि सबसे छोटे प्रारूप में कुछ बेहतरीन घरेलू फॉर्म के बावजूद अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। राहुल पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के संस्करण में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए 520 रन बनाकर सातवें सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे और इस साल वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए कुछ बेहतरीन पारियों के बाद रन चार्ट में शीर्ष पर बने हुए हैं।

# तेलों में नरमी, दलहन घटे, दाल-चावल में तेजी

इंदौर (वार्ता)।



सियागंज किराना बाजार में शक्कर में मांग से तेजी हुई। खाद्य तेलों के भाव नरमी लिए बताए गए। आज सोयाबीन रिफाइंड सस्ता बिका। तिलहन में लिवाली रही। दलहन मंदी लिए रहे। दालों में मांग से भाव बने रहे। चावल में उठाव बढ़ा बताया गया। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में उठाव से तेजी हुई। शक्कर में चार गाड़ी की आवक हुई। खोपरा बूरा दिसावर के साथ बना रहा। खोपरा गोला तथा हल्दी में खरीदी रही। खाद्य तेलों में खरीदी सुस्ती से गिरावट दर्ज की गई। आज सोयाबीन रिफाइंड सस्ता बिका। तिलहन में उठाव? बना बताया गया। संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन जिन्सों में नरमी रही। आज मसूर बढ़कर बिकी। दालों में उठाव बताया गया। चावल में पूछपरख निकलने से तेजी हुई ।शक्कर 4200 से 4240 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 190 से 240 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 4000 से 6000 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 180 से 270 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 4800 से 5000, पैकिंग में 5400 से 5500 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों निमाड़ी 6500 से 6600 सोयाबीन 4300 से 4350 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल इंदौर 1310 से 1330, सोयाबीन रिफाइंड 1245 से 1250, साल्वेंट 1175 से 1180, पाम तेल 1315 से 1320 रुपये प्रति 10 किलो।

चना कांटा 6000 से 6050, चना विशाल 5700 से 5750, मसूर 6150 से 6200, तुअर निमाड़ी 6400 से 6900, तुअर (महाराष्ट्र सफेद) 6800 से 6900, तुअर, (महाराष्ट्र लाल) 7000 से 7200, तुअर (कर्नाटक) 7100 से 7200, मूंग 7800 से 7850, मूंग हल्की 7000 से 7500, उड़द 8000 से 8200, हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल।

चना दाल 7200 से 8000, तुअर दाल सवा नंबर 9300 से 9500, तुअर दाल फूल 9900 से 10000, तुअर दाल बोल्ड 10900 से 11400, आयातित तुअर दाल 8100 से 8200, मसूर दाल 7600 से 7900, मूंग दाल 8700 से 9300, मूंग मोगर 9600 से 10000, उड़द दाल 8900 से 9300, उड़द मोगर 9900 से 10300 रुपये प्रति क्विंटल। बासमती 10500 से 11500, तिबार 9000 से 10000, दुबार 8000 से 8500, मिनी दुबार 7000 से 7500, मोगरा 4000 से 6500, बासमती सैला 6500 से 9000, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7000, दूबराज 4000 से 4500, परमल 3400 से 3500, हंसा सैला 3500 से 3700, हंसा सफेद 2900 से 3100, पोहा 4500 से 5100 रुपये प्रति क्विंटल। रवा 1700, मैदा 1650, आटा 1650, दलिया 1800, चना बेसन 4000 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

# जियो गोल्ड 24के डेज़ लॉन्च

## हर खरीददारी पर मिलेगा दो प्रतिशत तक मुफ्त सोना

**मुंबई, (वार्ता)।** निवेश क्षेत्र की प्रमुख कंपनी जियो फाइनेंस ने अक्षय तृतीया के अवसर पर सोना खरीदने की परंपरा को और खास बनाते हुए जियो गोल्ड 24के डेज़ लॉन्च किया है। कंपनी ने सोमवार को बयान जारी कर बताया कि 29 अप्रैल से 05 मई, 2025 तक चलने वाले इस विशेष ऑफर के तहत ग्राहक जियोफाइनेंस और मायजियो ऐप के माध्यम से डिजिटल सोना खरीदते समय अतिरिक्त मुफ्त सोना पा सकते हैं। जियो ने बताया कि इस ऑफर के तहत एक हजार रुपये से 9999 रुपये तक के डिजिटल सोने की खरीद पर ग्राहक ऑफर कोड जेआईओगोल्ड1 का उपयोग कर एक प्रतिशतमुफ्त सोना प्राप्त कर सकते हैं। इसी तरह 10 हजार रुपये से अधिक की खरीददारी पर प्रोमो कोड जेआईओगोल्डएटी100 का इस्तेमाल कर दो प्रतिशत मुफ्त सोना मिलेगा।




# आईडीबीआई बैंक का तिमाही मुनाफा 25.4 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई (वार्ता)।

आईडीबीआई बैंक लिमिटेड का 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में सकल शुद्ध मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 1,655.09 करोड़ रुपये के मुकाबले 25.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 2,072.01 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने सोमवार को शेयर बाजार को बताया कि 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसे 2,072.01 करोड़ रुपये का सकल शुद्ध मुनाफा हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही के 1,655.09 करोड़ रुपये के मुकाबले 25.4 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में उसकी कुल आय में भी 14.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 7,955.95 करोड़ रुपये से बढ़कर 9,089.81 करोड़ रुपये हो गई। इसी तरह उसका कुल व्यय भी 5,749.56 करोड़ रुपये से बढ़कर 5,862.84 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बैंक ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में उसका सकल शुद्ध मुनाफा 7,630.68 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2023-24 के 5,788.11 करोड़ रुपये के मुकाबले 31.8 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान उसकी कुल आय 30,370.42 करोड़ रुपये से 12.14 प्रतिशत बढ़कर 34,058.75 करोड़ रुपये और कुल व्यय 20,596.75 करोड़ रुपये से 11.06 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 22,875.56 करोड़ रुपये हो गया।

कंपनी के निदेशक मंडल ने अपनी बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रति शेयर 2.1 रुपये के अंतिम लाभांश का प्रस्ताव किया है, जो पिछले वर्ष के प्रति शेयर 1.5 रुपये के लाभांश की तुलना में बढ़ाया गया है। यह प्रस्तावित लाभांश शेयरधारकों की मंजूरी के लिए आगामी वार्षिक आम बैठक में रखा जाएगा। उसने बताया कि इस प्रस्तावित लाभांश के प्रभाव को 31 मार्च, 2025 और 31 मार्च, 2024 की तिथि पर पूंजी पर्याप्तता अनुपात की गणना में पूंजी निधि निर्धारित करने में शामिल किया गया है।



# सोना में गिरावट, चांदी महंगी

**इंदौर (वार्ता)।** स्थानीय सर्राफा बाजार में सोना सस्ता बिका। आज चांदी में तेजी हुई। कामकाज में चांदी सिक्का स्थिर रहा। विदेशी बाजार में सोना 3296 डालर व चांदी 3304 सेंट प्रति औंस बिकी। उल्लेखनीय है कि सोना- चांदी के भाव में देर रात तक फेरबदल होता रहता है। सोना 97000 रुपये प्रति 10 ग्राम। चांदी 98000 रुपये प्रति किलोग्राम। चांदी सिक्का 1100 रुपये प्रति नग।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर


**नई दिल्ली (वार्ता)।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर है।

# रिलायंस के मजबूत नतीजे से बाजार को लगे पंख

मुंबई, (वार्ता)

पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के बावजूद उद्योगपति मुकेश अंबानी की पेट्रोलियम समेत विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के मजबूत तिमाही परिणाम की बदौलत आरआईएल समेत 23 कंपनियों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार को पंख लग गए। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1005.84 अंक अर्थात 1.27 प्रतिशत की छलांग लगाकर 80,218.37 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 289.15 अंक यानी 1.20 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24328.50 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.34 प्रतिशत उछलकर 43,097.01 अंक और स्मॉलकैप 0.39 प्रतिशत चढ़कर 48,193.46 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4179 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1958 में लिवाली जबकि 2038 में बिकवाली हुई वहीं 183 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए 2992 कंपनियों के शेयर रखे गए, जिनमें से 1532 में तेजी जबकि 1375 में गिरावट रही वहीं 85 के भाव स्थिर रहे। आरआईएल का 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में सकल शुद्ध मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही के 21243 करोड़ रुपये के मुकाबले 6.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 22611 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इससे निवेश धारणा मजबूत हुई और बीएसई के 19 समूह उछल गए। इस दौरान ऊर्जा 3.02, कमोडिटीज 0.80, सीडी 0.96, एफएमसीजी 0.18, वित्तीय सेवाएं 0.99, हेल्थकेयर 1.60, इंडस्ट्रियल्स 1.53, दूरसंचार 0.16,




यूटिलिटीज 1.03, ऑटो 1.65, बैंकिंग 1.53, कैपिटल गुड्स 1.93, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.08, धातु 1.59, तेल एवं गैस 2.90, पावर 1.03, रियल्टी 1.41, टेक 0.02 और सिर्वेसेज समूह के शेयर 0.99 प्रतिशत मजबूत रहे।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.39, जर्मनी का डैक्स 0.83 और जापान का निक्केई 0.38 प्रतिशत चढ़ गया जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 0.04 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.20 प्रतिशत उतर गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 131 अंक की तेजी के साथ 79,343.63 अंक पर खुला लेकिन थोड़ी देर बाद ही मामूली गिरावट के साथ 79,341.35 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर बाद यह 80,321.88 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 79,212.53 अंक के मुकाबले 1.27 प्रतिशत उछलकर 80,218.37 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी भी 31 अंक बढ़कर 24,070.25 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,054.05 अंक के निचले जबकि 24,355.10 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,039.35 अंक की तुलना में 1.20 प्रतिशत मजबूत होकर 24,328.50 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स में रिलायंस के शेयर सबसे अधिक 5.27 प्रतिशत प्रतिशत की उछाल पर रहे। साथ ही सन फार्मा 3.08, टाटा स्टील 2.42, एसबीआई 2.36, एक्सिस बैंक 2.35, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.29, टाटा मोटर्स 2.06, एलटी 1.70, आईसीआईसीआई बैंक 1.69, अडानी पोर्ट्स 1.61, मारुति 1.41, एनटीपीसी 1.38, कोटक बैंक 1.05, इंडसइंड बैंक 1.00, एशियन पेंट 0.92, पावरग्रिड 0.59, एचडीएफसी बैंक 0.47, टाइटन 0.22, भारती एयरटेल 0.16, आईटीसी 0.15, इंफोसिस 0.14, बजाज फिनसर्व 0.13 और टेक महिंद्रा के शेयरों ने 0.07 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। वहीं, एचसीएल टेक 1.89, अल्ट्रासिम्को 1.05, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.52, इटरनल 0.48, नेस्ले इंडिया 0.42, बजाज फाइनेंस 0.21 और टीसीएस के शेयरों ने 0.21 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

# संविधान की रक्षा करना भी कांग्रेस की जिम्मेदारी : पटवारी

**संविधान को बचाने ग्वालियर से शुरू हुआ अभियान**



**ग्वालियर ।** रैली से पहले कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मौन रखकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि कांग्रेस ने देश को आजादी दिलाई, संविधान बनाने में भूमिका निभाई, इसलिए उसकी रक्षा करना भी कांग्रेस की जिम्मेदारी है। पटवारी ने कहा, आज जब संविधान पर हमले हो रहे हैं, तो राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में कांग्रेस इसका सबसे बड़ा संघर्ष कर रही है। देश में गरीबों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहा है, जो साफ संकेत है कि संविधान खतरे में है।

**सिंधिया ने चुनी हुई सरकार गिरा दी:**-कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ज्योतिरादित्य सिंधिया को लेकर कहा कि उन्होंने विधायकों को दल बदलवाकर एक चुनी हुई सरकार को गिरा दिया। उन्होंने कहा था कि वह सड़क पर उतरेंगे, क्योंकि उनका अपमान हो रहा है। उन्होंने इसे संविधान पर आघात बताया और आपके दिए हुए वोट को चुनौती दी। अगर यह संविधान खतरे में नहीं था, तो फिर और क्या था पटवारी ने कहा, आज वही ज्योतिरादित्य सिंधिया देश में मंत्री बने हुए हैं। उन्हें संविधान ने ही वह पद दिया है। जिस प्रकार संविधान उन्हें मंत्री बनने का अधिकार देता है, उसी प्रकार यही संविधान आपको भी आपकी संपत्ति, आपका मकान, आपकी दुकान, आपकी जमीन और आपकी जायदाद पर अधिकार देता है। इसलिए, उस पर मालिकाना हक आपका है, और यह अधिकार भी आपको संविधान से ही प्राप्त हुआ है।

**ज्योतिरादित्य गरीबों की जमीन छीन रहे:**-पटवारी बोले-संविधान ने यह अधिकार भी ज्योतिरादित्य सिंधिया को दिया कि राजमाता सिंधिया, जो उस समय विपक्ष की नेता थीं, उन्होंने जीवाजी कॉलेज (जूनियर सिटी) में अपनी जमीन दान की। उन्होंने माधव कन्या विद्यालय को भी अपनी जमीन दान में दी थी। लेकिन आज, उसी संविधान की ताकत के बल पर ज्योतिरादित्य सिंधिया मोतीमहल की जमीन को अपने अधिकार में लेना चाहते हैं। यह ताकत भी उन्हें संविधान ने ही दी है। यह भी संविधान की ही शक्ति है कि आप गरीबों की जमीन जो सरकार की थी उसे भी छीन रहे हैं। अगर यह संविधान न होता, तो मैं मानता हूं कि हमें यह संघर्ष करने और सभा करने की अनुमति भी नहीं मिलती।

**देशभर में संविधान बचाओ रैली :**-कांग्रेस ने फैसला किया है कि पूरे देश में संविधान बचाओ रैलियां आयोजित की जाएगी। मध्यप्रदेश में इस अभियान की शुरुआत आज ग्वालियर से हो रही है। इसके बाद प्रदेश के सभी जिलों और विधानसभा क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से रैलियां और जनजागरण अभियान चलाए जाएंगे।

**जिला और विधानसभा स्तर पर भी रैलियों का कार्यक्रम:**-जिला स्तरीय रैलियां : 3 से 10 मई सभी जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ता महंगाई, बेरोजगारी, कृषि संकट और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाएंगे।

विधानसभा स्तरीय रैलियां : 11 से 17 मई हर विधानसभा क्षेत्र में नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग और आम लोगों के अधिकारों पर हो रहे हमलों के खिलाफ जनजागरण अभियान चलेगा।

**घर-घर संपर्क अभियान :** 20 से 30 मई के बीच कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से संवाद करेंगे। विशेष जोर महंगाई, बेरोजगारी और संवैधानिक अधिकारों के हनन जैसे मुद्दों पर रहेगा। साथ ही अभियान का प्रचार साहित्य वितरित किया जाएगा और सोशल मीडिया के जरिए भी संवाद को सशक्त बनाया जाएगा।

## प्रदेश का हर कोना औद्योगिक उन्नति की धारा से जुड़े : डॉ. यादव

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 के संकल्प को साकार करने के लिए सभी विभागों और एजेंसियों को समन्वित प्रयास करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि वर्ष-भर के लिए तैयार किए गए कार्यक्रम कैलेंडर के अनुसार सभी गतिविधियों का कुशलतापूर्वक संचालन सुनिश्चित कर हर माह इनकी प्रगति की गहन समीक्षा करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में उच्च-स्तरीय बैठक में उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 में प्रस्तावित कार्यक्रमों और गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रत्येक आयोजन प्रदेश के संतुलित और समावेशी औद्योगिक विकास की दिशा में ठोस कदम साबित हो, ऐसे प्रयास किये जायें। उन्होंने कहा कि सेक्टर कॉन्क्लेव जैसे प्रमुख आयोजन उन्हीं स्थलों पर आयोजित किए जाएं, जहां औद्योगिक गतिविधियां स्वाभाविक रूप से संचालित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोजन केवल जिलों के मुख्यालयों तक सीमित नहीं रहें, बल्कि सुदूर अंचलों और औद्योगिक संभावना वाले क्षेत्रों में भी उनका विस्तार किया जायें, जिससे प्रदेश का हर कोना औद्योगिक उन्नति की धारा से जुड़ें।

## नर्मदा परिक्रमा पथ पर आश्रय स्थलों के निर्माण कार्यों में गति लाएं: पटेल



**मंत्रालय में पंचायत एवं ग्रामीण विकास की समीक्षा बैठक**

**भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि नर्मदा परिक्रमा पथ पर आश्रय स्थलों के निर्माण कार्यों में गति लाएं। उन्होंने पौधरोपण के फेंसिंग कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। सोमवार को मंत्रालय स्थित कार्यालय में मंत्री श्री पटेल ने विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर प्रमुख सचिव दीपाली रस्तोगी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री श्री पटेल ने निर्माणाधीन ग्राम पंचायत भवनों एवं सामुदायिक भवनों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए द्वितीय किश्त शीघ्र जारी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए, ताकि निर्माण कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण हो सके। इसके साथ ही, माह जुलाई में 23, 24 एवं 25 तारीख को विगत वर्ष की भांति तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया गया। मंत्री श्री पटेल ने कार्यशाला की रूपरेखा शीघ्र तैयार कर आवश्यक तैयारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री पटेल ने सभी अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के लिये भी निर्देशित किया। बैठक के दौरान भवन विहीन जिला एवं जनपद पंचायतों के लिए नवीन भवनों की स्वीकृति के लिए डिजाइन पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

## अगले आठ दिनों में प्रदेश के विभिन्न जिलों में लगेंगे उन्नत कृषि पर केंद्रित मेले : मुख्यमंत्री

**दमोह।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में अगले 8 दिनों में उन्नत कृषि पर केंद्रित मेले आयोजित किए जाएंगे। किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से यह मेले उन्नत तकनीक और बीज, आधुनिकतम उपकरणों व अन्य संसाधनोंए शासन की योजनाओं की जानकारी के साथ कृषि उद्यानिकी आदि के बेहतर प्रबंधन पर केंद्रित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से सौर पंप संचालन के लिए कुसुम सी योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने का आव्हान भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को जारी संदेश के माध्यम से यह अपील की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि वर्तमान में बिजली के बिना खेती संभव नहीं है। राज्य सरकार कृषकों को बिजली में आत्मनिर्भर करने जा रही है। किसान अपनी बिजली स्वयं बनाएंए इस उद्देश्य से कुसुम सी योजना का व्यापक क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। किसानों को बिजली सब्सिडी के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। यह एक तरह से किसान के जीवन में सरकार की ओर से बड़ी मदद होती है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि पंपों को सौर ऊर्जा से चलाने के लिए सौर पंप स्थापित करने में किसानों को सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

## नौ कुंडीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ 30 अप्रैल से 9 मई तक



**दमोह।** श्री श्री 1008 श्री मां हरसिद्धि मंदिर निर्माण सेवा व्यवस्था समिति दमोह द्वारा 18 कलश स्थापना श्री नौ कुंडी सहस्त्र चंडी महायज्ञ का भव्य आयोजन 30 अप्रैल से 9 मई तक किया जा रहा है। पंडित गोपालदास महाराज ने बताया कि 9 दिवसीय कार्यक्रम में 30 अप्रैल बुधवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर विशाल कलश यात्रा शहर के मुख्य मार्ग से निकली जाएगी। 1 मई गुरुवार को मंडापादि देव आवाहन एवं दुर्गा सप्तमी पाठ एवं हवन प्रारंभ 2 मई शुक्रवार मंडापादि देव पूजन शिखर कलश पूजन 3 में शनिवार को शिखर में 9 शेर के रथ पर सवार देवी जी का अनावरण एवं महा आरती 4 मई रविवार को रवि पुख्य योग में देवालय में विराजमान देवी देवताओं का सहस्त्रवार्चन पूजन 5, 6, 7, 8 मई को पूजन पाठ एवं हवन 9 में शुक्रवार को अमिजित मुहूर्त में यज्ञ की पूर्ण आहुति एवं कन्या भोज विशाल भंडारा के साथ समापन होगा इस अवसर एडवोकेट नारायण चक्रवर्ती बड़ी देवी माता मंदिर के अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह पार्षद राजा रौतेला सुनील राय पप्पू भाई मक्खन खटीक अनेक धर्म प्रेमी लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजीव राव साहब ने किया। इस अवसर पर सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। राजीव राव ने बताया कि इस यज्ञ में अनेक संतों को आमंत्रित किया है समय-समय पर संतों का आगमन होगा और यज्ञ के उपरांत सुबह-शाम भजन कीर्तन एवं प्रवचन का लाभ भी उपस्थित लोगों को मिलेगा।

## विद्यासागर पाठशाला का नवीन सत्र आयोजन के साथ प्रारंभ

**दमोह।** दमोह नगर के पारसनाथ दिगंबर जैन सिंघई मंदिर में आचार्य श्री विद्यासागर पाठशाला के नवीन सत्र का शुभारंभ अत्यंत भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं समाज के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का



शुभारंभ प्रात:काल बच्चों द्वारा अभिषेकए शांतिधारा एवं पूजन से हुआ। वहीं सायंकालीन सत्र में भक्तामर स्तोत्र का पाठ एवं 48 दीपकों से भगवान की महाआरती कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया गया। विशेष अवसर पर प्रमाणिक समूह द्वारा तैयार की गई शिशुशाला एवं कुमारशाला की नवीन पाठ्य पुस्तकों का लोकार्पण मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। साथ ही सत्र के शुभारंभ पर पाठशाला के मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया। पूर्व छात्रों एवं नवीन प्रवेशित छात्रों का भी विशेष सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। संचालन अनिमेष सिंघई द्वारा कुशलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## भागवत कथा के तृतीय दिवस सती चरित्र का रोचक प्रसंग



**दमोह।** कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग के मुखारविंद से दसोंदी धाम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा सुनाते हुए कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग ने बताया कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे है वहां आपकाए अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान न हो। कथा वाचक किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने कहा कि यदि अपने गुरूएइष्ट के अपमान होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों न हो। प्रसंगवश भागवत कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा था। भागवत कथा में उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए बाल व्यास जी ने समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। बलराममहाराज ने कहा कि व्यक्ति अपने जीवन में जिस प्रकार के कर्म करता है उसी के अनुरूप उसे मृत्यु मिलती है। भगवान ध्रुव के सत्कर्मो की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ध्रुव की साधनाएउनके सत्कर्म तथा ईश्वर के प्रति अटूट श्रद्धा के परिणाम स्वरूप ही उन्हें वैकुंठ लोक प्राप्त हुआ। कथा के दौरान किशोरी जी ने बताया कि संसार में जब-जब पाप बढ़ता है, भगवान धरती पर किसी न किसी रूप में अवतरित होते हैं। उन्होंने कहा कि कलयुग में भी मनुष्य सतयुग में भगवान कृष्ण के सिखाए मार्ग का अनुसरण करे तो मनुष्य का जीवन सफल हो सकता है। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है। किशोरी ने बताया कि भागवत कथा की सभी व्यवस्थाएं नगर के द्वारा सामूहिक रूप से की जा रही है। भागवत पुराण पर दिए जा रहे प्रवचनों को सुनने के प्रति जनता में अपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। भागवत कथा के तीसरे दिन ध्रुव चरित्र अजामिल एवं प्रहलाद चरित्र के विस्तार पूर्वक वर्णन के साथ संगीतमय प्रवचन दिए मंगलवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। मुख्य यजमान दसोंदी धाम एवं समस्त ग्रामवासी ने कथा श्रवण करने की अपील की है।



## राज्यमंत्री पटेल ने नागरिकों की समस्याओं को सुना

**दमोह।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने सोमवार को दमोह जटाशंकर के समीप स्थित कार्यालय पर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## किसानों को आर्थिक रूप से समृद्धि करने सरकार प्रतिबद्ध : राजपूत

**किसानों की समृद्धि के लिए सरकार का संकल्प, सागर में जिला स्तरीय मिलेट्स फूड फेस्टिवल का शुभारंभ**



**भोपाल।** किसानों की आर्थिक उन्नति और आधुनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी, किसानों के नवाचार का सम्मान और मिलेट्स उत्पादन को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ सागर में दो दिवसीय जिला स्तरीय मिलेट्स फूड फेस्टिवल सह कृषि मेला का शुभारंभ हुआ। प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने मेले का उद्घाटन कर किसानों से संवाद किया। कार्यक्रम में सांसद श्रीमती लता वानखेडे, विधायक शैलेंद्र जैन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं किसान शामिल हुए। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि अब तक समर्थन मूल्य पर उपार्जन किए गए अनाज का 118 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। शेष भुगतान की प्रक्रिया भी तेजी से जारी है। किसानों को बारदाने की कमी न हो, इसके लिए विशेष पहल करते हुए सागर जिले के लिए दो स्पेशल ट्रेनें भेजी जा रही हैं। इससे उपार्जन में आ रही परेशानियों का समाधान होगा।

**नरवाई जलाने की प्रथा को बंद करें:**-मंत्री श्री राजपूत ने किसानों से अपील की कि वे खेतों में नरवाई जलाने की प्रथा को बंद करें। इससे भूमि की उर्वरकता खत्म होती है और पर्यावरण भी प्रदूषित होता है। उन्होंने किसानों को सुपरसीडर और हैप्पीसीडर जैसे यंत्रों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया, जो नरवाई को भूसे में बदलकर खेत में मिलाते हैं। मंत्री स्वयं प्रदर्शनी में इन यंत्रों पर बैठे और किसानों से इन तकनीकों को अपनाने की अपील की। मंत्री राजपूत ने कहा कि हमारे पूर्वज मोटे अनाज का सेवन कर स्वस्थ और दीर्घायु जीवन जीते थे। उन्होंने किसानों से मोटे अनाज (मिलेट्स) के उत्पादन और उपभोग को बढ़ाने का आग्रह किया।

**नवाचारशील किसानों का हुआ सम्मान:**-मंत्री श्री राजपूत ने सागर जिले के नवाचारशील किसान श्री आकाश चौरसिया और श्री आनंद जैन का उदाहरण देते हुए किसानों से अपील की कि वे इनके फॉर्म हाउस का अवलोकन करें और आधुनिक तथा प्राकृतिक खेती की तकनीकें सीखें। इस अवसर पर कई उन्नत किसानों को प्रमाण-पत्र, शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सागर जिले में आयोजित मिलेट्स फूड फेस्टिवल और कृषि मेले ने यह संदेश दिया कि सरकार किसानों की समृद्धि के लिए न केवल नीतियाँ बना रही है, बल्कि उन्हें जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए भी प्रयासरत है। प्राकृतिक खेती, मिलेट्स उत्पादन और सौर ऊर्जा जैसी पहलें भविष्य में किसानों की आर्थी?क स्थिति को और सशक्त बनाएंगी।

**स्वास्थ्य के साथ आमदनी भी बढ़ाएं:**-सागर संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती लता वानखेड़े ने भी किसानों को मिलेट्स उत्पादन को बढ़ावा देने तथा नई तकनीकों को अपनाकर आत्मनिर्भर बनने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया गया था, जिसके तहत देशभर में जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।

**प्राकृतिक खेती और सौर ऊर्जा को अपनाएं :**-विधायक शैलेंद्र जैन ने किसानों को सुझाव दिया कि वे रासायनिक दवाओं का कम से कम उपयोग करें और अधिक से अधिक औषधीय फसलों का उत्पादन करें। उन्होंने सौर ऊर्जा के उपयोग पर भी बल दिया। विधायक ने कहा कि सौर ऊर्जा से न केवल सिंचाई में सुविधा होगी, बल्कि बिजली की लागत भी बचेगी, जिससे किसानों की आमदनी दोगुनी हो सकती है।

**कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र:**-मेले में कृषि यंत्रों और तकनीकों की विशेष प्रदर्शनी लगाई गई थी। इसमें किसानों ने सुपरसीडर, हैप्पीसीडर, ड्रिप इरिगेशन सिस्टम, जैविक खाद निर्माण तकनीक सहित अन्य नवीनतम साधनों की जानकारी प्राप्त की।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, समूह नृत्य ने बांधा समां

**दमोह।** दमोह जिले के बटियागढ़ स्थित संस्कार माउंटेन स्कूल में रविवार को प्रथम वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि मंत्री पटेल के आगमन पर नन्हें छात्रों ने परेड ग्राउंड पर स्वागत किया। तत्पश्चात मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर फूल माला पहनाकर पूजा अर्चना अतिथियों तियों द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री लखन पटेल, नरेन्द्र व्यास, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेन्द्र कटारे, अरविंद पटेल, शिवांक असाटी और वेदराम पटेल मौजूद रहे। बच्चों ने नृत्य, भाषण, गीत और नाटक की प्रस्तुति दी।



अतिथियों और अभिभावकों ने बच्चों की प्रस्तुति का आनंद लिया। स्कूल के प्राचार्य सुरेन्द्र मिश्रा ने विद्यालय की स्थापना से लेकर दो वर्षों की यात्रा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आसपास के गांवों के अभिभावकों और छात्रों ने सहयोग की भावना से विद्यालय को आगे बढ़ाया है। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय परिवार ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ और फूलमाला से स्वागत किया। मौके पर कमल मिश्रा, राव ब्रिजेन्द्र सिंह, अमजद खान, प्रशांत जैन, शिक्षक-शिक्षिकाएं बच्चे और अभिभावक सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।


### कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)
**तृतीय निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविद की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | Tender ID 2025_UAD_ 419966_1 PRO 81 Date 28.4.2025 | संभाग क्र. 02 कछपुरा मदनमहल वार्ड अंतर्गत रेल सोसायटी कालोनी प्रेमनगर स्थित गार्डन के चारों ओर सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 02 माह 6.07 लाख | 2000/- 6066/- | 8.4.2025 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री नगर पालिक निगम जबलपुर**

## हितकारिणी लॉ कॉलेज में 'डिजिटल अरेस्ट' पर नेशनल सेमिनार

# धन को है बचाना...भय-लालच मत लाना: डॉ. वर्मा







### चित्रकूट, मंडला, शहडोल और बालाघाट के छात्रों ने भी की सहभागिता

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. राजेश कुमार वर्मा ने कहा है कि वर्तमान समय में साइबर अपराध पूरे देश में चिंता का विषय बना हुआ है, लिहाजा साइबर अपराध से बचने के लिए सजग रहना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी स्मार्ट होना है। डॉ. वर्मा हितकारिणी विधि महाविद्यालय में 'डिजिटल अरेस्ट' विषय पर आयोजित नेशनल सेमिनार को मुख्य अतथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जहां तकनीक ने हमें जोड़ने का काम किया है वहीं इसी तकनीक के माध्यम से अपराध भी नए रूप में हमारे सामने आ रहे हैं। पिछले कुछ समय में डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनायें तेजी से देखने को मिल रही है। इसमें हैकर खुद को पुलिस या अन्य सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर, लोगों को वीडियो कॉल या अन्य माध्यमों से डराकर पैसे ऐंठते हैं। कुलगुरु डॉ. वर्मा ने कहा- हैंकिंग, फिशिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर बुलिंग आदि दिखने में तो सामान्य डिजिटल अपराध हैं लेकिन इसके परिणाम बहुत गंभीर होते हैं। भय और लालच दिखाकर लोगों को साइकोलॉजिकली अरेस्ट कर ये अपराध किया जा रहा है। किसी भी अनजान व्यक्ति के द्वारा किए गए कॉल पर सतर्कता बरतने से डिजिटल अरेस्ट होने से बचा जा सकता है। डॉ. वर्मा ने कहा कि सेमिनार में जिले के पुलिस अधीक्षक भी मौजूद हैं जो आये दिन साइबर क्राइम के मामलों का सामना कर रहे हैं। लेकिन जबतक आप सभी का सहयोग नहीं मिलेगा तब तक वह अकेले कुछ नहीं कर सकेंगे। डॉ. वर्मा ने विधि के छात्रों से कहा कि- आप लोग सैनिक की तरह बनें, क्योंकि लीडर अकेले सिर्फ प्लान ही कर सकता है, उस पर आप सबको अमल करना होगा।

#### द्वितीय सत्र में पेपर प्रेजेंटेशन

सेमिनार के द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश मनीष सिंह ठाकुर तथा विशिष्ठ अतिथियों में डॉ. अश्विनी जायसवाल असिस्टेंट प्रोफेसर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, डॉ रिंकू कथूरिया प्राचार्य हितकारिणी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नालॉजी, श्रीमती शक्ति रावत जिला न्यायिक अधिकारी की मौजूदगी रही। इस सत्र में पेपर प्रेजेंटेशन भी किया गया। सेमिनार में 'डिजिटल अरेस्ट' विषय पर आधारित शोध छात्राओं की एक मैग्जीन का भी विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया।

#### इन जिलों से आए प्रतिभागी

चित्रकूट, मंडला, शहडोल और बालाघाट से आए हुए प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ सहभागिता की। इस अवसर पर हितकारिणी विधि महाविद्यालय की उप प्राचार्य डॉ भावना वर्मा, हितकारिणी महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नीलेश पांडे सहित मोनिका सिंह, यामिनी मिश्रा, अभिषेक नेमा, प्रशांत वर्मा, जॉली जैन, अश्विनी दोषी, राजेश सेन, शिवांगी गोलछा, स्वाति यादव, लोकेद्र सिंह, देवेंद्र पांडे, कीर्ति कोरी, नवीन जैन, उमेश गुप्ता, रामबाबू सहित स्टाफ और स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।

#### इन्होने भी किया संबोधित

सेमिनार को संबोधित करते हुये हितकारिणी सभा के अध्यक्ष पं. नित्यनिरंजन खम्परिया ने कहा कि यदि लोग अपने मन से लालच को निकाल दें तो साइबर अपराध होंगे ही नहीं। रादुविवि के विधि विभाग के प्रो. अश्विनी जायसवाल ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट और क्राइम हमारे जीवन की निजता, धन और सामाजिक प्रतिष्ठा पर सीधा अटैक करता है। इनसे मुकाबला करने के लिए जरूरत है जागरूकता, सावधानी और साइबर कानूनों के समझ की। डिजिटल अरेस्ट के मामले ज्यादातर पढ़ेलिखे और संभ्रांत परिवारों के सदस्यों के साथ घटित हो रहे हैं। अब हैकर्स मल्टिपल एकाउंट में पैसे भेजते हैं, जिससे रिकवरी होना मुश्किल हो जाता है। हितकारिणी सभा विद्या परिषद के सचिव एड जयेश राठौर ने कहा कि समय के साथ साथ साइबर अपराधों की श्रेणियां बदलती जा रही हैं। डिजिटल अरेस्ट और डिजिटल क्राइम दोनों ही हमारे समय की गंभीर समस्याएं हैं। एक हमें मानसिक रूप से कैद करता है तो दूसरा हमें आर्थिक और सामाजिक रूप से नुकसान पहुंचाता है। हमें सर्तक और सावधान रहकर ही साइबर हैकर्स के मंसूबों पर पानी फेरना होगा। हितकारिणी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नालॉजी की प्राचार्य डॉ रिंकू कथूरिया ने बताया कि अधिकतर मनी ट्रॉजेक्शन ऑनलाइन हो रहे हैं तो सावधानी भी ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमें तकनीक से डरना नहीं है, लेकिन सतर्क रहना है। सेमिनार के प्रारंभ में हितकारिणी विधि महाविद्यालय में शासी निकाय के अध्यक्ष एड. अशोक गुप्ता ने हितकारिणी सभा के इतिहास पर प्रकाश डाला। वहीं प्राचार्य डॉ. विकास सिंह ने साइबर सुरक्षा को एलएलबी के पाठयक्रम में शामिल करने का प्रस्ताव रखा।

फोटो: अनिल तिवारी

### जन जागरुकता जरूरी: विश्वमोहन

हितकारिणी सभा के सचिव बाबू विश्वमोहन ने कहा कि दिनोंदिन साइबर क्राइम का दायरा बढ़ता जा रहा है। विधि और पुलिस जगत के लोगों के लिए ऐसे अपराधों से निपटना एक चैलेंजिंग काम है। ऐसे अपराधों को रोकने के लिए लोगों में जागरूकता फैलाना जरूरी है और चूंकि हितकारिणी सभा समाज का एक अभिन्न अंग है इसलिए समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यह सेमिनार आयोजित किया गया है। बाबू विश्वमोहन ने कहा कि वैश्विक स्तर पर साइबर अपराधों में भारत टॉप 10 में शामिल है। एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं कि साइबर क्राइम से जुड़ी 5 हजार शिकायतें रोजाना दर्ज हो रही हैं। ऐसी ज्वलंत समस्या पर हितकारिणी विधि महाविद्यालय ने सेमिनार आयोजित कर सराहनीय कार्य किया है।

### ना डरें, ना लालच करें: एसपी

सेमिनार के विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि साइबर अपराधी द्वारा अलग-अलग तरीकों से लोगों को फंसाया जाता है। कभी मोबाइल या कंप्यूटर का डाटा हैक कर लिया जाता है तो कभी किसी ड्रा में जीते हुए पैसे देने का लालच दिया जाता है। कई बार मानसिक रूप से डराकर भी डिजिटल अरेस्ट करने के ममले सामने आए हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि, लोग भय और लालच के कारण साइबर अपराधियों का शिकार बन जाते हैं। उन्होंने बताया कि जो लोग मोबाइल और इटरनेट से विलंब से जुड़े होते हैं वही ज्यादातर साइबर अपराधियों की जाल में फंसते हैं।

---

## डॉ. रमेश तिवारी के निधन से शोक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



हितकारिणी सभा के सदस्य डॉ. रमेश तिवारी का सोमवार को रायपुर में 80 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रायपुर में ही सम्पन्न हुआ। उनके निधन से हितकारिणी सभा परिवार में शोक की लहर व्याप्त रही। सभी सभासदों व सदस्यों ने उनके निधन पर आत्मीय श्रद्धांजलि दी है। आप उप संचालक पद पर रहते हुये सेवानिवृत्त हुये थे। 7 कृष्णा कालोनी घमापुर जबलपुर में आपका मूल निवास है।

## आग से जलने पर वृद्धा की मौत

**जबलपुर।** बेलबाग थाने में विक्टोरिया अस्पताल से सूचना मिली 95 वर्षीय सोना बाई झारिया निवासी घोड़ा अस्पताल के सामने बेलबाग की आग से जल जाने के कारण उपचार हेतु भर्ती करायी गयी थी। जहां पर उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

### द रेड रन में अभिनेता जैकी श्राफ ने कहा 2035 तक

# थैलेसीमिया मुक्त भारत बनाने का लें संकल्प

#### थैलेसीमिया को रोकने का कार्य करने वाले समाजसेवी सम्मानित

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



फोर्टिस हॉस्पिटल गुरु ग्राम हरियाणा द्वारा द रेड रन का आयोजन किया गया। जिसमें मशहूर अभिनेता एवं थैलेसीमिया के ब्रांड एंबेसडर जैकी श्रॉफ मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस आयोजन में देश भर से विभिन्न संस्थाएं व समाजसेवियों ने हिस्सा लिया। जिसमें जबलपुर से भी थैलेसीमिया व सिकिलसेल से पीड़ितों के लिए काम करने वाली संस्थाएं व उनके पदाधिकारीगण गुरूग्राम में पहुंचे। फोर्टिस हॉस्पिटल के सीईओ डॉ रंगनाथन, डॉ राहुल भार्गव एवं बीएमटी के विशेषज्ञ डॉ विकास दुआ के सानिध्य में 5 किलोमीटर की मैराथन में थैलेसीमिया जनजागरण के लिए आयोजित हुई। जिसमें थैलेसीमिया जैसी बीमारी की रोकथाम एवं पीड़ितों की सेवा करने वाली संस्थाओं ने सभी को जागरूक किया और थैलेसीमिया की बीमारी को रोकने की अपील की।

***जबलपुर के सरबजीत हुये सम्मानित-*** थैलेसीमिया बीमारी को रोकने के लिए बनाए गए ब्रांड एंबेसडर जैकी श्राफ द्वारा सर्व समाज को संदेश दिया कि आप अपनी रक्त कुंडली मिला कर आने वाले बच्चों को इस बीमारी से मुक्त रखें, थैलेसीमिया माइनर कोई बीमारी नहीं पर दो माइनर से होने वाले बच्चे जरूर बीमार होते हैं, इसलिए गांव-गांव, शहर-शहर, मोहल्ले-मोहल्ले में प्रचार प्रसार कर 2035 तक इसका अंत करने सभी साथ आएं, क्योंकि यह किसी एक व्यक्ति या एक संस्था का कार्य नहीं है। आयोजन के दौरान जबलपुर में थैलेसीमिया के लिए काम करने वाले वाले दिशा वेलफेयर के संस्थापक सरबजीत सिंह नारंग व मध्य प्रदेश थैलेसीमिया जन जागरण समिति के प्रदेशाध्यक्ष विकास शुक्ला का सम्मान हुआ।



## भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर होंगे आयोजन

सिहोरा (स्वतंत्र मत)

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान श्री परशुराम का प्रकटोत्सव बड़े हनुमान मंदिर बुढ़ानसागर में आज धूमधाम से मनाया जाएगा। विप्रकुल के पं. राजेश त्रिपाठी, पं. ज्वाला प्रसाद दुबे एवं पौराणिक राघवेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव अभिषेक, शोभायात्रा एवं बुजुर्गों का सम्मान किया जाएगा। आयोजनकर्ताओं ने क्षेत्रीय विप्रो से उपस्थिति की अपील की है।









हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**